डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 07, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), गुरुवार, 13 जून 2024, वर्ष-30, अंक-235, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com






**सेंसेक्स**
76,606.57 ↑ +149.98

**डॉलर**
83.476 ↑ -0.111

**पलामू सर्राफा**
10 ग्राम 71,780
01 किलो 90,280

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

## झारखंड मंत्रालय में दूसरे दिन भी सीएम ने की विकास योजनाओं की समीक्षा

# अबुआ आवास, म्यूटेशन और रोजगार सृजन योजना की धीमी गति से सीएम बेहद नाराज

ब्यूरो रिपोर्ट

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने बुधवार को लगातार दूसरे दिन भी झारखंड मंत्रालय में कई विभागों के विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। इस मौके पर संबंधित विभाग के प्रधान सचिव, सचिव और प्रमंडलीय आयुक्तों के साथ जिलों के उपायुक्त भी मौजूद थे। समीक्षा बैठक में अबुआ आवास और रोजगार सृजन योजना की धीमी गति से सीएम चंपाई सोरेन ने असंतोष जताया और अधिकारियों के कार्य से काफी नाराज दिखें।

**अबुआ आवास योजना में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर होगी कार्रवाई :** समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन अबुआ आवास योजना को लेकर बेहद गंभीर दिखें, उन्होंने अधिकारियों को साफ संदेश दिया कि अबुआ आवास योजना किसी तरह की अनियमिता और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। सीएम ने कहा कि इस योजना के लाभुक गरीब और जरूरतमंद होते हैं । ऐसे में न्यूनतम दर पर उन्हें आवास निर्माण के लिए बालू जैसी निर्माण सामग्री उपलब्ध कराने की पहल करें। लाभुकों के चयन प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरतने का सीएम ने निर्देश दिया। जिन्हें अबुआ आवास आवंटित हो चुका है और उनका पहला चरण का कार्य संतोषजनक है तो उन्हें दूसरी किस्त की राशि जारी करें। सीएम ने अबुआ आवास योजना के तहत पहले चरण में स्वीकृत किए गए 2 लाख आवास और इसकी पहली किस्त की राशि जारी होने के उपरांत आवास निर्माण के प्रगति की जानकारी ली और इसमें तेजी लाने का निर्देश दिया।

**सभी पंचायत में 10 ड्रील नलकूपों लगाने का निर्देश :** मुख्यमंत्री ने स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा करते हुए अबुआ आवास योजना से शौचालय निर्माण योजना को जोड़ने का ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर






### म्यूटेशन में खराब परफॉर्म करने सीओ के खिलाफ कार्रवाई करें डीसी

म्यूटेशन और सुओ मोटो म्युटेशन मामलों से समीक्षा करते हुए सीएम चंपाई सोरेन ने कई जिलों के रिपोर्ट पर काफी नाराजगी जाहिर की। हजारीबाग, रांची , गिरिडीह और पलामू के कई अंचलों में म्यूटेशन के मामलों के निष्पादन की प्रक्रिया काफी खराब है। ऐसे में इन जिलों के खराब परफॉर्म करने वाले अंचलों को चिन्हित कर वहां के अंचल अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने का प्रस्ताव भेजें। सीएम सभी जिला के डीसी को निर्देश दिया कि अपने जिले के अंतर्गत आने वाले उन अंचलों को चिन्हित करें, जहां बिना किसी वजह के म्यूटेशन के मामले 90 दिनों से ज्यादा समय से लंबित हैं, उन्हें शो कॉज जारी करें और कार्रवाई का प्रस्ताव भेजे।

### रोजगार सृजन योजना में क्यों कम आ रहे आवेदन

मुख्यमंत्री ने रोजगार सृजन योजना की धीमी कार्य प्रगति पर असंतोष जताया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से पूछा कि आखिर क्यों मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के अंतर्गत कम आवेदन आ रहे है, कहां कमी रह गई है, अधिकारी इसकी समीक्षा करें । मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना बेरोजगार लोगों को स्वरोजगार से जोड़ने का एक महत्वकांक्षी योजना है। जो आवेदन आते हैं उसका शीघ्र निस्तारण करें। विभाग में आवेदन लंबित नहीं रहनी चाहिए। किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना का सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में भी व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें। विभाग साइकिल वितरण योजना में तेजी लाए। साइकिल वितरण के निर्धारित लक्ष्य को ससमय पूरा करना सुनिश्चित करें।

### डीएमएफटी फंड की राशि कम खर्च पर सीएम हुए नाराज

मुख्यमंत्री ने डीएमएफटी फंड की भी गहन समीक्षा की, जिसमें कई जिलों में फंड की राशि काफी कम खर्च की है। पाकुड़, गढ़वा, चतरा, रामगढ़ जिला सहित कई जिलों में डीएमएफटी की राशि का खर्च कम हुआ है, वहां के डीसी को सीएम ने अधिक से अधिक योजना लेकर फंड की राशि खर्च बढ़ाने का निर्देश दिया।

## एक नजर

### चंद्रबाबू नायडू ने ली आंध्र प्रदेश के सीएम पद की शपथ



**विजयवाड़ा (एजेंसी)।** तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू ने आंध्र प्रदेश के नए मुख्यमंत्री के रूप में बुधवार को शपथ ली। राज्यपाल सैयद अब्दुल नजीर ने कृष्णा जिले के केसरपल्ली में आयोजित समारोह में उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह में टीडीपी से 20, जनसेना पार्टी से पवन कल्याण समेत दो विधायकों और भाजपा से एक विधायक को मंत्री पद की शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, केंद्रीय स्वास्थ्य राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल, केंद्रीय मंत्री राममोहन नायडू एवं चिराग पासवान समेत कई प्रमुख लोग शामिल हुए। पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू और भाजपा के महामंत्री संगठन बीएल संतोष भी समारोह में मौजूद रहे। प्रधानमंत्री मोदी समेत मंच पर मौजूद मेहमानों ने चंद्रबाबू को शुभकामनाएं दीं। यह चौथी बार है, जब चंद्रबाबू ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। नायडू मंत्रिपरिषद में 10 मंत्री ऐसे है, जो पहली बार विधायक निर्वाचित हुए हैं। नायडू ने मंगलवार को एनडीए विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद राज्यपाल से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया था।

# गढ़वा में सहायक अभियंता रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने गढ़वा जिले के रंका थाना क्षेत्र के सहायक अभियंता (एई) सह प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी अनुज कुमार रवि को पांच हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। एसीबी ने बुधवार को बताया कि पीड़ित ने आवेदन दिया था कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत उन्हें एक डोभा मिला है, जो कि ग्राम डोल में है। उन्हें उनकी खेत में डोभा निर्माण करना है, जिसका वर्क कोर्ड संख्या-7080902616855 है। यह योजना कुल 4,96,000 रुपये का है, जिसमें मापी पुस्तिका में हस्ताक्षर करने के लिए अनुज कुमार रवि (सहायक अभियंता) ने पांच प्रतिशत घूस मांग रहे हैं और नहीं देने पर मापी पुस्तिका पर हस्ताक्षर नहीं कर रहे हैं। शिकायतकर्ता रिश्वत देकर काम नहीं करवाना चाहता था। मामले की जांच पुलिस निरीक्षक के जरिए कराया गया। जांच के दौरान मामला सत्य पाया गया। इसके बाद एसीबी की टीम ने रंगे हाथों पांच हजार रुपये रिश्वत लेते सहायक अभियंता को गिरफ्तार कर लिया।

# रांची में ब्राउन शुगर के छह सौदागर गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता




**रांची।** रांची पुलिस और लखनऊ आर्मी इंटेलीजेंस की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री करते चार महिलाओं सहित छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 11.27 ग्राम ब्राऊन शुगर, 90 हजार रुपये, छह मोबाइल, एल्यूमिनियम फॉयल का एक रोल, तीन एटीएम कार्ड और एक अधार कार्ड बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपितों में रांची के गोंदा थाना निवासी आरती देवी, शुगन देवी, मुंबई के शांताक्रुज निवासी नीतु नन्द किशोर, नन्द किशोर मिस्त्री, रांची के लालपुर थाना निवासी पृथ्वी कुमार और लोहरदगा के कुडू थाना निवासी प्रियंका कुमारी शामिल हैं।

एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि बारियातू क्षेत्र के रामेश्वरम लेन के पास कुछ लोगों के जरिये ब्राऊन शुगर की खरीद-बिक्री की जा रही है। सूचना के बाद सदर डीएसपीसंजीव कुमार बेसरा के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने लखनऊ मिलिट्री इंटेलिजेन्स की ईकाई के साथ उस स्थान का घेराबंदी कर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान कमरे में मौजूद सभी छह लोग, जिसमें चार महिला और दो पुरुष ब्राऊन शुगर के पाउडर को एल्यूमिनियम फॉयल में लपेट कर छोटी-छोटी पुड़िया बना रहे थे। इसके बाद पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर लिया।

एसएसपी ने बताया कि छापेमारी टीम में बरियातू थाना प्रभारी सुरेश मंडल, भानु कुमार भारती, लखनऊ मिलिट्री इंटेलिजेन्स की ईकाई, रेणुका टुडू, सुषमा कुमारी, शिवानी कुमारी सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

## आज कल




# कुवैत के अपार्टमेंट में लगी भीषण आग में कई भारतीयों की मौत; विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जताया शोक

### कुवैत की एक इमारत में आग लगने से कई भारतीय समेत दर्जनों लोगों की मौत



**कुवैत (एजेंसी)।** कुवैत में एक इमारत में भीषण आग में 41 लोगों की मौत हो गई है। खबर है कि इनमें से कई भारतीय भी शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार सुबह कुवैत के दक्षिणी अहमदी प्रांत के मंगफ इलाके में छह मंजिला इमारत की रसोई में आग लग गई थी। जिस इमारत में यह भीषण आग लगी, उसमें 160 लोग मौजूद थे और सभी एक ही संस्थान में काम करते हैं। बताया गया है कि इन मजदूरों में कई भारत के रहने वाले थे।

**भारतीय दूतावास ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर :** कुवैत स्थित भारतीय दूतावास ने इसे लेकर हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। दूतावास का कहना है कि इस अग्निकांड में भारतीयों की मौत के संबंध में जानकारी हासिल करने के लिए +965-65505246 हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क किया जा सकता है। दूतावास की तरफ से हर संभव मदद का एलान किया गया है।

**विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जताया दुख :** भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कुवैत में आग की घटना से आहत हूं। इस घटना में 40 लोगों की मौत और 50 लोगों के अस्पताल में भर्ती होने की खबर है। हमारे राजदूत शिविर में गये हैं। हम आगे की जानकारी का इंतजार कर रहे हैं। विदेश मंत्री ने इस हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने आशा जताई है कि जो लोग घायल हुए हैं वे जल्द ही पूर्ण स्वस्थ होंगे। बता दें कि कुवैत में करीब 10 लाख भारतीय रहते हैं, जिनमें से करीब 9 लाख ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# कठुआ में मुठभेड़, दूसरा आतंकी भी ढेर, सीआरपीएफ जवान शहीद

### हथियार और एक लाख नकदी बरामद



**हीरानगर/कठुआ।** जम्मू संभाग के जिला कठुआ की तहसील हीरानगर के गांव सैडा सोहल में बुधवार दूसरे दिन फिर आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ हुई। सुरक्षाबलों ने दूसरे आतंकी को भी ढेर कर दिया है। पुलिस, एसओजी, सीआरपीएफ, सेना के जवानों ने इलाके की घेराबंदी की हुई है। तलाशी अभियान चल रहा है। एडीजीपी जम्मू आनंद जैन ने यह जानकारी दी है। एडजीपी ने कहा कि हीरानगर में हुई मुठभेड़ में बहादुर जवानों ने दोनों आतंकी मार गिराए हैं। हालांकि ऑपरेशन अभी चल रहा है। इलाके में किसी अन्य आतंकी के छिपे होने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है। ऐसे में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। आसपास के इलाके में भी तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। बताया जा रहा है कि ड्रोन से भी घटनास्थल पर नजर रखी जा रही थी। इसी दौरान आतंकी की मौजदूगी का पता चला। इसके ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## इंडिया




सुनील बादल

*शिक्षा में अग्रणी राज्य केरल ने पढ़ने की आदत विकसित करने के लिए केरल के सभी स्कूलों की हर क्लास में बच्चों को मुफ्त में अखबार दिए जाने की तैयारी शुरू की है।*

# पेशेवर और स्वरोजगार के लिए कब शुरू होगी शिक्षा ?

भारत में सबसे ज्यादा प्रयोग शिक्षा के क्षेत्र में हुए हैं और कभी शिक्षा दान की अवधारणा अब व्यापार का रूप ले चुकी है। जिसके पास सबसे अधिक पैसे वो सबसे अच्छी शिक्षा पास सकता है। शिक्षा और ज्ञान दो अलग शब्द हैं पर धीरे धीरे दोनों का अंतर इतना बढ़ गया है कि शिक्षा मात्र पैसे कमाने का माध्यम बनती जा रही है। नैतिक शिक्षा अब पाठ्यक्रम से भी हट गई है और आज नौकरी में अधिक पगार वाली अवधारणा ने रही सही कसर निकाल दी है। पर यह एक पक्ष ही है प्रतियोगिता और प्रतिस्पर्द्धा के दौर में गुणवत्ता भी सुधरी है और भारत में शिक्षा का स्तर वैश्विक स्तर पर भी पहुंचा है। शिक्षा में अग्रणी राज्य केरल ने पढ़ने की आदत विकसित करने के लिए केरल के सभी स्कूलों की हर क्लास में बच्चों को मुफ्त में अखबार दिए जाए जाने की तैयारी शुरू की है। इसे करिकुलम का हिस्सा बनाया जाएगा और इसका लगातार मूल्यांकन भी होगा। केरल की स्टेट काउंसिल ऑफ एजुकेशन एंड ट्रेनिंग ने इस बारे में ड्राफ्ट तैयार किया है। एससीईआरटी एसेसमेंट सेल अखबार पढ़ने का मूल्यांकन करने के पैमाने भी तैयार कर रही है। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि क्लास शुरू होने से पहले बच्चे अखबार पढ़ें। हफ्ते में एक बार हर क्लास में हफ्ते की सबसे बड़ी खबर बताई जाएगी। इसके लिए अलग-अलग तरह की क्रिएटिविटी भी की जा सकती है। किसी एक छात्र को यह काम नहीं सौंपा जाएगा और सभी छात्र हफ्ते की सबसे बड़ी खबर प्रजेंट करने के लिए तैयार रहेंगे। बेस्ट प्रजेंटर को पुरस्कार भी दिया जाएगा।केरल के इतिहास में पहली बार, केरल में संशोधित स्कूली पाठ्यपुस्तकों में देश के संविधान की प्रस्तावना भी शामिल होगी। सरकार ने बच्चों के मन में संवैधानिक मूल्यों को स्थापित करने के प्रयासों के तहत कक्षा 1 से 10 तक की पाठ्यपुस्तकों में प्रस्तावना को शामिल करने का फैसला किया है।इस पहल का उद्देश्य युवाओं के बीच संविधान के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करना है।



इससे बच्चों को कम उम्र से ही संविधान के महत्व को समझने में मदद मिलेगी। अधिकारी ने आगे कहा, शिक्षकों को बच्चों को पढ़ाने के दौरान संविधान और उसकी प्रस्तावना का अर्थ और संदेश देने के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। चार वर्ष पूर्व तकनीक और समय के बदलाव के साथ पढ़ाई करने और कराने के तरीके में भी बदलाव शुरू किया गया है। स्लेट पेंसिल से पढ़ाई का दौर पीछे छूट चुका है का यों कहें कि लगभग खत्म होने को है। स्मार्ट क्लास अब वक्त की जरूरत बन रही है। ब्लैकबोर्ड का वक्त भी खत्म होता जा रहा है। अब बच्चों को ऑडियो वीडियो माध्यम से पढ़ाया जा रहा है। क्लास में कंप्यूटर, वेबकैम, प्रोजेक्टर के जरिए पढ़ाई हो रही है। कोरोना काल में ऑनलाइन पढ़ाई हमारे जीवन का हिस्सा बन चुका है।झारखंड में भी झारखंड शिक्षा परियोजना से जुड़े एक बाल शिक्षा विशेषज्ञ बैकुंठ पांडेय ने अनेक स्कूलों में कई प्रयोग किए थे जिसमें प्रमुख थे प्रार्थना के बाद प्रमुख समाचारों का पाठ, हमसे पूछिए के क्रम में वहां बोर्ड पर एक कठिन सवाल लिखना, जिसका उत्तर छात्र भी दे सकते थे या अगले दिन शिक्षक देते थे। एक गतिविधि थी हम बताएँ- इसमें एक अभिनव जानकारी दी जाती थी। सरकारी विभागों के साथ त्रासदी यह होती है कि अधिकारी के बदलने या सेवानिवृत होने पर नए लोग किसी लीक से हटकर किए गए कार्यों को बंद कर देते हैं या उसकी उपयोगिता पर सवाल उठाते हैं ।सबसे बड़ा सवाल जो एक आम आदमी पूछता है कि करोड़ों के खर्च पर संचालित स्कूल यदि सिर्फ डॉक्टर, अफसर, इंजीनियर और प्रबंधक पैदा करेंगे तो पेशेवर या स्वरोजगार के लिए फिट युवा कहां से निकलेंगे जिसकी आज सबसे ज्यादा आवश्यकता है। आज भारत में पढ़े लिखे बेरोजगारों की संख्या बढ़ती जा रही है पर वे खुद का कारोबार करने या उसका प्रबंधन करने का हुनर नहीं जानते। एक इलेक्ट्रिकल इंजीनियर घर की बिजली ठीक नहीं कर सकता। समय की मांग है कि हम गुणवत्तापूर्ण वोकेशनल कोर्स की पढ़ाई पर फोकस करें तभी विकसित भारत का सपना पूरा हो सकता है।

### मोहन मांझी ने ली ओडिशा के मुख्यमंत्री पद की शपथ पीएम मोदी-शाह समेत कई भाजपा नेता रहे मौजूद

भुवनेश्वर। ओडिशा में पहली बार भाजपा की सरकार बनी। क्योंझर से विधायक मोहन चरण माझी ने आज भाजपा के पहले मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। उनके साथ केवी सिंह देव और प्रभाती परिदा ने राज्य के उप मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। इसी के साथ ओडिशा में पहली बार एक सीएम, दो डिप्टी सीएम और 13 मंत्रियों की सरकार बनी। शपथ ग्रहण समारोह शाम 5 बजे शुरू हुआ। इस कार्यक्रम को भुवनेश्वर के जनता मैदान में आयोजित किया गया। ओडिशा के मुख्यमंत्री के तौर पर मोहन चरण मांझी के शपथ समारोह में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भुवनेश्वर पहुंचे। एयरपोर्ट पर ओडिशा के राज्यपाल रघुबर दास और स्वयं मोहन चरण मांझी ने पीएम मोदी का स्वागत किया।

## एक नजर

### नावाबाजार स्टैंड के दो पान गुमटियों में चोरी जांच में जुटी पुलिस

**नावाबाजार।** नावा बाजार मुख्य पथ एनएच 98 बस स्टैंड के समीप दो पान की गुमटी में चोरोंने चोरी की घटना को अंजाम दिया। दुकानदारों में आशिक खान व शाहनवाज का नाम शामिल है। अज्ञात चोरों द्वारा ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। जिसमें गुमटी में रखें कुरकुरे, सिगरेट, गुटका सहित नगद पैसे चोरों द्वारा चोरी कर ली गई। चोरी के भुक्तभोगी दुकानदारों के द्वारा थाना को सूचना दिया गया। जहां नावाबाजार के एएसआई भुनेश्वर तुरी पहुंचकर चोरी के विरुद्ध जांच में जुट कर अगल-बगल लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगालने में लग गए हैं। बताया जा रहा है कि इन दिनों क्षेत्र में गजेड़ियों की संख्या बढ़ गया है। ऐसे युवक चोरी की घटना को अंजाम दे सकते हैं। उनके प्रति पुलिस अपने स्तर से जांच पड़ताल शुरू कर दिया है।

### कल्पना की जीत पर युवा झामुमो नेता ने दी बधाई

**हैदरनगर।** गांडेय विधानसभा उपचुनाव में कल्पना सोरेन की शानदार जीत पर हैदरनगर के युवा झामुमो नेता व पलामू जिला संगठन सचिव विवेकानंद सिंह ने गुलदस्ता देकर शुभकामना दी। उन्होंने कल्पना सोरेन को पलामू जिले के हैदरनगर क्षेत्र की विभिन्न विकासात्मक जरुरतों व वर्तमान समस्याओं से अवगत कराया है। कहा कि उनके क्षेत्र में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी आवश्यक सेवाओं में अत्यंत सुधार की जरुरत है। इसे उन्हें गंभीरता से लेकर ध्यान देंगी और विकास कार्यों में सकारात्मक रुप में प्राथमिकता देने का भरोसा कल्पना सोरेन ने दिया है। इस औपचारिक मुलाकात के दौरान कल्पना सोरेन ने अपनी जीत का श्रेय पार्टी कार्यकर्ताओं व जनता दिया। कहा कि उनकी प्राथमिकता सभी क्षेत्र का समग्र विकास व लोगों की समस्याओं का समाधान करना होगा।

# निर्माण पूर्ण होने पर शुरू हो टोल टैक्स, स्थानीय को मिले छूट



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** एनएच 139 से जुड़ा सभी तरह का निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद ही इस सड़क पर टोल टैक्स चालू किया जाए। यह मांग स्थानीय लोगों ने रखी है। इसको लेकर बुधवार को भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सह समाजसेवी राजीव रंजन के अगुवाई में तकरीबन 80-90 लोग कौवाखोह स्थित टोल टैक्स स्थल पर पहुंचे, यहां उन्होंने आक्रोश प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी भी की और अपनी मांगे रखी। राजीव रंजन ने कहा कि अभी सड़क का निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ है और एनएचएआइ टोल टैक्स चालू करने की सोच रही है। उन्होंने यह भी कहा कि टोल टैक्स पर स्थानीय लोगों को सुविधा मिलनी चाहिए। क्योंकि उन्हें अपने छोटे-मोटे कार्यों को लेकर दिन भर में कई बार टोल पार करने की जरूरत पड़ेगी। उनकी मांगों में 70 प्रतिशत रोजगार स्थानीय लोगों को दिया जाना भी शामिल है। इस मौके पर विजय प्रजापति, गोलू सिंह, शंभू यादव, प्रदीप कुमार, निखिल प्रसाद, अजय कुमार, अजीत प्रसाद , अंकुश पाल , सोनू चौधरी, अमित मेहता, सुशील, मनु शर्मा, प्रीतम मेहता, अजय प्रजापति, राजू प्रजापति, सोनू रजक, सनी विश्वकर्मा, राहुल राजा आदि मौजूद थे। विदित हो कि एनएच 139 निर्माण कार्य जारी है, इससे लोगों की सुविधा बढ़ेगी। लेकिन टोल टैक्स वसूली को लेकर उनमे चिंता भी व्याप्त है।

## नया ट्रांसफॉर्मर लगने से उपभोक्ताओं को मिली राहत

**मोहम्मदगंज।** मोहम्मदगंज स्टेशन रोड मेन बाजार के 200 केवीए के नए ट्रांसफॉर्मर से सोमवार की रात्रि से विद्युत आपूर्ति शुरू हो गई है। इससे गर्मी में परेशान उपभोक्ताओं को राहत मिली है। स्थानीय मेन मार्केट एरिया व इसके आसपास के घरों, बैंक व रिलायंस टावर को आपूर्ति देने वाले खराब ट्रांसफॉर्मर के बदले 200 केवीए का नया ट्रांसफॉर्मर लगाया गया। ट्रांसफॉर्मर को खंभों पर चढ़ाने के साथ ही उसके चार्ज व आपूर्ति शुरू करने तक स्थानीय विद्युत कर्मचारी ललितेश्वर मेहता व मंटू मेहता का परिश्रम कारगर साबित हुआ। ट्रांसफॉर्मर को यथाशीघ्र उपलब्ध कराने में सांसद वीडी राम, विधायक कमलेश कुमार सिंह की सिफारिश, जिला पार्षद व सांसद प्रतिनिधि अश्विनी कुमार सिंह, महेंद्र प्रसाद सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष नीरज कुमार सिंह, राकांपा अध्यक्ष रुद्रा सिंह के अलावा जपला विद्युत अवर प्रमंडल के सहायक, कनीय अभियंता रामप्रसाद महतो, प्रदीप कुमार सिंह की त्वरित पहल व कार्रवाई तत्काल काम आ गया। स्थानीय स्तर पर ट्रांसफॉर्मर को मेदिनीनगर से लाने से लेकर उसे चालू कराने में व्यावसायी नीरज कुमार अग्रवाल उर्फ दीपू लाल के अलावा राकेश कुमार सिंह, रविशंकर सिंह उर्फ बिट्टू, राजू चौरसिया, सिद्धार्थ कुमार, मंटू दास, विजय कुमार पालो, अमन सिंघानिया में प्रेम गुप्ता सहित अन्य कई लोगों की मेहनत व सक्रियता का बड़ा सहयोग बताया जाता है। इसके अलावा उपभोक्ताओं ने सांसद को उनके प्रखंड प्रतिनिधि के माध्यम से हस्ताक्षरयुक्त आवेदन भी दिया था। सांसद ने यथाशीघ्र नया ट्रांसफॉर्मर उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया था, जो पूरा हो गया। इसके लिए उपभोक्ताओं ने सभी जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार जताया है।

**एमओ ने जन वितरण प्रणाली दुकान का किया निरीक्षण**

## कार्डधारियों से मिलकर वितरण की स्थिति को जाना



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** प्रखंड के प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सखी चंद ने बुधवार तोलरा गांव स्थित शोखा बाबा स्वयं सहायता समूह की ओर से संचालित जन वितरण प्रणाली दुकान का निरीक्षण किया। वहां कार्डधारियों से मिलकर खाद्यान्न वितरण की स्थिति की जानकारी ली। कार्डधारियों द्वारा आधा किलो कम खाद्यान्न देने की शिकायत आपूर्ति पदाधिकारी से की गई। प्रभारी आपूर्ति पदाधिकारी दुकान का भी निरीक्षण किया। वहां खाद्यान्न वितरण से संबंधित सारे पंजी का अवलोकन करते हुए वर्तमान खाद्यान्न की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। दुकान की जांच व कार्डधारियों से मिली जानकारी का रिपोर्ट वरीय अधिकारियों से करने की बात कह। 11 जून को लाभुक की डीलर की पति ने की पिटाई शीर्षक नाम से 'राष्ट्रीय नवीन मेले ने गंभीरता से लेते हुए विश्रामपुर प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सखी चंद दास दुकान का निरीक्षण किया।

### रेलकर्मी की लू लगने से मौत

**हुसैनाबाद।** पूर्व मध्य रेलवे के बीडी सेक्शन में तैनात रेल कर्मी अशोक राम 50बर्ष की मौत इलाज के दौरान हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में हो गई। जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह नौ बजे से जपला हैदरनगर रेलवे स्टेशन के ट्रैक पर ड्यूटी पर था। दोपहर दो से तीन बजे की बीच अचानक उसकी तबियत बिगड़ने लगी उसके अन्य सहयोगियों ने उसे तत्काल हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक अशोक राम बिहार के गया जिले का रहने वाला बताया जाता है। फिलहाल वह जपला रेलवे परिसर स्थित क्वार्टर में रहता था। इसकी जानकारी मिलते ही जपला स्टेशन के कई कर्मचारी अनुमंडलीय अस्पताल में पहुंच गए। इसकी सूचना उसके परिजनों को दी गई है। देर शाम होने के कारण उसका पोस्टमार्टम नहीं हो सका। इस संबंध अनुमंडलीय अस्पताल के प्रभारी चिकित्सक डॉ. मुकेश कुमार ने बताया की हीटवेब से मौत हुई है। यह कोई अन्य कारण से पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चलेगा। जपला में रेल कर्मचारी की मौत की यह दूसरी घटना है।

### शिक्षक विजय राम की लू लगने से मौत

**पाटन।** प्रखंड किशनपुर मध्य विद्यालय के शिक्षक विजय राम की लू लगने से मौत हो गई। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया की मंगलवार की शाम लू लगने से विजय राम की अचानक तबियत बिगड़ गई। इसके बाद परिजनों ने उन्हें इलाज के लिए पाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां इलाज के बाद भी चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच रेफर कर दिया। वहां इलाज के क्रम में बुधवार की सुबह उनकी मौत हो गई। उनकी मौत के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। शिक्षक विजय राम की मौत की खबर मिलने पर अन्य शिक्षकों ने दो मिनट का मौन रख कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया।

## न्यूज बॉक्स

### रामनाथ ठाकुर को मंत्रिमंडल में शामिल होने पर बधाई दी

**नावाबाजार।** भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर के बेटे रामनाथ ठाकुर को केन्द्रीय मंत्रीमंडल में शामिल होने पर नावाबाजार नाई महासभा ने बधाई दी है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति नाई समाज के प्रखंड सचिव सह एक्सीलेंट कोचिंग संस्थान के संचालक रविंद्रनाथ ठाकुर ने आभार व्यक्त किया है। कहा कि नाई समाज के होनहार व्यक्ति को केन्द्रीय मंत्रीमंडल में शामिल करने का निर्णय लिया गया। रामनाथ ठाकुर को केन्द्रीय मंत्रीमंडल में शामिल किए जाने से न केवल बिहार-झारखंड का मान-सम्मान बढ़ा है, बल्कि पूरे देश के नाई समाज का गौरव बढ़ा व सभी गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। नाई समाज के पिछड़े समाज के उत्थान में विश्वास है।

### पार्वती साहू की पांचवीं पुण्यतिथि मनायी गई



**हुसैनाबाद।** जपला धरहरा स्थित नहर मोड़ पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता की माता स्व. पार्वती साहू की पांचवीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह, रामप्रवेश सिंह, पूर्व नगर अध्यक्ष शशि कुमार व श्रवण कुमार ने स्व. पार्वती साहू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि दिवंगत आत्मा को शांति व मोक्ष प्रदान करें। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता ने कहा कि मां की पांचवीं पुण्यतिथि पर नमन व भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। मां ने पग-पग पर मेरा साथ ही नहीं दिया, बल्कि जब जरूरत पड़ी मेरी ढाल बनकर मेरी रक्षा भी की है। मां ने तन से तो हमारा साथ छोड़ दिया। परन्तु मन से आज भी मेरा पग-पग पर मार्गदर्शन व रक्षा करती है। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में संतोष गुप्ता, बसंत यादव, द्रोणाचार्य तिवारी, अशोक विश्वकर्मा, राज अली, छोटू सिंह, सुशील कुमार सिंह, मोजाहिद हुसैन के नाम शामिल है।

### डायन बिसाही को लेकर मारपीट, प्राथमिकी दर्ज

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के चंकार गोपाल गांव निवासी रामबचन पाल ने मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मेदिनीनगर के समक्ष परिवाद दायर कर गांव के ही प्रदीप पाल, उनकी पत्नी संजू देवी व पुत्री रूबी कुमारी पर मारपीट करने व रामबचन पाल की पत्नी को डायन कह कर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। परिवाद के आधार पर हुसैनाबाद थाना में प्रदीप पाल उनकी पत्नी संजू देवी, पुत्री रूबी कुमारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। रामबचन पाल द्वारा दिए गए आवेदन के अनुसार विपक्षी द्वारा उनके खेत में बकरी चराने को लेकर विवाद हुआ था। बकरी चराने से मना करने पर संजू देवी ने ईट पत्थर चलाकर रामबचन पाल को मारने की कोशिश की थी। बाद में प्रदीप पाल संजू देवी व रूबी कुमारी उनके घर पर आकर गली गलौज किया। साथ ही रामबचन पाल की पत्नी के साथ प्रदीप पाल ने अश्लील हरकत की व डायन कहकर मारपीट भी की। हल्ला करने पर गांव के लोगों ने बीच बचाव कर छुड़ाया था। रामबचन पाल ने विपक्षियों पर कान की बाली छीन लेने का भी आरोप लगाया है। पुलिस मामले की छान बीन में जुट गई है।


झारखण्ड सरकार

# लू एवं गर्म हवाओं से बचाव

गर्म हवाओं के कारण स्वास्थ्य पर मौसम का दुष्प्रभाव :

- शरीर में पानी की कमी
- उल्टी, तेज बुखार
- कमजोरी, सिर दर्द, चक्कर आना
- हृदयाघात, मस्तिष्कघात
- कार्डियोवैस्कुलर जटिलता आदि लक्षण

**ओ.आर.एस घोल बनाने की विधि एवं उपयोग**

- साफ बर्तन में एक लीटर पानी (साधारण ग्लास से पाँच ग्लास) में ओ.आर.एस. का एक पूरा पैकेट घोल दें
- तैयार किए गए ओ.आर.एस. के घोल को कुछ-कुछ अंतराल पर चम्मच से देते रहें
- बनाए गए ओ.आर.एस. घोल को 24 घंटे के बाद उपयोग न करें



**इनका नियमित सेवन करें :-**

नमक-चीनी का घोल, छाछ, नींबू-पानी, आम का शर्बत, लस्सी

तरबूज, खरबूजा, खीरा, ककड़ी

**ओ.आर.एस. का पैकेट निकटतम सरकारी अस्पताल/ स्वास्थ्य उपकेन्द्र/ सहिया के पास निःशुल्क उपलब्ध है**

- गर्मी में हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए ज्यादा पानी पीएं।
- घर से बाहर निकलें, तो खुद को कवर करके ही निकलें।
- लू लगे व्यक्ति को छाँव में लिटा दें, अगर उनके शरीर के कपड़े तंग हों तो उसे ढीला कर दें अथवा हटा दें।
- ठंडे गीले कपड़े से शरीर पोछें या ठंडे पानी से नहलाएं।
- लू लगे व्यक्ति की हालत में एक घंटे तक सुधार न हो, तो उसे तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में ले जाएं।

तेज धूप और लू का शरीर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।सावधानियाँ हीं बचाव

- हल्के रंग के ढीले ढाले सूती कपड़े पहनें
- धूप का चश्मा इस्तेमाल करें
- सम्भव हो,तो तौलिया/गमछा रखें
- जूते/चप्पल पहनें

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग
झारखण्ड सरकार

National Program on Climate Change and Human Health (NPCCHH)

स्वास्थ्य संबंधी किसी भी जानकारी\ शिकायत हेतु 24/7 निःशुल्क राज्य हेल्पलाईन नंबर 104 (टॉल फ्री) पर कॉल करें

PR No. 326230 (Health Med Edu and Family Welfare) 2024-25




### दोनों आरोपी गिरफ्तार, गोली का पिलेट बरामद

# शराब पीने के आपसी विवाद में हुई थी लक्की की हत्या

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के बंदुआ में चार दिन पूर्व गोली मारकर हत्या करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में पुलिस सफल रही है। पूछताछ के क्रम में फिलहाल शराब पीने के क्रम में हुए आपसी विवाद में गोली मारने की बात सामने आ रही है। लक्की चंद्रवंशी की हत्या चैनपुर पानी टंकी के पास कर बोरा में बंद कर बंदुआ के सुनसान इलाके में शव का फेंक दिया गया था। गिरफ्तार आरोपियों में 22 वर्षीय रोहित कुमार पिता शिव शंकर राम कान्दू मुहल्ला शहर थाना, 27 वर्षीय पवन कुमार पिता अरूण कुमार डोम टोली थाना चैनपुर का नाम नाम शामिल है। दो अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए भी पुलिस लगातार छापामारी कर रही है। रोहित ने



लक्की को गोली मारकर हत्या की है। यह जानकारी डीएसपी मणिभूषण प्रसाद ने चैनपुर थाना में बुधवार को पत्रकारों के साथ बातचीत में दी। उन्होंने बताया कि लक्की का शव बरामद होने के बाद से ही पुलिस हत्या में शामिल युवकों का पता लगाने के साथ उनकी गिरफ्तारी का प्रयास तेज कर दिया था। उन्होंने कहा कि पुलिस हत्या का मूल कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। दोनों आरोपियों का पुराना अपराधिक इतिहास भी खंगालने का प्रयास पुलिस कर रही है। छापामारी दल में चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा, पुअनि चंदन कुमार, रंजीत कुमार, राजकुमार मेहता, सअनि रामचन्द्र चौधरी सहित थाना के रिजर्व गार्ड शामिल थे।

**दो अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस कर रही छापेमारी**

#### आरोपियों ने हत्या में अपनी संलिप्ता स्वीकारी

अनुसंधान के क्रम में ही दो लोगों का नाम सामने आय था। इसके बाद पुलिस छापामारी दल का गठन कर रोहित व पवन की गिरफ्तारी के लिए उनके छिपे होने के हर संभावित ठिकानों पर लगातार छापामारी कर रही थी। पुलिस के दबाव से दोनों भागे भागे फिर रहे थे। गिरफ्तार दोनों आरोपियों ने हत्या में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर लिया है। आरोपियों के निशानदेही पर पुलिस ने गोली का पिलेट बरामद किया है।

## न्यूज बॉक्स

### गुड़िया का प्रेमी निकला कातिल, नावा बाजार पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**नावाबाजार।** थाना क्षेत्र के अजनिया आहार के समीप एक नवनिर्मित कुआं से बरामद गुड़िया देवी उर्फ खुशबू देवी के हत्यारों की पहचान कर ली गई। गुड़िया का प्रेमी खोड़ी गांव निवासी मोहम्मद इबरार ही कातिल निकला। नावाबाजार थाना प्रभारी चिंटू कुमार पुलिस बल के साथ उसे घर से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।जानकारी के अनुसार 22 मार्च को नावाबाजार थाना क्षेत्र के अजनिया आहार के समीप एक नवनिर्मित कुआं में महिला का शव बरामद किया गया था। उसकी पहचान सोहदाग खुर्द गांव निवासी काली साव की पुत्री गुड़िया देवी उर्फ खुशबू देवी के रूप में की गई थी। उसकी शादी पांडू थाना क्षेत्र के रतनाग गांव में हुई थी। नावाबाजार थाना प्रभारी छोटू कुमार ने बताया कि महिला का मोबाइल नंबर से कातिल प्रेमी की पहचान हो सकी। महिला की मोबाइल की कॉल डिटेल निकलने से लंबे से दोनों से उनके बीच बातचीत होने की जानकारी मिली। दोनों के बीच प्रेमी प्रेमिका के रूप में रिश्ता कायम हो चुका था। घटना के बाद से इबरार गायब था। नावा बाजार पुलिस उसे संदिग्ध मानते हुए अपने स्तर से गिरफ्तारी का हरसंभव प्रयास रही थी। इबरार को घर पहुंचने की सूचना मिलते ही से पुलिस ने दबोच लिया। इबरार ने हत्या के कारणों का खुलासा करते हुए घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार किया। साथ ही उसके निशानदेही पर पुलिस ने मृतक गुड़िया देवी का मोबाइल व सिम सहित अभियुक्त का सिम कार्ड बरामद कर लिया। प्रेमी ने बताया कि दोनों के बीच प्रेमी प्रेमिका के रूप में संबंध थे। महिला द्वारा शादी का दबाव बनाया जा रहा था। ऐसा नहीं करने की स्थिति झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकियां दी जा रही थी। इस स्थिति में उसे रास्ते से हटाने का निर्णय प्रेमी द्वारा लिया गया। पहले गुड़िया को जख्मी अवस्था में नवनिर्मित कुएं में धकेल दिया। वहां उसकी हत्या कर दिया।

### किसान ब्रिगेड ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**हुसैनाबाद।** आगामी 19 जून को किसान ब्रिगेड के तत्वावधान में हुसैनाबाद अनुमंडल मैदान में होने वाले किसान महापंचायत को लेकर किसान ब्रिगेड की टीम लगातार पंचायतवार जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने का काम कर रही है। इसी क्रम में बुधवार को किसान ब्रिगेड की टीम लोटनिया पंचायत के लोगों से मिलकर अपनी बातों को रखा। ब्रिगेड के संरक्षक कर्नल (डॉ.) संजय कुमार सिंह ने ग्रामीणों से कहा कि यह लड़ाई आम जनों व किसानों की है, इसलिए सभी को सहयोग व समर्थन देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के किसान विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे हैं, लेकिन उनका सुधि लेने वाला कोई नहीं है। सरकार द्वारा दी जा रही 100 यूनिट मुफ्त बिजली का लाभ यहां के किसानों को नहीं मिल पा रहा है।

## एक नजर

### युवाओं के लिये रोजगार का विजन : सूर्या सिंह

**हैदरनगर।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के युवा नेता सूर्या सिंह ने हुसैनाबाद क्षेत्र के विकास व युवाओं के रोजगार के विजन को साझा किया है। उन्होंने कहा कि युवाओं के रोजगार के नये विकल्प व अवसरों का रोडमैप तैयार है। सभी युवाओं को सपोर्ट करना व करियर में अवसर देना मुख्य विजन है। आगामी 25 वर्षों के लिये उनके पास विकास का रोडमैप है जो है, किसी अन्य विरोधी के पास नहीं है। उन्होंने युवाओं से हुसैनाबाद के विकास के लिये उनके विजन से जुड़ने की अपील की है।

# अजाप्टा ने शिक्षा विभाग के प्रति जताया आभार

**नवीन मेल संवाददाता**


**हुसैनाबाद।** भीषण गर्मी को लेकर 15 जून 2024 तक विद्यालयों के बंद किये जाने पर अजाप्टा जिला अध्यक्ष सुधीर कुमार दूबे, महासचिव अमरेश कुमार सिंह, संयुक्त सचिव विनय कुमार मांझी, हुसैनाबाद प्रखंड अध्यक्ष जुबैर अंसारी व सचिव निर्मल कुमार ने विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया है और कहा है कि यह कदम स्वागत योग्य है। यह बच्चों एवं अभिभावकों के हित में लिया गया निर्णय है । जानकारी हो कि सरकारी स्कूलों में गरीब गुरबों के बच्चे पढ़ते हैं जिनके तन पर उचित पोशाक,सर ढकने के लिए गमछा व पैरों में जूते नहीं होते हैं।अपने स्कूलों में पोषक क्षेत्रों के अलावे 4-5 किमी. दूरस्थ के बच्चे आतें हैं,ऐसी स्थिति में पैदल स्कूल आना जानलेवा साबित हो सकती है,अन्य जिलों में बच्चे शिकार भी हुए हैं। स्कूलों में भी भौतिक संसाधनों की उपलब्धता नहीं है। जिसका कुप्रभाव बच्चों पर पड़ता है।इनसबों के माली हालत देखते हुए और मौसम विभाग के बुलेटिन के अनुसार भविष्य में भी बच्चों के हित में कदम उठायी जानी चाहिए। इन नेताओं का यह भी कहना है कि शिक्षक पढ़ानें लिखाने से नहीं भागते हैं। सीमित संसाधनों में बेहतर परिणाम भी दे रहे हैं।

### उफ...अब नहीं, गर्मी ने बदली लोगों की दिनचर्या

# पलामू में गर्मी ने सारे रिकॉर्ड तोड़े

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।**आग उगलते सूरज का गोला। तापमान में गर्मी। उमस भरी रात। सड़के सूनी। कुछ यही हाल है पलामू जिले का। जिला में भीषण गर्मी व लू से जन जीवन ठहर गया है। भीषण गर्मी व लू से लोगों घरों से बाहर नहीं निकल रहे हैं। जिला मुख्यालय में हीट वेब से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। चिलचिलाती धूव, गर्म हवा, उमस भरी रात से लोग के मुंह से उफ अब नहीं...निकलना शुरू हो गया है। गर्मी के उमस भरी रात से रात से लोग अपने घरों के अंदर भी बेचैन है। हीट वेब के कारण



| दिन | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| सोमवार | 44.3 | 30.3 |
| मंगलवार | 45.4 | 28.7 |
| बुधवार | 45.6 | 28.9 |

पंखा, कूलर तक काम करना बंद कर दिया है। 45 डिग्री से उपर तापमान चल जाने से एसी भी अपनी अधिकतक ठंडी हवा देना बंद कर दिया है। दिन के सुबह आठ बजे के बाद ही सड़के वीरान हो जाती हैं। सड़कों पर इक्का-दूक्का लोग ही नजर आते हैं। दैनिक जीवन जीने वाले ठेला, रेहड़ी, ऑटो रिक्शा चलाने वलों के दैनिक कमाई पर भी असर पड़ गया है। दिन भरी लू कारण उनका व्यवसाय भी नहीं चल रहा है। तापमान में फिलहाल किसी प्रकार से बड़े बदलाव होने की कोई संभावना नहीं है। आलम यह है कि सुबह नौ बजे से ही तापमान में वृद्धि हो जा रही है, जो रात देर रात गर्म हवाओं का साया रहता है।

### बिरसा जैविक उद्यान से लाने की मिली अनुमति

# पीटीआर में आएंगे 300 जानवर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू टाइगर रिजर्व को इंतजार है केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकार की अनुमति का। पलामू टाइगर रिजर्व को रांची ओरमांझी के भगवान बिरसा जैविक उद्यान से तीन सौ जानवर को लाना है। उनमें 250 चीतल, 10 कोटरा, 10 सांभर, 20 काला हिरण, 8 नीलगाय, 2 बायसन को लाने की तैयारी कर ली गई है। बिरसा जैविक उद्यान ने पलामू टाइगर रिजर्व को 13 अक्टूबर 2023 को सूचित कर दिया था कि वह 300 जानवरों को पलामू टाइगर रिजर्व को देने के लिए तैयार है। पलामू टाइगर के क्षेत्र निदेशक कुमार आशुतोष ने बताया कि पलामू टाइगर रिजर्व में जब कभी बाहर से जानवर लाना होता है तो दो जगह से अनुमति लेना पड़ता है। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकार, केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकार है। कहा कि राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकार में अनुमति दे दी है। राष्ट्रीय चिड़ियाघर प्राधिकार की अनुमति के बिना एक भी जानवर बाहर से नहीं लाया जा सकता है। वर्षा शुरू होते ही यदि अनुमति मिल जाती है तो 300 जानवर को पलामू टाइगर रिजर्व में ले आया जाएगा। कहा कि उनके पास बोमा ट्रक भी है। इसलिए भगवान बिरसा जैविक उद्यान से 300 जानवर लाना कोई बड़ा काम नहीं है चाहिए।



**राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकार में अनुमति दे दी है : क्षेत्र निदेशक**

# हिंदुओं को चिह्नित कर उनकी हत्या की जा रही : विहिप

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जम्मू कश्मीर में वैष्णव देवी कटरा से शिवखोड़ी जाते समय हिंदू श्रद्धालुओं के बस पर आतंकवादी हमला के विरोध में बुधवार को विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय छहमुहान पर पाकिस्तान समर्थित इस्लामिक आतंकवाद का पुतला दहन किया गया। मौके पर विहिप व बजरंद दल के सदस्यों ने पाकिस्तान व आतंकवादी विरोधी नारेबाजी की। वक्ताओं ने कहा कि जम्मू कश्मीर लंबे समय से पाकिस्तान पोषित आतंकवाद का दंश झेल रहा है। धारा 370 का हटने के बाद एक आशा की ज्योति जगी थी, लेकिन, लगता है उग्रवादियों का मनोबल अभी भी कम नहीं हुआ है। हिंदुओं को चिन्हित कर उनकी हत्या की जा रही है। विश्व हिंदू परिषद,बजरंग दल कायराना कृत्य निंदा करता है। इससे पूर्व विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के सम्मानित कार्यकर्ता गीता भवन से पुतला, बैनर के साथ रोषपूर्ण प्रदर्शन करते हुए गीता भवन से देशरत्न डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद चौक पहुंचे। मौके पर विहिप पलामू विभाग के सह मंत्री महेंद्र नाथ, जिला उपाध्यक्ष अनामिका सिंह, मातृ शक्ति संरक्षक उमा शुक्ल, जिला मंत्री दामोदर मिश्र, प्रथम उप महापौर पूर्व बजरंग दल संयोजक राकेश कुमार सिंह उर्फ मंगल सिंह आदि मौजूद थे।

### निगम क्षेत्र में पानी यात्रा शुरू

# बदलाव नहीं होने तक लड़ाई जारी रहेगी : आशीष भारद्वाज

**'अभियान के तहत वह एक-एक घर तक जाकर वहां होने वाले पेयजल संकट को मुख्यमंत्री तक पहुंचाएंगे'**

**नवीन मेल संवादाता**

**मेदिनीनगर।** युवा समाज सेवी आशीष भारद्वाज के नेतृत्व में नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर दो में जल संकट से प्रभावित क्षेत्र बजरहा, पूणार्डीह शुरू किया गया। पानी यात्रा अंतर्गत चलाए जाने वाले हस्ताक्षर सह जन जागरण अभियान के पहले दिन काफी संख्या में युवाओं की टीम पूर्णाडीह, बजरहा पहुंचकर पेयजल संकट को जाना व वहां के लोगों से संवाद किया। मौके पर आशीष भारद्वाज ने कहा कि अभियान के तहत वह एक-एक घर तक जाकर वहां होने वाले पेयजल संकट को मुख्यमंत्री तक पहुंचाएंगे। जब तक बदलाव नहीं आएगा तब तक यह लड़ाई जारी रहेगी। यात्रा में पलामू के युवा उनके साथ खड़ा हैं व बदलाव को लेकर प्रतिबद्ध हैं। यात्रा के दौरान तुलसी शुक्ला,मनीष सिंह,साहेब जी नामधारी, बबलू चावला, पिंकू तिवारी, नवीन तिवारी, मुकेश तिवारी, बीजू मिश्रा, नीतेश सिंह, संदीप प्रसाद, शशांक सुमन, वैजयंती गुप्ता, आशा शर्मा, मनीष तिवारी, निरंजन मेहता, शिवम सिंह, दीपक प्रसाद, फोटू दुबे, ज्ञानेश तिवारी, चंदन दुबे, नीतेश दुबे, राहुल गुप्ता, रोशन पाठक, राकेश तिवारी, सूरज सिंह, प्रभात सिंह, सुमित दुबे, सुधीर सिंह, नवनीत मेहता, आकाश विश्वकर्मा, अभिषेक रोशन, संजीत तिवारी, अंकित आरंभ शुक्ला, संजीव कुमार, अंकित गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे।




**जब तक बदलाव नहीं आएगा तब तक यह लड़ाई जारी रहेगी। यात्रा में पलामू के युवा उनके साथ खड़ा हैं व बदलाव को लेकर प्रतिबद्ध हैं**

# जिला और प्रखंड में डायरिया नियंत्रण दल गठित परंतु अभी तक ट्रेनिंग नहीं

मेदिनीनगर। जिला स्वास्थ्य समिति ने डायरिया नियंत्रण को लेकर जिले के सभी प्रखंडों व जिला स्तर पर डायरिया नियंत्रण दल का गठन कर लिया है। सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दवा भी उपलब्ध करा दिया गया है। एसएमसीएच में डायरिया की शिकायत अभी छिटपुट आ रही है। परंतु मानसून आने के बाद डायरिया के प्रकोप में तेजी आ जाने की आशंका रहती है। पलामू के सिविल सर्जन डॉ अनील कुमार ने बताया कि डायरिया को लेकर पलामू स्वास्थ्य विभाग तैयारी कर ली है। प्रखंडों से डायरिया जैसी बीमारी की अभी बड़े पैमाने पर कोई शिकायत नहीं आ रही है। डायरिया अमूमन पहली बरसात के समय तेजी से फैलता है। इस कारण स्वास्थ्य विभाग तैयारी कर रखी है, ताकि किसी समय किसी भी क्षेत्र में डायरिया फैलने की सूचना आए तो उससे निपटा जा सके। सिविल सर्जन ने बताया कि अभी सहिया और स्वास्थ्य कर्मियों को डायरिया नियंत्रण करने की ट्रेनिंग नहीं दी गई है। इसी माह में गहन डायरिया नियंत्रण पखवाड़ा (आईडीसीएफ) कार्यक्रम की शुरूआत होगी।



# बिजली विभाग ने मई में 118 एफआईआर किया



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहरी, ग्रामीण व पाटन क्षेत्र को मिलकर बिजली विभाग ने मई महीने बिजली चोरी का 118 एफआईआर दर्ज किया है। बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता शंभूनाथ चौधरी ने 118 एफआईआर दर्ज किए जाने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि दर्ज एफआईआर बिजली की चोरी से संबंधित है। डालटनगंज शहरी क्षेत्र में कुछ लोगों ने बिजली चोरी के नया तरीका ढूंढ लिए है। उपभोक्ता बिजली का उपयोग कर लेते हैं लेकिन उनका मीटर नहीं चलता है। चोरी की इस तकनीक को बिजली तार का बाईपास कहा जाता है। बिजली तार के बाईपास के मतलब है कि बिना मीटर के चले भी घर,दुकान में बिजली का उपयोग किया गया। कहा कि यह बड़ा अपराध है। बिजली विभाग ने पिछले में महीने में 118 एफआईआर दर्ज किया है। 471 छापामारी अभियान भी चलाया गया है। बिजली की चोरी के लिए डालटनगंज शहरी क्षेत्र में 2 लाख 78 हजार का दंड लगाया गया गया है। इसी तरह डालटनगंज ग्रामीण क्षेत्र में 4 लाख 12 हजार, पाटन क्षेत्र में भी 3 लाख का दंड बिजली चोरी का लगाया गया है। कुल 9 लाख 96 हजार का दंड बिजली विभाग ने लगाया है। डाल्टनगंज शहरी, ग्रामीण, पाटन में 6 लाख 55 का हजार रूपया बकाया है।

### जागरूकता

### विभाग ने शुरू की मलेरिया से बचाव की तैयारी

# डीडीटी की जगह सिंथेटिक पाइरेथ्रोइड्स का होगा छिड़काव

- **पुराने मेडिकेटेड मच्छरदानी के बदले नया मिलेगा**
- **2019-20 के बाद से नहीं बंटा है मेडिकेटेड मच्छरदानी**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** गर्मी का मौसम अपने अंतिम स्थिति में है। कुछ दिनों के बाद मॉनसून का प्रवेश हो जाएगा। पलामू जिला शुरू से ही मलेरिया जोन के रूप में चिन्हित रहा है। बरसात आने के पूर्व ही मलेरिया विभाग संभावित मलेरिया से बचने के उपाय पर तैयारी शुरू कर देता है। बता दे कि बरसात का मौसम शुरू होते ही जिले में मलेरिया पीड़ित रोगियों की संख्या में बढ़ावा होना शुरू हो जाता है। विभाग मलेरिया के रोक थाम के हर संभावित प्रयास करना शुरू कर देता है। बरसात के मौसम में सदर अस्पताल में मलेरिया रोगियों की सख्या में काफी वृद्धि हो जाती है। मलेरिया से बचाव के लिए विभाग पहले मेडिकेटेड मच्छदानी का वितरण करता था। फिलहाल 2019-20 में मलेरिया विभाग द्वारा आखरी बार मेडिकेटेड मच्छरदानी का वितरण किया था। सिंथेटिक पाइरेथ्रोइड्स एक तरीके का रसायन होता है। इसके दुष्प्रभाव को नियंत्रित करने के लिए पाइरेथ्रोइड्स का बहुत कम मात्रा में इस्तेमाल किया जाता है। साथ ही यह मानव स्वास्थ्य व पर्यावरण के लिए डीडीटी की तुलना में काफी कम दुष्प्रभावी है।

#### 2019-20 में बांटे गए फटे मच्छरदानी को बदला जायेगा : जिला मलेरिया पदाधिकारी

जिला मलेरिया पदाधिकारी डा. जितेंद्र कुमार ने बताया कि इस बार 2019-20 में बांटे गए फटे मच्छरदानी को नए मच्छरदानी देकर बदला जाएगा। पूर्व में मच्छरों के पनपने से रोकने के लिए डीडीटी का छिड़काव किया जाता था। इस बार बरसात के मौसम में मलेरिया विभाग की ओर से सरकार के डीडीटी का छिड़काव नहीं कर सिंथेटिक पाइरेथ्रोइड्स का उपयोग पर विचार किया जा रहा है।



### अरहर की खेती को बढ़ावा देने पर विमर्श

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर के टाउन हॉल में आत्मा की पलामू यूनिट ने कार्यशाला कर दलहन खासकर अरहर के आच्छादन को बढ़ावा देने पर विमर्श किया। इस क्रम में उत्पादन, उत्पादकता एवं विपणन को बढ़वा देने पर भी चर्चा की गई। एकदिवसीय कार्यशाला का उदघाटन उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने समेति के निदेशक विकास कुमार, उपनिदेशक अभिषेक तिर्की, पलामू के जिला कृषि पदाधिकारी, लातेहार के जिला कृषि पदाधिकारी, जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी, कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी, कनीय अभियंता, उप परियोजना निदेशक आदि के साथ किया। कार्यशाला में बीटीएम, एटीएम, एफपीओ, किसान मित्र और प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया।

## चिनियां में पानी के लिए मचा हाहाकार

# एक कुएं पर 25 घरों के लोग आश्रित

- नहाने का पानी भी नसीब नहीं होता है : ग्रामीण
- कुएं का पानी अब सूखने लगा है





**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**
चिनिया मुख्यालय के चिखुरापत्थर टोला के ग्रामीण में इन दीनों इस भीषण गर्मी में पानी की भारी कीलतों का सामना कर रहे है। दरअसल इस टोला में वर्षों पुरानी एक जर्जर कुआं स्थित है जहां इस टोले के लगभग 25 घरों के लोग आज भी इस कुआं का गंदा पानी पीने को बिवस है, इस टोला में आदिम जनजाति के लोग व खरवार जाति के लोग निवास करते हैं । दुख की बात यह है कि इस गर्मी में इस कुआं का पानी भी सफा चट हो जा रहा है । टोला में तीन चापाकल लगा हुआ है लेकिन जल स्तर नीचे होने से तीनों चापाकल बंद पड़े हुए है । ग्रामीण जयशंकर परहीया, सीमा कुमारी, संध्या देवी, गोपाल परहीया, शर्मा परहीया, शांति देवी, रूद्रा देवी, कमोदा देवी, सहित अन्य ने बतलाया कि हम लोग बिते कई वर्षों से इस जर्जर पड़ी कुआं का पानी पी रहे हैं, लेकिन इस भिसन गर्मी में यह कुआं भी जवाब दे दे रहा है ।

सुबह 10:00 बजे के बाद कुआं का पानी खत्म हो जाता है । जो देर शाम तक पानी जुहता है जिसे हम लोग पी रहे हैं । कई घर के लोग तो साइकिल से दूसरे जगह से पानी लाकर पी रहे हैं व अन्यत्र उपयोग कर रहे है, लेकिन अभी तक कोई भी जनप्रतिनिधि इस टोला में हमारी सुधि लेने नहीं पहुंचे है। टोला में पानी नहीं होने के कारण हहाकार मचा हुआ है । किसी तरह से हम लोग इस जर्जर पड़े कुआं से अपनी प्यास बुझाने के साथ रोजमर्रा का कार्य निपटा रहे हैं , वही टोला के युवाओं ने बताया कि हम लोगों को नहाने के लिए भी इस भीषण गर्मी में तरसना पड़ रहा है। पानी की व्यवस्था करने में हम लोगों का काफी समय निकल जा रहा है । तो वही ग्रामीणों ने प्रखंड प्रशासन से पानी की सुविधा के लिए तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग कि है । बताते चले कि झुलसा देने वाली धूप के साथ पड रही तेज गर्मी के बीच प्रखंड के कई गांव में दिन प्रतिदिन पानी की समस्या गहराता चला जा रहा है। प्रखंड में कई ऐसे गांव है जहां लोगों को पानी की घोर कीलतो का सामना करना पड़ रहा है । अगर हाल के दिनों में अच्छी बारिश नहीं हुई तो प्रखंड के कई अधिकांश इलाकों में पानी की गंभीर समस्या उत्पन्न हो सकती है ।

## खरौंधी बाजार में कपड़े की दुकान में हुई लाखों की चोरी



**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी(गढ़वा)**
खरौंधी बाजार मे चोरी की घटनाएं तेजी से बढ़ने पर व्यवसाईयों में आक्रोश है। बाजार परिसर में चोरी की घटना पर रोक नहीं लगने पर आक्रोशित व्यवसाई तथा जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। मंगलवार को रात्रि में खरौंधी बाजार स्थित ताहिर कपड़ा दुकान में चोर ने चोरी कर ली है। दुकानदार ताहिर अंसारी ने बताया मंगलवार की शाम दुकान बंद करके घर चले गए थे। नियमित सुबह आकर दुकान खोले तो देखे की दुकान में कपड़ा बिखरा हुआ है। चोर दुकान के पीछे सीढ़ी पर लगे सीटा को तोड़कर छत से अंदर घुसा था। चोर दुकान से बेस कीमती कई जींस और लोवर साथ ले गया। साथ ही बताया खरौंधी में चोरी की घटना लगातार बढ़ रही है। अब तक चोर लगभग एक दर्जन दुकान में चोरी कर लिया है। सूचना पर थाना प्रभारी अनिमेष शांतिकारी ने एएसआई निरंजन सिंह को दल बाल के साथ घटना स्थल पर भेजा। एएसआई निरंजन सिंह स्थल पर पहुंचकर चोरी की घटना की जानकारी लिया। वही चोरी की घटना लगातार बढ़ने पर व्यवसाईयो में आक्रोश व्याप्त है। व्यवसाई प्रशासन से जल्द चोर को पकड़ने की मांग किया। जानकारी के अनुसार दो माह पूर्व चोर बाजार के कोन मोड़ स्थित संजय वस्त्रालय, नावाडीह में एक ही घर से 25 बकरी चोरी, रमाशंकर जायसवाल के घर में, महेंद्र साव के दुकान में चोरी हो चुकी है। इस संबंध में थाना प्रभारी अनिमेष शांतिकारी ने बताया जब से पुलिस को चोरी की सूचना मिला है। उसी समय से प्रशासन लगातार छापेमारी कर रही है। जल्द ही चोरी की घटना का उद्भेदन कर लिया जायेगा। इस दौरान बृजबिहारी दुबे, विकास कुमार सहित दर्जनों व्यवसाई उपस्थित थे।

### कोर्ट नोटिस

न्यायालय में,
श्रीमान सब जज, प्रथम्
नगर उंटारी, गढ़वा

O.S.- 85/2022

कसमुदीन अंसारी वगै०

**बनाम**

1. उपायुक्त, गढ़वा
2. अंचल अधिकारी, नगर उंटारी
3. सर्वे सह वन्दोवस्त पदाधिकारी, मेदनीनगर
4. असगर अंसारी पिता स्व० जमाल अंसारी ग्राम कधवन, पो० भोजपुर, थाना नगर उंटारी जिला गढ़वा

इस नोटिस के माध्यम से आपको सूचित करना है कि आपके विरूद्ध मेरे न्यायालय में वादी कसमुदीन अंसारी वगैरह द्वारा स्वत्व वाद संख्या 85/2022 दायर किया गया है जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि दिनांक 29.7.24 को समय 10.30 बजे स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखे अन्यथा एक पक्षीय सुनवाई की जायगी।

इसे सख्त ताकिद समझे।

आज दिनांक 10.6.24 को मेरे मुहर एवं हस्ताक्षर से निर्गत

**हस्ताक्षर**
**सब जज प्रथम**
**नगर उंटारी, गढ़वा**

### कोर्ट नोटिस

**न्यायालय, प्रधान जिला न्यायाधीश-सह- मोटरयान दुर्घटना दावा अधिकरण, गढ़वा।**
**मोटर दुर्घटना दावा (एम०भी०) वाद सं० 46/2023**
**ललिता देवी एवं 04 अन्य (आवेदकगण)** सभी निवासी ग्राम-मुरमा कला, पोस्ट-केतात, थाना-रेहला, जिला-पलामू, झारखण्डः।

**बनाम**

**1. जुलफेकार अली शाह पिता मो० मुख्तार अली शाह, (विपक्षी सं० 1)** निवासी वार्ड नं0-10, माली मुहल्ला, थाना पोस्ट मेदनीनगर, डालटनगंज, जिला-पलामू, झारखण्ड। वाहन सं० JH-03AE-5796 (चालक व स्वामी)
**2. जगदीश राम पिता श्री महादेव राम, (विपक्षी सं० - 3)** ग्राम मुरमा कला, पोस्ट केतात, थाना रेहला, जिला पलामू, झारखण्ड।

इस नोटिश के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि आवेदिका ललिता देवी व अन्य ने आपके विरूद्ध मेरे न्यायालय में मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 166 के अन्तर्गत, मोटर दुर्घटना दावा (एम०भी०) वाद सं० 46/2023 दायर किया है जो लम्बी अवधि से आपकी उपस्थिति हेतु लंबित चला आ रहा है। वाद में सुनवाई हेतु अगली तिथि दिनांक 05/07/2024 निर्धारित की गई है जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है।

अतः आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 05/07/2024 को 10:30 बजे पूर्वाह्न में इस न्यायालय उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय सुनवाई की जाएगी। इसे सख्त ताकीद जानें। आज दिनांक 07/06/2024 को मेरे मुहर एवं हस्ताक्षर से निर्गत।

**प्रधान जिला न्यायाधीश-सह- मोटरयान दुर्घटना दावा अधिकरण, गढ़वा।**

## एक नजर

### छोटी सी बात को लेकर हुई मारपीट युवक घायल

**गढ़वा।** गढ़वा पलामू जिले के विश्रामपुर थाना क्षेत्र के चौधरी मोहल्ला निवासी स्वर्गीय गोविंद पासवान का पुत्र जितेंद्र कुमार पासवान मारपीट की घटना में घायल हो गया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में जितेंद्र कुमार पासवान ने आरोप लगाया है कि रेहला स्थित निर्मला कॉलेज ऑफ नर्सिंग का छात्र है बुधवार को अंतिम परीक्षा देने के लिए सूरत पांडे डिग्री कॉलेज में अपने परीक्षा केंद्र में आया हुआ था। इसी दौरान परीक्षा हॉल में डेंटल कॉलेज के छात्र के द्वारा शोर मचा रहा था । इससे परीक्षा हॉल में परीक्षा दे रहे छात्रों को कठिनाई हो रही थी। इस बात को लेकर डेंटल कॉलेज के छात्रों को शोर मचाने से मना किया तो दोनों के बीच आपस में नोंकझों को गया। इसके बाद परीक्षा समाप्ति होने के बाद डेंटल कॉलेज के कुछ छात्रों ने कॉलेज से बाहर निकालने के बाद जितेंद्र कुमार पासवान के साथ मारपीट कर घायल कर दिया।

### रैयती जमीन से बालू उठाव, सीओ को दिया आवेदन

**केतार।** प्रखंड के सिंहपुर गांव निवासी चंदन सिंह ने बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी सावित्री कुमारी को आवेदन देकर गांव के कुछ लोगों द्वारा अपने रैयती खेत से जबरजस्ती बालू उठाव करने का शिकायत किया है। आवेदन में उल्लेख किया है की सिंहपुर गांव के ही कुछ लोग जबरन मेरे रैयती खेत से बालू का उठाव कर पुल निर्माण के लिए डंप कर रहे हैं।

### कीटनाशक खाकर महिला ने आत्महत्या का किया प्रयास

**गढ़वा।** गढ़वा थाना क्षेत्र के दुबे मरठीया गांव निवासी ओम प्रकाश चौहान की पत्नी मनीषा देवी ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि मनीषा देवी का पति घर से बाहर काम करते हैं गया हुआ है। मनीषा घर में अकेली थी किस बात को लेकर जहर खाई है। उसकी जानकारी परिजनों को नहीं है। घटना के जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने उसे गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसकी स्थिति स्थिर बनी हुई है।

## ग्रामीणों ने बीडीओ को सौंपा आवेदन डीलर को निलंबित करने की मांग

**डीलर ने तीन माह का नहीं दिया राशन**



**नवीन मेल संवाददाता। केतार**
प्रखंड के बांसडीह कला गांव के दर्जनों ग्रामीणों ने बुधवार को बीडीओ सावित्री कुमारी को आवेदन देकर पीडीएस डीलर पर पर्ची निकाल कर राशन नहीं देने का गंभीर रूप आरोप लगाया है। ग्रामीण मोती यादव, अयोध्या यादव, राम पवन मेहता, सत्यनारायण यादव, राजेश्वर यादव, जयानंद यादव, शंकर यादव, उर्मिला देवी, विमली देवी, सुनैना देवी, मामता देवी, शांति देवी,अवध यादव, नंदू यादव, गोपाल यादव, रेशमी देवी ने बताया की बांसडीह कला गांव के जनवितरण प्रणाली के दुकानदार रवि राम के द्वारा विगत वर्ष 2023 में लाभुकों से पॉस मशीन में लाभुकों से अंगुठा लगवाकर पर्ची निकाल लिया गया लेकिन चार माह का राशन वितरण लाभुकों को नहीं किया गया है। वहीं वर्ष 2024 में मार्च, अप्रैल और मई माह का पर्ची निकाल कर पर्ची लाभुकों को नही दिया और राशन भी नहीं दिया गया है। ग्रामीणों ने बताया की डीलर रवि राम तबियत खराब होने का हवाला देकर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी से चार माह का छुट्टी का मांग किया गया है। ग्रामीणों ने बताया की डीलर का तबियत खराब नहीं है लाभुकों को बकाया राशन देने से बचने के लिए तबियत खराब का बहाना बना रहा है। इधर ग्रामीणों द्वारा आवेदन प्राप्त होते ही प्रखंड विकास पदाधिकारी सह आपूर्ति पदाधिकारी सावित्री कुमारी ने पंचायत सचिव राम सुरेश राम, प्रखंड समन्वयक राकेश कुमार कुमार को बांसडीह कला भेजकर जून माह का राशन वितरण लाभुकों के बीच शुरू कराया। बीडीओ ने कहा की जांचोपरांत विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी।

## प्रमुख ने प्रखंड कार्यालय का किया निरीक्षण, 21 कर्मी मिले गायब



**नवीन मेल संवाददाता। केतार**
प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी ने बुधवार को 10:30 बजे प्रखंड सह अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान 21 प्रखंड व अंचल कर्मी कार्यालय से अनुपस्थित मिले। निरीक्षण की खबर मिलते ही ब्लॉक कर्मी भागे-भागे कार्यालय पहुंचे और प्रमुख कार्यालय में जाकर रजिस्टर पंजी पर उपस्थिति बनाया। उपस्थिति बनाने का सिलसिला 11:40 तक जारी रह। इस पर प्रमुख चंद्रावती देवी ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा की प्रखंड व अंचल के कर्मी कार्यों के प्रति लापरवाही बरत रहे हैं, कर्मी समय से कार्यालय नहीं पहुंचते हैं और ज्यादातर अनुपस्थित ही रहते हैं। इससे दुर - दराज के गांवों से अपने समस्या के समाधान के लिए आने वाले लोगों को मायुस होकर लौटना पड़ रहा है। उन्होंने बीडीओ सावित्री कुमारी को पत्र प्रेषित कर कार्यालय से नदारद रहने वाले कर्मियों पर कारवाई करने को कहा है। प्रमुख ने कहा की कारवाई नहीं हुआ तो उपायुक्त और उप विकास आयुक्त से शिकायत करूंगी। कार्यालय से अनुपस्थित रहने वाले में बीपीओ दीपक जयसवाल, कनिय अभियंता आनंद कुमार, अमर भारती, सत्यम कुमार,रोजगार सेवक विनय कुमार, राम कुमार प्रजापति, लेखा सहायक जितेन्द्र कुमार, समन्वयक राकेश कुमार, प्रधान सहायक सिदेश्वर नाथ सिंह, पंचायत सचिव आयुषी चौबे, नवल-किशोर यादव, जनसेवक राजीव कुमार, आपरेटर दीपक कुमार, रघुनाथ पाल , अमीन कामेश्वर मिस्त्री, गार्ड शिव दुलाल बैठा, रिजवान अंसारी, लिपिक सतिश कुमार, चालक उपेंद्र कुमार और सुभाष कुमार अनुपस्थित थे। इधर इस सम्बन्ध में प्रखंड विकास पदाधिकारी सावित्री कुमारी ने कहा की कर्मी फिल्ड वर्क में थे,कार्यालय से एक भी कर्मी अनुपस्थित नहीं है।

### दो महिला मरीजों का हुआ सफल ऑपरेशन

**गढ़वा।** गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती महिला सहित दो मरीजों को बुधवार को पैर के हड्डी का ऑपरेशन सफल पूर्वक किया गया इसमें माझिआंव थाना क्षेत्र मझिगवां गांव निवासी मुंशी बैठा का पुत्र अजय बैठा एवं कांडी थाना क्षेत्र के मुखापी गांव निवासी वीरेंद्र राम की पत्नी रिंकू देवी के नाम शामिल है। इस संबंध में दोनों मरीजों के परिजनों ने बताया कि दोनों मरीज मोटरसाइकिल कि टक्कर में दोनों का दाया पैर बुरी तरह से फैक्चर हो गया था। इसके बाद दोनों मरीज को गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया था । जहां से दोनों को हायर सेंटर के लिए रेफर किया जा रहा था । लेकिन दोनों के परिजनों के पास निजी अस्पताल में इलाज करने के लिए पैसे का अभाव था। इसके बाद दोनों के परिजनों ने हड्डी के चिकित्सक डॉक्टर नौशाद आलम से संपर्क किया परिजनों ने अपनी स्थिति बताई इसके बाद उन्होंने दोनों मरीजों को ऑपरेशन करने के लिए तैयार हो गए।

## एनजीटी की रोक के बाद भी भंडरिया में रात भर हो रही है बालू की अवैध ढुलाई



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
गढ़वा जिले के भंडरिया थाना क्षेत्र के बघवार स्थित कनहर नदी से अवैध बालू की ढुलाई में लगे दर्जनों ट्रैक्टरों को बीती रात ग्रामीणों ने रोक दिया। रात भर ट्रैक्टरों को गढ़वा एसपी दीपक कुमार पांडेय, रंका डीएसपी रोहित रंजन एवं भंडरिया थाना प्रभारी सह इस्पेक्टर चंदन कुमार को रोककर इस मामले पर करवाई के लिए जानकारी देने के बाद भी रात के ढाई बजे तक करवाई की उम्मीद खत्म होता देख ग्रामीणों ने इन ट्रैक्टरों को छोड़ दिया। वही इस दौरान अवैध बालू की ढुलाई से आक्रोशित ग्रामीणों ने ट्रैक्टर मालिकों को इस क्षेत्र से बालू नही ले जाने की कड़ी हिदायत दी। जानकारी के अनुसार पहले की तरह बीती रात भी बघवार के कनहर नदी से बालू की अवैध ढुलाई हो रही थी। इसी दौरान कनहर नदी से बालू के उठाव में लगे दर्जनों ट्रैक्टरों को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। वहीं सभी ट्रैक्टरों को प्रशासन से जप्त कराने की बात कही। इसे लेकर ग्रामीणों ने इसकी सूचना भंडरिया प्रखण्ड प्रमुख,मुखिया एवं अन्य जनप्रतिनिधियों को दी। मौके पर पहुँचे प्रमुख ने करीब साढ़े दस बजे फोन के माध्यम से इसकी जानकारी भंडरिया थाना प्रभारी को दी। उन्होंने इस मामले पर ज्यादा रात होने की बात कहकर देखने की बात कहते हुए फोन को काट दिया.इसके एक घंटे बाद गढवा एसपी दीपक कुमार पांडेय को दी गई। उन्होंने ने भी इस मामले में जगह की नाम पूछकर डीएसपी से देखवाने की बात कही। लेकिन एक घंटे बाद भी किसी तरह की कोई प्रशाशन के लोग करवाई के लिए नही पहुँचे। इसके बाद प्रमुख ने पुनः इसकी जानकारी रंका डीएसपी को दी,रंका डीएसपी ने इस मामले में गाड़ी की संख्या पूछते ही कहा कि काफी रात हो गई है। यदि पहले बताते तो देखते,इसके बाद भी उन्होंने देखने की बात कही। लेकिन रात के ढाई बजे तक पुलिस प्रशाशन के किसी अधिकारी के नही पहुँचने के कारण ग्रामीणो ने चेतावनी देकर ट्रैक्टर को छोड़ दिया। ग्रामीण जो अवैध बालू धुलाई को रोकने में मुख्य रूप से राजू नायक विशुत्री अध्यक्ष, कर्मी देवी पंचायत समिति सदस्य, अयोध्या प्रसाद, दशरथ सिंह झरी सिंह कमेश यादव विकास यादव, सत्येंद्र घासी दया शंकर प्रसाद अशोक प्रसाद, प्रदीप भुईया, गोवर्धन भुईया, महेंद्र घासी
सहित अन्य लोगों ने बताया कि रात भर तेज गति से चलने के कारण रात भर पूरे गांव के लोग सो नही पाते हैं। ग्रामीण बताते हैं कि इन ट्रैक्टरों की आवाजाही से निकलने वाले हेलीकॉप्टर की आवाज से लोग परेशान रहते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इसकी सूचना पुलिस प्रशाशन सहित सीओ एवं अन्य अधिकारियों को लगातार दी जाती है लेकिन बालू के इस अवैध मामले में किसी तरह की कोई करवाई नहीं कि जाति है। ग्रामीणो ने प्रसाशन पर मिलीभगत का भी आरोप लगाया है।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर।

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

**e-Tender Reference No. : WRD/MID/MEDININAGAR/F$_2$-09/2024-25 Dated :-11/06/2024**

1. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, मेदिनीनगर।
2. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का मोबाईल नम्बर :– 06562-240100
3. वेबसाईट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 20/06/2024 (अपराहन 04.00 बजे से)
4. वेबसाईट में ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 04/07/2024 (अपराहन 12.00 बजे तक)
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 05/07/2024 (अपराहन 01.00 बजे)

| क्र0 | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रुपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रुपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | हदहदवा नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण | पंडवा | 47,83,900.00 | 95,700.00 | 5,000.00 | 11 माह |

(1) केवल ई–निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
(2) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा ही स्वीकार्य होगी।
(3) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जवाबदेही संबंधित निविदादाता की होगी।
(4) प्राक्कलित राशि घट बढ़ सकती है। अग्रधन की राशि परिमाण विपत्र की राशि के अनुसार होगी।
(5) राज्य सरकार के द्वारा निर्गत सभी अद्यतन आदेश/परिपत्र लागु होंगे।
(6) विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **http://jharkhandtenders.gov.in** मेंलॉगआन करें।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर।

PR.NO.326106 Minor Irrigation(24-25):D



## कार्यालय नगर पंचायत छत्तरपुर (पलामू)।
अति–अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना सं0–**NPC-NIT-01/2024-25**

1. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :–कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, छत्तरपुर (पलामू)।
2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– दिनाक–14.06.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक– 28.06.2024 एवं समयः 5.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने का स्थान, तिथि एवं समय :– कार्यालय, नगर पंचायत, छतरपुर के कार्यालय वेश्म, छत्तरपुर /29.06.2024/02.00 बजे अपराह्न।
5. निविदा प्रकोष्ठ का मोबाईल संख्या :– 7004032340, 9608834366

कार्य मद :–15वें वित्त आयोग।

| SL No. | Name of Work | प्राक्कलित राशि | निविदा शुल्क (रू0 में) | अग्रधन की राषि (रू0 में) | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Cosnstruction of PCC Road from (a) Khalifa Kabristan To Msjid Ansari Tola, (b) H/o Safik Alam to H/o Karban Ansari in ward NO. 09 | 1753550.00 | 10,000.00 | 35,071.00 | 30 Days |
| 2 | Cosnstruction of PCC Road from (a) H/o Naresh Ram to H/o Sandep Kumar, (b) H/o Pintu Chandrawanshi to SV Elite School in ward No. 07 | 1918900.00 | 10,000.00 | 38,378.00 | 30 Days |
| 3 | Cosnstruction of PCC Road from H/o Sudama Singh Shiv to H/o Anuel Haq Via Chaubatiya in ward No. 09 | 1510750.00 | 10,000.00 | 30,215.00 | 30 Days |
| 4 | Construction of PCC Road from Amrika Yadav To H/o Janeshwar yadav in Ward No. 01 | 2444900.00 | 10,000.00 | 48,898.00 | 30 Days |
| 5 | Construction of PCC Road from H/o Vijay yadav to nageshwar Yadav's Well in ward No. 16 | 1242050.00 | 10,000.00 | 24,841.00 | 30 Days |
| 6 | Construction of PCC Road from Devi Mandir to H/o Satyendra Thakur in ward No. 01 | 1862750.00 | 10,000.00 | 37,255.00 | 30 Days |
| 7 | Construction of PCC Road from H/o Dinesh Uraon To H/o Bilaspati yadav in Sadma in Ward No. 16 | 1230700.00 | 10,000.00 | 24,614.00 | 30 Days |
| 8 | Construction of PCC Road from H/O Prashad Saw to Sadma Main Road & H/o Santosh Singh To Sadma Main Road in ward no. 15 | 1389500.00 | 10,000.00 | 27,790.00 | 30 Days |
| 9 | Construction of PCC Road from H/o Safik Pawariya to H/o Karballah in khatin in ward No. 12 | 1389500.00 | 10,000.00 | 27,790.00 | 30 Days |
| 10 | Construction of PCC Road From Pani Tanki to H/o Bagicha in Ward No. 07 | 1858000.00 | 10,000.00 | 37,160.00 | 30 Days |
| 11 | Construction of PCC Road from H/o Yugeshwar Paswan to H/o Chhathhu Paswan in Ward NO. 10 | 1389500.00 | 10,000.00 | 27,790.00 | 30 Days |
| 12 | Construction of PCC Road from Guleriyatand Chhathh Ghat to Samshan ghat in ward No. 06 | 1676500.00 | 10,000.00 | 33,530.00 | 30 Days |

**कार्य मद :–नागरिक सुविधा मद।**

| SL | Name of Work | प्राक्कलित राशि | निविदा शुल्क (रू0 में) | अग्रधन की राषि (रू0 में) | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Drain From Japla main Road to H/o Main Culvert in Ward NO. 11 | 2045829.00 | 10,000.00 | 40917.00 | 30 Days |

नोटः–
1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार की जाएगी।
2. नगर विकास एंव आवास विभाग के अधीनस्त समुचित श्रेणी या एक श्रेणी उपर निबंधित संवेदको से निविदा आमंत्रित की जाती है।
3. निविदा की शर्ते एवं अन्य जानकारीयाँ http://jharkhandtenders.gov.in पर एवं नगर पंचायत कार्यालय, छतरपुर के सूचना पट्ट पर कार्य दिवस में 11:00 बजे पूर्वाहन से 04:30 अपराहन तक देखा जा सकता है।
4. जिन किन्ही भी संवेदक (प्रोपराईटशीप अथवा पार्टनरशीप) फर्म पर का कार्य लम्बित होगा (यानि समयावधि के अन्तगर्त पूर्ण नहीं हुआ है) उन्हें कार्य आवंटन में प्राथमिकता नहीं दी जायेगी।
5. जिन संवेदकों को कार्यालय द्वारा नियमानुसार कार्य आवंटित होने के पश्चात संवेदकों के द्वारा एकरारनामा नहीं किया जाता है तो ऐसी परिस्थिति में उनके द्वारा समर्पित की गई अग्रधन की राशि जब्त कर ली जायेगी।
6. जिन किन्ही भी संवेदको का कार्य लम्बित होगा (यानि समयावधि के अन्तगर्त पूर्ण नहीं हुआ है) उन संवेदको को कार्य आवंटन में प्राथमिकता देने के लिए कार्यालय बाध्य नहीं हो सकती है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, छतरपुर।

PR 326179 District(24-25)D

## न्यूज बॉक्स

### चंदवा का एकमात्र खेल स्टेडियम सुविधाविहीन है : अश्विनी मिश्रा

**चंदवा।** प्रखंड उप प्रमुख अश्विनी कुमार मिश्र ने चंदवा के एकलौते खेल स्टेडियम की दुर्दशा पर चिंता जाहिर करते हुए इसमें सुधार की मांग खेल विभाग से की है। अश्विनी मिश्र ने कहा कि डेढ़ लाख की आबादी वाले प्रखंड में एकमात्र खेल स्टेडियम वो भी दयनीय हालत में है। यहां के प्रतिभावान खिलाड़ियों के साथ नाइंसाफी है। उप- प्रमुख श्री मिश्र ने आगे कहा कि एक से दो माह के अंदर इस दिशा में ठोस कदम विभाग को उठाना होगा। बरसात में काम शुरू कर अगले वर्ष तक स्टेडियम को खेलने लायक बन जाए इस बाबत वो स्थानीय विधायक और खेल विभाग के सचिव से भी मुलाकात करेंगे। अश्विनी ने आगे कहा कि स्टेडियम में खिलाड़ियों के अलावा बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मॉर्निंग और इवनिंग वॉक के लिए भी आते है,इस कारण खेल के साथ साथ व्यायाम की व्यवस्था जरूरी है।

### केंद्र में तीसरी बार मोदी सरकार बनने एवं कालीचरण सिंह की जीत की खुशी में निकाला गया जुलूस

**बालूमाथ।** बुधवार की संध्या बेला में चतरा लोकसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के जीत और देश में तीसरी बार नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने कि खुशी में बालूमाथ के भाजपाइयों ने विजय जुलूस निकाला। विजय जुलूस भाजपा चुनाव कार्यालय से प्रारंभ होकर कसियाडीह



प्रखंड कार्यालय मुरपामोड़, चेक नाका थाना चौक बस पड़ाव दुर्गा मंडप टमटम टोला महावीर मंदिर चौक होते हुए से बैंड और डीजे बाजे के साथ गुजरी। इस दौरान उपस्थित कार्यकताओं ने भारत माता की जय भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद नरेंद्र मोदी जिंदाबाद कालीचरण सिंह जिंदाबाद आदि नई डंपर लगाएं और आतिशबाजी की इस दौरान लोगों ने राह चलते लोगों के बीच लड्डू का वितरण करते हुए। एक दूसरे को अबिर गुलाल लगाए और जीत की बधाई दी ।

### हाइवा ने शिव मंदिर को किया क्षतिग्रस्त, ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

**लातेहार।** डीवीसी कॉल माइंस से परिचालन हो रहे एक हाईवा ने बीती रात्रि सदर प्रखंड के डीही पंचायत के मुरुप ग्राम स्थित शिव मंदिर को क्षतिग्रस्त कर दिया जिससे ग्रामीण उग्र हो गये। उग्र ग्रामीणों ने मुरुप चौक के पास सड़क जाम कर दिया। जिससे दोनों तरफ गाड़ी की लंम्बी कतारें लग गई। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि डीवीसी कंम्पनी के द्वारा नियम का उल्लंघन कर 24 घंटे कोयला का ढुलाई किया जा रहा है जिससे हम लोग काफी परेशान हो गये। साथ ही जहां तहां बड़े बड़े गड्ढे हो हो जाने के कारण आए दिन दुर्घटना हो रही है। आज इसी का नतीजा है कि इन्होंने हमारे शिव मंदिर को क्षतिग्रस्त कर हिंदू समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का कार्य किया गया है। जिसको हम कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे आगे उन्होंने कहा कि कंपनी के द्वारा समय पर पानी का छिड़काव भी नहीं किया जा रहा है। जिसका नतीजा है कि आज हम लोग धूल फांकने पर विवश हो गये हैं।

### राज्य स्तरीय टीम ने मनरेगा योजनाओं का किया निरीक्षण

**गिद्धौर/पत्थलगड़ा (चतरा)।** मनरेगा की राज्य स्तरीय टीम ने बुधवार को जिले के गिद्धौर व पत्थलगड़ा प्रखंड के दो-दो पंचायतों में मनरेगा के तहत संचालित योजनाओं का स्थल निरीक्षण किया। टीम में शामिल सदस्य राजीव रंजन कुमार व राज्य समन्वयक मनीष शर्मा गिद्धौर प्रखंड के गिद्धौर व मंझगावां पंचायत का भ्रमण कर मनरेगा से संचालित डोभा, आम बागवानी, सिंचाई कूप निर्माण आदि योजनाओं का स्थल निरीक्षण कर कर कूप निर्माण योजना को जल्द पूर्ण कराने का निर्देश संबंधित रोजगार सेवक को दिया। जबकी डोभा व आम बागवानी योजनाओं में और बेहतर करने का निर्देश दिया। निरीक्षण में बीपीओ रामकुमार सिंह,सहायक अभियंता मनोज कुमार, कनीय अभियंता सचिन दत्त शर्मा, रोजगार सेवक निर्मल दांगी, सत्येंद्र कुमार वर्मा, प्रदीप कुमार, अभय कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित थे। वहीं पत्थलगड़ा प्रखंड के बरवाडीह व नवाडीह पंचायत में मनरेगा से संचालित विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण के क्रम में कूप निर्माण योजना को जल्द पूर्ण कराने के साथ डोभा व आम बागवानी में और बेहतर करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी योजना बोर्ड में लोकपाल का नाम और मोबाइल नंबर लिखने का भी निर्देश दिया। इस दौरान बरवाडीह मुखिया संदीप कुमार सुमन, नवाडीह पूर्व मुखिया मेघन दांगी, बीपीओ राजेशवर कुमार, पंचायत सचिव मो. असलम, लखन प्रसाद यादव, मनोज कुमार, रोजगार सेवक जीतेन्द्र कुमार गुप्ता व पुंकेश सिंह आदि शामिल थे।

### तेज रफ्तार कोयला वाहन पुल के नीचे गिरा

**गिद्धौर(चतरा)।** बुधवार की सुबह तेज रफ्तार कोलवाहन अनियंत्रित हो गिद्धौर थाना क्षेत्र के चिरैंयां मोड़ के समीप पुल के नीचे गिर गया। जिसमें चालक बाल-बाल बच गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर स्थित का जायजा लिया। बताया गया कि कोल वाहन केरेडाडी से कोयला लेकर कटकमसांडी डंप करने जा रहा था। इसी बीच चिरैया मोड़ के समीप पुल के नीचे गिर गया। मालूम हो कि चतरा-कटकमसांडी मुख्य पथ में कोल वाहनों के तेज रफ्तार व लापरवाही के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होते रहती है। ऐसे में सड़क किनारे बसे ग्रामीण भी हाईवा वाहन के परिचालन से भयभीत रहते हैं।

### शरारती तत्वों ने जंगल में लगाई आग, बड़ी संख्या में पौधे नष्ट

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र के बड़की नदी के समीप बीते देर रात शरारती तत्वों ने जंगल में आग लगा दी। जिसमें सैकड़ो छोटे-छोटे पौधे जलकर नष्ट हो गए। आग पर काबू पाने का लोगों ने भरपूर प्रयास किया। परंतु आग पर काबू नहीं पाया गया और देखते ही देखते पूरे जंगल में आग फैल गई। आग किसने लगाई और क्यों लगाई अभी तक कोई पता नहीं चल पाया है। कई ग्रामीणों का कहना है कि कोई राहगीर सिगरेट पीकर जंगल में फेंक दिया होगा, जिससे आग लग गई। जबकि कई लोगों का कहना है भूमि अतिक्रमण को लेकर आग लगाई गई है। ऐसे में वन विभाग से जांच कर कार्रवाई की मांग लोगों ने की है।

### 15 को बेतला वन विभाग का घेराव करेंगे ग्रामीण

**बरवाडीह।** बरवाडीह के बेतला वन विभाग कार्यालय का ग्रामीणों ने 15 जून को घेराव करने का निर्णय लिया है। इसे लेकर मतनाग गांव के परहिया टोला में बुधवार को पूर्वी जिप सदस्य कन्हाई सिंह के नेतृत्व में ग्रामीणों की बैठक हुई।बैठक में जिप सदस्य कन्हाई सिंह ने कहा कि वन विभाग के द्वारा बिना ग्रामसभा किए हमारे जंगल के चारो ओर से ट्रेंच काट कर तार से घेराबन्दी की जा रही है। यह जंगल ग्रामीणों की पुरखों की है और तब से इस जंगल का देखभाल ग्रामीण करते आ रहे हैं। पूर्वी जिप सदस्य कन्हाई सिंह ने कहा की ग्रामसभा की अनुमति के बिना वन विभाग कोई भी अपना गतिविधि नही कर सकता है। जंगल की घेराबंदी रोकने के लिए हम सभी को एक होना होगा और वन विभाग से लड़ाई लड़ना होगा। किसी भी हाल में घेराबंदी नही होने देंगे। कन्हाई सिंह ने 15 जून दिन शनिवार को बेतला वन विभाग कार्यालय का घेराव में शामिल होने के लिए हजारों की संख्या में ग्रामीणों से आने की अपील की है। बैठक में वनाधिकार समिति के अध्यक्ष रामजनम सिंह, छठू सिंह, धर्मेंद यादव आदि ग्रामीण मौजूद थे।

# टोरी फ्लाईओवर का निर्माण शुरू कराने को लेकर माकपा ने खून से लिखा मांगपत्र

**टोरी रेलवे क्रॉसिंग पर घंटों जाम में फंसकर बीमार मरीज अपनी जान गंवा रहे हैं, इसके बाद भी इस समस्या के समाधान के लिए किसी को कोई चिंता नहीं है**



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं ने टोरी - चंदवा एनएच 99 न्यु 22 में फ्लाई ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य जल्द शुरू कराने को लेकर अपने खून से मांगपत्र लिखा। मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री और केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री के पदनाम खून से लिखे मांगपत्र को डीडीसी सुरजीत कुमार सिंह को सौंपा गया। जिसमें फ्लाई ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य जल्द शुरू करने की मांग की गई है।
इसके पहले समाहरणालय स्थित नगर पंचायत कार्यालय परिसर में माकपा कार्यकर्ता एकत्र हुए, अपने - अपने शरीर से खून निकलवाया, इसी खुन से प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री के संबोधित मांग पत्र तैयार किया, लिखने के दौरान कलम के जगह बरस और स्याही के जगह खून का इस्तेमाल किया।
खून से लिखे मांगपत्र को हाथों में लेकर विरोध प्रदर्शन भी किया, केंद्र, राज्य सरकार और एनएच विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए रोष प्रकट किया। पार्टी के जिला सचिव सुरेंद्र सिंह ने बताया कि टोरी फ्लाई ओवर ब्रिज निर्माण की मंजूरी मिल चुकी है, पैसा भी आवंटित कर दिया गया है, जमीन की अधिग्रहण भी हो चुका है दिनांक 03 अप्रैल 2021 को सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्री नीतिन गडकरी ने आरओबी का आउनलाईन शिलान्यास भी की है। लेकिन एनएच विभाग की लापरवाही के कारण कार्य शुरू नहीं हुआ, संबंधित विभाग सोई हुई है, केंद्र और राज्य सरकार, व रेलवे विभाग एवं एनएच विभाग को जगाने के लिए खून बहाना पड़ रहा है।
वरिष्ठ नेता अयुब खान ने कहा कि टोरी रेलवे क्रॉसिंग पर घंटों जाम में फंसकर बिमार मरीज अपनी जान गंवा रहे हैं इसके बाद भी इस समस्या कि समाधान के लिए किसी को कोई चिंता नहीं है। रेलवे क्रॉसिंग जाम से प्रतिदिन लाखों ग्रामीण परेशान हैं, जाम पर घंटों फंसे रहने के कारण महिलाओं का प्रसव और बिमार व्यक्तियों की मौत रेल क्रॉसिंग पर ही हो जा रही है।टोरी जंक्शन व्यस्त रेलमार्ग है तीन रूट रांची - लोहरदगा से टोरी, टोरी से बालूमाथ, हावड़ा से टोरी भाया दिल्ली समेत अन्य महानगरों तक रोजाना करीब सैंकड़ों गुड्स ट्रेन और दर्जनों एक्सप्रेस ट्रेनों का आना जाना लगा रहता है, जिसके कारण फाटक बंद ही रहता है। शिर्फ लोगों को पास करने के लिए तीन चार मिनट खोल दिया जाता है, एनएच पर फाटक होने के कारण फाटक से हजारों छोटी बड़ी दो पहिया और चार पहिया वाहन से प्रत्येक दिन लाखों लोग गुजरते हैं जो रेलवे क्रॉसिंग जाम में आधे से अधिक घंटे तक फंसे रहते हैं।जाम में मरीज लिए एम्बुलेंस भी फंस जाती है, दर्जनों मरीजों की मौत फाटक जामपर फंसने से हो चुकी है।रेलवे क्रॉसिंग जाम समस्या से झारखंड की आधी आबादी प्रभावित है।
नेताओं ने कहा कि निर्माण कार्य जल्द शुरू नहीं की गई तो तीखा आंदोलन किया जाएगा।

### नक्सलियों ने सड़क निर्माण में लगी फ्लोरी मशीन को किया आग के हवाले

**कुंदा (चतरा)।** अति उग्रवाद प्रभावित कुंदा थाना क्षेत्र अंतर्गत करिलगड़वा स्थित सड़क निर्माण में लगे फ्लोरी मशीन को नक्सलियों ने दिनदहाड़े बुधवार को आग के हवाले कर दिया। ज्ञात हो कि कुंदा थाना क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा लगातार घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है, जो पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बनी हुई है। हाल ही में 25 मई की रात्री हिंदीयाकला गांव में पंकज बिरहोर व उसके पिता की नक्सलियों ने पुलिस मुखबरी के आरोप में हत्या कर दी थी। उक्त घटना की स्याही सुखी भी नहीं थी कि नक्सलियों ने फिर फ्लोरी मशीन को आग के हवाले कर ठेकेदारों में भय का माहौल व्याप्त कर दिया है। पूर्व में भी इसी वर्ष 12 जनवरी को नक्सलियों ने उक्त सड़क निर्माण में लगे फ्लोरी मशीन के टैंक व ट्रैक्टर के टायर में गोली मारकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थी। मशीन के ड्राइवर ने जानकारी देते हुए बताया कि नक्सलियों ने अचानक धावा बोलकर मोबाइल लेकर सिम को निकाल कर फेंक दिया और मशीन को अपने कब्जे में ले लिया।

### पहाड़ की तलहटी में बना इंजीनियरिंग कॉलेज

**प्रतापपुर (चतरा)।** प्रतापपुर प्रखंड मुख्यालय से करीब चार किलोमीटर दूरी पर स्थित पिपरेहट जंगल के समीप पहाड़ी क्षेत्रों को कटींग कर करोड़ों रुपए की लागत से इंजीनियरिंग कॉलेज बन कर लगभग तैयार हो चला है। इंजीनियरिंग कॉलेज भवन निर्माण की अधार शिला राज्य के कौशल विकास एवं प्रशिक्षण मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने रखी थी। यहां आने वाले दिनों में इंजीनियरिंग की पढ़ाई प्रारंभ होगी। जबकी छात्र-छात्राओं के सुरक्षा का ख्याल नहीं रखते हुए पहाड़ के तलहटी में इंजीनियरिंग कॉलेज भवन निर्माण कराया गया। दुसरी ओर उक्त भूमि के आलावा प्रतापपुर में ऐसे कई भूखंड है जिसपर लोग फर्जी दस्तावेज बनाकर कब्जा जमाए हुए हैं। साथ ही कई खाली भूखड़ है, लेकिन उसपर इंजीनियरिंग कॉलेज भवन का निर्माण नहीं करा कर जहां आवागमन की सुविधा नहीं है वैसे स्थल का चयनत कर भवन निर्माण कराया गया है।

### पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में समर कैंप का समापन

**लातेहार।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, लातेहार में बुधवार को आयोजित एक सप्ताह का समर कैंप संपन्न हो गया। समर कैंप के अंतिम दिन




विद्यालय के छात्र व छात्राओं ने सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं करने की अपील को ले कर पेंटिग व पोस्टर मेकिंग किया। मौके पर छात्र आदित्य राज, आध्या टैगोर, अमन कुमार व साक्षी प्रिया आदि ने आकर्षक पेंटिंग बनायी। विद्यालय के कला शिक्षक अनुराग ने छात्रों को सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग के दुष्परिणामों से उन्हें अवगत कराया। उन्होंने जल संरक्षण के प्रति छात्रों को जागरूक किया और कहा कि बिना जल के हम जीवन की कल्पना नहीं कर सकते हैं। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य पीके ठाकुर ने बताया कि गत पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस से विद्यालय में समर कैंप का आयोजन किया गया था।

## बिजली-पानी की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने शास्त्री चौक को किया जाम

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**
अनुमंडल मुख्यालय में बिजली पानी की समस्या को लेकर अनिश्चितकालीन बंदी के दूसरे दिन भी मुख्यालय ग्रामीणों ने बंद रखा एवं शास्त्री चौक पर धरना प्रदर्शन में जमें रहें। दोपहर के बाद लगभग तीन बजे बिजली विभाग के एसडीओ दुर्गा शंकर सिंह और पीएचडी विभाग एई दीपक कुमार महतो द्वारा जब ग्रामीण को लिखित रूप से वादा के बाद बंदी टुटा और बाजार एवं दुकान खुला। बंदी के दूसरे दिन धरना-प्रदर्शन में राजनितिक पार्टी, भाजपा, कांग्रेस, एवं जेएमएम नेता और जनप्रतिनिधि भी मंच पर पहुंचे और धरना-प्रदर्शन का समर्थन किया। जिसमे जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, पुर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह, महुआडांड़ जिला परिषद इस्तेला नगेसिया, कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिध इस्तेखार अहमद शामिल हुए, बंदी सफल बनाने में अजित पाल कुजूर, सूरज कुमार, शंकर यादव, शहीद खान समेत सैकड़ो स्थानीय ग्रामीणों का योगदान महत्वपूर्ण रहा। जब बिजली विभाग के एसडीओ दुर्गा शंकर सिंह एवं पीएचडी विभाग एई दीपक कुमार महतो, जेई ओम प्रकाश, महुआडांड सीओ संतोष कुमार बैठा, धरना-प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे तो इन्हे ग्रामीणों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा, जहां गुस्साए ग्रामीणों ने बिजली विभाग मुदार्बाद एवं पीएचडी विभाग मुदार्बाद और अधिकारी के खिलाफ नारा लगाया. ग्रामीण इस बात पर अड़े कि अधिकारी जब तक लिखित रूप से वादा नहीं करते तब तक बंदी नहीं खुलेगी, ग्रामीण ने एसडीओ से मिस्त्री की बदमाशी, अवैध वसूली के साथ एसडीओ द्वारा फोन नहीं उठाने के बारे में पूछा. एसडीओ दुर्गा शंकर सिंह ने लिखित रूप से वादा नौ वादे किये है, जिसमे एक महीने के अंदर एलटी जर्जर तार बदलना, जहां अधिक लोड है, वहां ट्रांसफेरफॉर्मर लगाना, प्रत्येक महिने बिजली का बील निकलाना, उपभोक्ता के शिकायत में संबंधित कर्मी पर तुरंत कार्रवाई, महुआडांड़ शहरी क्षेत्र के सभी ट्रांसफार्मर में एबी की व्यवस्था तीन महिने में, महुआडांड़ में कम बिजली मिलने का कारण गुमला ग्रेड का पावर ट्रांसफार्मर खराब है, उसे दस दिन के अंदर चालू कर दिया जायेगा।

**जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा**
**द्वारा आयोजित**
**भूमि एवं राजस्व मामलों से संबंधित विशेष लोक अदालत**
**"आम सूचना"**
**नि:षुल्क, सुलभ एवं शीघ्र न्याय हेतु।**

झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रॉची के निर्देश पर, जिला विधिक सेवा प्राधिकार,गढ़वा द्वारा दिनांक 24 जून, 2024 से 28 जून, 2024 तक भूमि एवं राजस्व मामलों से संबंधित वादो (राजस्व मामले, भूमि अधिग्रहण मामले, विस्थापन मामले, मुआवजे से संबंधि मामले एवं अन्य सहायक मामले) के निश्पादन के लिए पक्षकारों के मध्य बातचीत हेतु प्री–लोक अदालत की बैठक संबंधित विभाग में आयोजित की जायेगी एवं इससे संबंधित वादों के निश्पादन हेतु एक "विशेश लोक अदालत" का आयोजन दिनांक 29.06.2024 सुबह 07:30 बजे से व्यवहार न्यायालय, गढ़वा एवं अनुमण्डलीय व्यवहार न्यायालय, नगर उंटारी में किया जायेगा।
अत: सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधिक से अधिक संख्या में भूमि एवं राजस्व मामलों से संबंधित अपने मामले को विशेश लोक अदालत में सूचीबद्ध कराकर सस्ता एवं सुलभ न्याय प्राप्त करें।
इस संबंध में किसी प्रकार की जानकारी हेतु व्यवहार न्यायालय, गढ़वा परिसर, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं अथवा मोबाईल सं0– 9955684686 पर भी संपर्क कर सकते हैं।

श्री दीपक कुमार पाण्डेय
आरक्षी अधीक्षक–सह–सदस्य
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा।

श्री शेखर जमुआर
उपायुक्त–सह–उपाध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा।

श्री राजेश शरण सिंह
प्रधान जिला एवं सत्र न्योयाधीश –सह– अध्यक्ष,
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा।

निवेदक :–
सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा।

PR.NO.326145 Law(24-25):D

# पुरनी हेरहंज टोला में सरकारी चापानल पर दबंगों का कब्जा

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
30 मार्च 2024 को पुरनी हेरहंज के ग्रामीणों के द्वारा प्रखंड कार्यालय को आवेदन पत्र लिखकर दिया गया। 35 वर्ष पुराना सरकारी सार्जनिक चापानल से पानी पीते आ रहे है। कुछ लोग के द्वारा अपने दबंगई दिखाकर चापानल में मोटर लगा कर निजी लाभ ले रहे है ठीक उसी के बगल कुछ ही दूरी पर एक और चापानल है। उसे तो पहले बाउंड्री किया फिर पर्सनल मोटर लगाया ' ग्रामीणों के द्वारा रोका गया तो बोलता है कि मेरे दरवाजे के सामने है हम



कुछ भी कर सकते है। तुमलोग बोलने वाले होते कौन हो चापानल से पानी नहीं पीने देंगे, जो करना है कर लो, देख लेंगे कई बार गाली गलौज भी यहां तक कि मार पीट तक नौबत आ गई। जिससे तंग आकर ग्रामीणों ने प्रखंड कार्यालय में सीओ सह बीडीओ प्रदीप कुमार दास को आवेदन दिया गया। आज तीन महीने पहले आवेदन दिया गया। कोई सुनने को तैयार नहीं जिसे विभिन्न समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित भी किया था। लेकिन प्रभाव नही पड़ नही दिखा चापानल में मोटर लगाने वाला पहला आदमी है रियाज अंसारी पिता निजामुद्दीन अंसारी। दूसरा चापानल घेरा बंदी बाउन्ड्री एवं करने वाला तोहिद मियां पिता नबी मियाँ दोनों पुरनी हेरहंज का ही है ।

### नवजात की हुई मौत एएनएम पर लापरवाही का आरोप

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा प्रखंड क्षेत्र के सेरनदाग स्थित हेल्थ केयर सेंटर में प्रसव के दौरान नवजात शिशु की मौत हो जाने पर परिजनों ने सेंटर में मौजूद स्वास्थ्यकर्मियों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उक्त मामले में कसियाडीह निवासी यशोदा देवी ने बताया कि वो अपनी बहु संगीता देवी को प्रसव के लिए देर रात सेंटर में लेकर आई तब जच्चा बच्चा की स्थिति बिल्कुल सामान्य थी। सेंटर में पदस्थापित एएनएम द्वारा उससे सभी दवाओं को बाहर से मंगवाया गया। दो-तीन घंटे बाद स्थिति प्रतिकूल होने पर भी रेफर करने के आग्रह को नकार दिया गया और एएनएम के लापरवाही से नवजात की मौत हो गयी। साथ ही अरोप लगाया कि सेंटर में उपलब्ध आक्सीजन व दवा के पैसे लिए गये।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर।**
e-mail I.D. - eemidmed-cemr-jhr@nic.in, ☎06562-240100 (का0)

पत्रांक:–283 / मेदिनीनगर, दिनांक– 11 / 06 / 2024

**ई0 निविदा रद्द संबंधित सूचना**

इस कार्यालय के द्वारा आमंत्रित ई0 निविदा सूचना सं0:–WRD/MID/MEDININAGAR/F₂-05/2023-24 {(02) रामपुर में गुड़गुडवा नाला पर पक्का चेक डैम का निर्माण, प्रखण्ड:–चैनपुर (03) शिव नाला तेतरियादामर पर पक्का चेक डैम का निर्माण, प्रखण्ड:–चैनपुर (05) कोहबरवा नाला पर पक्का चेक डैम का निर्माण प्रखण्ड:–मनातू एवं (06) दलदलिया नाला पर पक्का चेक डैम का निर्माण प्रखण्ड:–मनातू, जिला:–पलामू} जिसका PR. NO:-321682 (Water Resource) (23-24):D है, उक्त ई0 निविदा में प्रथम बार में एकल निविदा प्राप्त होने के कारण निविदा को रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर।

PR 326094 (Minor Irrigation) 24-25 (D)

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल,लोहरदगा**
**(E -MAIL ID – midloh632@gmil.com)**

(जिला योजना अनाबद्ध निधि के अन्तर्गत)
अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या MID/LOHARDAGA/F2 – 12/2024-25

पत्रांक ......................../ दिनांक ................................../

1. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक 14.06.2024 से 22.06.2024 (कार्यालय अवधि में)
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– दिनांक 24.06.2024 अपराह्न 3.00 बजे
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 24.06.2024 अपराह्न 3.30 बजे
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा।
6. निविदा प्राप्ति एवं निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा।
7. कार्य का विवरण :–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | पंचायत | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र की मूल्य (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. |
| 1. | ग्राम – चरहू में करंज बाँध का मरम्मति कार्य। | अरेया | किस्को | 820000.00 | 1250.00 | 17000.00 | दो माह |

निविदा की शर्तें WWW. jharkhand.Gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा

PR 326140 Minor Irrigation(24-25).D

**उपायुक्त का कार्यालय,लोहरदगा।**
(एन0आर0ई0पी0 शाखा)
अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

NIT NO – 01 वर्ष 2024–25

1. विज्ञापनदाता का नाम :–कार्यपालक अभियन्ता, एन0आर0ई0पी0, लोहरदगा।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि:– :–कार्यालय अवधि में दिनांक 24.06.2024 अप0 1.00 बजे तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 25.06.2024 को 1:30 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 25.06.2024 को 2:00 बजे अपराह्न में।
5. निविदा प्राप्ति एवं परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान:– कार्यालय कार्यपालक अभियन्ता,एन0आर0ई0पी0,लोहरदगा।

| क्र0 | प्रखण्ड | पंचायत | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि 2% | परिमाण विपत्र की मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | सेन्हा | सेन्हा | Millet and Pulses परियोजना हेतु जिला परिषद डाक बंगला, सेन्हा का भवन मरम्मति, बिजली व्यवस्था एवं जलापूर्ति व्यवस्था एवं जलापूर्ति कार्य | 9,90,600.00 | 20000.00 | 1250.00 | 02 (दो) माह |

2 ग्रामीण कार्य विभाग में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
3 संवेदक का UCAN में निबंधन अनिवार्य है।

कार्यपालक अभियंता,
एन0आर0ई0पी0,लोहरदगा।

PR 326120 NREP(24-25)D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर।**
**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**
**e-Tender Reference No. : WRD/MID/MEDININAGAR/F,-05/2024-25**
**Dated :- 11/06/2024**

1. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, मेदिनीनगर।
2. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का फोन नं0 :– 06562-240100
3. वेबसाईट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 20/06/2024 ( अपराह्न 04.00 बजे से )
4. वेबसाईट में ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 04/07/2024 ( अपराह्न 12.00 बजे तक)
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 05/07/2024 ( अपराह्न 01.00 बजे)

| क्र0 | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | जीरहूलिय डेम का जीर्णोद्वार। | चैनपुर | 99,39,100.00 | 1,98,800.00 | 10,000.00 | 11 माह |

(1) केवल ई–निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
(2) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा ही स्वीकार्य होगी।
(3) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जवाबदेही संबंधित निविदादाता की होगी।
(4) प्राक्कलित राशि घट बढ़ सकती है। अग्रधन की राशि परिमाण विपत्र की राशि के अनुसार होगी।
(5) राज्य सरकार के द्वारा निर्गत सभी अद्यतन आदेश / परिपत्र लागु होंगे।
(6) विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **http://jharkhandtenders.gov.in** मेंलॉगआन करें।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर।

PR 326105 Minor Irrigation(24-25)D

## एक नजर

### सांसद ने नवनिर्वाचित विधायक कल्पना सोरेन से मुलाकात कर दी बधाई



**लोहरदगा।** लोहरदगा लोकसभा के नवनिर्वाचित सांसद सुखदेव भगत ने गांडेय विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक कल्पना सोरेन के आवास पहुंचकर उन्हें जीत की बधाई दिए। कल्पना सोरेन ने भी सुखदेव भगत को लोकसभा जीतने पर बधाई दिए। इसके बाद दोनों नेताओं ने झारखंड के वर्तमान राजनीति पर चर्चा की। सांसद सुखदेव भगत ने कहा सीडब्ल्यूसी मीटिंग में राहुल गांधी ने स्पष्ट कहा है कि हम अपनी विचारधारा से समझौता नहीं करेंगे, हमें जो जनादेश मिला है हम उसके साथ चलेंगे। विधानसभा चुनाव के लिए हम पूरी मेहनत से लड़ेंगे। हम पूरी तरह आस्वस्थ है कि राज्य में आगामी सरकार भी हमारी ही बनेगी।

### सांसद सुखदेव भगत ने बंधु तिर्की से मिल आभार जताया

**लोहरदगा।** लोकसभा के निर्वाचित सांसद सुखदेव भगत ने रांची में झारखंड के पूर्व मंत्री सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की से उनके आवास में मिलकर उनका आभार प्रकट किये। इस दौरान बंधु तिर्की ने भी सुखदेव भगत को सांसद बनने पर बधाई दिए। उल्लेखनीय है कि बंधु तिर्की चुनाव से पहले ही लोहरदगा गुमला क्षेत्र का भ्रमण कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाने का काम किए थे जिसका चुनाव में पार्टी को फायदा मिला।

### एएसआई हत्याकांड में सार्जेंट मेजर और डे मुंशी सस्पेंड

**लोहरदगा।** असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर धर्मेंद्र कुमार सिंह की मानसिक रूप से बीमार कांस्टेबल अनंत सिंह मुंडा द्वारा गोली मारकर हत्या किए जाने के मामले में रेंज के डीआईजी अनूप बिरथरे ने कार्रवाई करते हुए। लोहरदगा पुलिस के सार्जेंट मेजर शेरू कुमार रंजन को सस्पेंड कर दिया है। जांच में दोषी पाए जाने पर लोहरदगा एसपी हारिश बिन जमां ने डे मुंशी विनोद कुजूर को सस्पेंड कर दिया है। एसपी की जांच रिपोर्ट पर डीआईजी ने कार्रवाई की है। जांच में पता चला है कि डे मुंशी को यह बात मालूम थी कि आरोपी कांस्टेबल अनंत सिंह मुंडा मानसिक रोगी है और उसका इलाज रिनपास से चल रहा है। उसने विभाग के अधिकारियों को इस बात की जानकारी नहीं दी थी। बावजूद इसे इंसास राइफल देकर चुनाव ड्यूटी पर दूसरे जिले भेज दिया था। इसी राइफल से उसने फायर कर एएसआई धर्मेंद्र सिंह की हत्या कर दी थी।

# वज्रपात से बीस गोवंशीय पशुओं की मौत, एक गंभीर

- *सभी मृत गोवंशीय पशुओं का हुआ पोस्टमार्टम*
- *ग्रामवासियों और पीड़ित किसानों ने स्थानीय प्रखंड प्रशासन से लगाई मुआवजे की गुहार*

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित अल्बर्ट एक्का, जारी प्रखंड के जरमाना ग्राम और मरियम टोली ग्राम में कल अपराह्न में एकाएक मौसम ने मिजाज बदला और अंधड़, पानी, ओलावृष्टि, और वज्रपात होने लगी। इस क्रम में जरमाना ग्राम में लगभग 20 गोवंशीय पशुओं ने एक आम पेड़ के नीचे पहुंचकर खड़े होकर बचने लगे, इसी क्रम में एकाएक जोरदार आवाज के साथ वज्रपात हुआ और सभी मवेशियों को अपने चपेट में ले लिया। फलस्वरुप उक्त घटनास्थल पर ही 18 गोवंशीय पशुओं दर्दनाक मौत हो गई। जबकि एक मवेशी गंभीर रूप से घायल हो गया, बाद में इसकी सूचना पशु चिकित्सा पदाधिकारी धर्मरक्षित को दी गई, उक्त सूचना मिलते ही पशु डॉक्टर ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त घटनास्थल पर पहुंचकर उक्त 18 गोवशीय पशुओं को मृत घोषित कर दिया। सभी गोवंशीय पशुओं का पोस्टमार्टम किया और एक गंभीर रूप से घायल गोवंशीय पशु का इलाज किया जा रहा हैं और उक्त पशु डॉक्टर के देखरेख में इलाज चल रहा हैं।

वहीं दूसरी तरफ उसी तरह की घटना मरियम टोली में भी घटी, जहां दो गोवंशीय पशुओं की मौत हो गई हैं। जिसको लेकर संबंधित ग्रामीणों एवं पीड़ित किसानों ने अल्बर्ट एक्का जारी प्रखंड मुख्यालय प्रशासन से मुआवजे और क्षतिपूर्ति की मांग की गुहार लगाई गई हैं।

# किशोरी की हत्या कर शव को पत्थर से बांधकर डोभा में डाला

नवीन मेल संवाददाता

**कैरो / लोहरदगा।** थाना क्षेत्र के सढ़ाबे निवासी चुईटा उरांव की 15 वर्षीय पुत्री रेशमा उरांव की बीते मंगलवार रात्रि हत्या कर दी गई। हत्या की सूचना बुधवार सुबह कैरो थाना को मिलने पर पुलिस इंस्पेक्टर चन्द्रशेखर आजाद,कैरो थाना प्रभारी नीरज झा पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर जांच पड़ताल में जुड़ गई। मृतक रेशमा उरांव की माता हिंदिया उरांव ने बतलाया कि हम लोग रात में खाना पीना के बाद सो गए थे । रात को लगभग 1 बजे हम उठकर बाहर गए थे फिर सो गए इसके बाद न जाने कब मेरी पुत्री बाहर गई उसके साथ क्या हुई पता नही। सुबह में नदी में खेतो की सिंचाई के लिए खोदे गए गढ्ढे में मेरी पुत्री का शव पत्थर बांधकर डाला हुआ पाया गया। किसान के द्वारा गढ्ढे में शव होने की जानकारी दी गई।उसका कहना है कि घटना कैसे घटी कौन किया इसके बारे में कुछ भी पता नही है।पुलिस इंस्पेक्टर चन्द्रशेखर आजाद ने बारीकी से एक एक बिंदु को देखा और पूछताछ किया। घर के बाहर लगे गोभी खेत मे जहां जहां पर खेती को रौंदा गया है या जहां कहीं भी खून का निशान मिले या घटना स्थल की बारीकी से गहन जांच पड़ताल किया।इस संबध में पुलिस इंस्पेक्टर चन्द्रशेखर आजाद का कहना है कि मामला हत्या का है,ऐसा प्रतीत होता है कि लड़की की हत्या घर से कुछ ही दूरी पर किया गया और हत्या के बाद नदी में पटवन कार्य के लिए खोदे गए गढ्ढे में पत्थर बांधकर डाल दिया था। पुलिस प्रशासन हर पहलू पर अनुसंधान कर रही जल्द ही हत्या का खुलासा कर ली जाएगी।

### महिला की धारदार हथियार से गला काटकर हत्या

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित पालकोट थाना क्षेत्र के दतली जलाशय डेम के उपरी भाग में बालकू पहाड़ के समीप तापकारा गांव के संजय साहू की पत्नी होलिका देवी (28) को बुधवार कि दोपहर अज्ञात अपराधियों ने धारदार हथियार से वारकर हत्या की घटना को अंजाम दिया। घटना की जानकारी ग्रामीणों के द्वारा चौकीदार अनिता किडो को दिया गया। इसके उपरांत थानेदार मोहम्मद जहांगीर घटनास्थल पहुंच कर शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

## समिति ने पांच यूनिट रक्तदान कर चार मरीजों के इलाज में मदद की

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** जय श्रीराम समिति के सदस्यों ने चार मरीजों को 5 यूनिट ब्लड देकर उनके इलाज में मदद की। जानकारी के अनुसार सेन्हा प्रखंड के पुराना थाना निवासी अजय राम की पत्नी रेशमी देवी एवं कुडू प्रखंड के कोलसिमरी पंचायत निवासी बजरंग महतो की पत्नी जयंती देवी सदर अस्पताल लोहरदगा में इलाज चल रहा था। वही सदर प्रखंड के मन्हो पंचायत निवासी अष्टमी लोहरा की पत्नी धर्मी देवी स्थानीय क्लिनिक मधुर हॉस्पिटल पतराटोली तथा सदर प्रखंड के ब्राह्मणडीहा करंज टोली निवासी संजीदा भगत की पुत्री सुमंत भगत बेडो के इरा अस्पताल में इलाजरत थे। डॉक्टर ने ऑपरेशन की बात कह ब्लड की कमी बताई। परिवार के लोग काफी परेशान जय श्रीराम समिति से संपर्क किया। समिति ने तत्काल पहल करते हुए समिति सदस्य क्रमशः शुभम साहू, राहुल कुमार, आनन्द शर्मा, जीवन उरांव सुमित भगत ने एक-एक यूनिट ब्लड देकर मरीज की जान बचाई। जिला संचालन समिति सदस्य ओम महतो ने कहा प्रचंड गर्मी के बावजूद समिति अपने कर्तव्यों का निर्वहन निष्ठा पूर्वक कर रही है थोड़ी सी मुश्किलें जरूर हो रही है परंतु समिति के प्रति लोगों का प्यार और विश्वास ही है जो हम सब को हिम्मत देती है। वर्तमान में गलत ढंग से खानपान के कारण लोगों को खून की कमी हो रही है। पहले इतनी संख्या में खून की कमी नहीं होती थी। इसलिए लोगों को अपने दिनचर्या में भी परिवर्तन करना होगा। आजकल पानी में भी आयरन की कमी हो गई है जिससे लोगों को शरीर में आयरन के लिए दवाइयां खानी पड़ रही है। मौके पर जिला संरक्षक अजय सोनी जिला संचालन समिति सदस्य ओम महतो, प्रदीप साहू, बजरंग साहू, संदीप साहू, नगर महामंत्री सुशील पटनायक, संध्या देवी, विजय महतो आदि लोग मौजूद थे।

## देश के अंदर आतंकी घटनाओं को बर्दाश्त नहीं करेगा बजरंग दल : सचिन कुमार

**जम्मू कश्मीर की घटना के विरोध में आतंकवादियों का पुतला दहन किया**

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** बजरंग दल के नेतृत्व में बरवाटोली चौक में आतंकवादी तत्वों का पुतला दहन किया गया। बजरंग दल जिला संयोजक सचिन कुमार साहू ने कहा कि आए दिन जिहादियों के द्वारा देश भर में आनेको घटनाएं हो रही है। उससे सनातन धर्म को आहत पहुंचा है। पिछले 9 जून को जम्मू कश्मीर में धार्मिक यात्रा पर निकले हिंदू श्रद्धालुओं पर माता वैष्णो देवी कटरा से शिवखोड़ी दर्शन को जाते समय इस्लामी जिहादी पाकिस्तान पोषित आतंकवादियों ने घात लगाकर शिव खेड़ी के निकट बस के ऊपर अंधाधुध गोलीबारी कर बस चालक सहित 10 तीर्थ यात्रियों की हत्या कर दी । आज पूरे भारत में लव जिहाद, लैंड जिहाद, आतंकी गतिविधि, पूरे भारतवर्ष में बढ़ रहा है मैं पुलिस प्रशासन से अनुरोध करता हूं कि सख्त से सख्त कानून बनाकर इन जिहादियों पर कार्रवाई की जाए। बजरंग दल सुरक्षा प्रमुख उमेश सिंह ने कहा कि अब वह दिन दूर रही जब आतंकियों का हम लोग घर में घुसकर मारेंगे क्योंकि आए दिन भारतवर्ष में इस तरह की घटनाएं बढ़ती जा रही है हमारी माता बहन भाइयों कहीं भी सुरक्षित महसुस नहीं कर रहे हैं। पूर्व बजरंग दल संयोजक प्रमोद प्रजापति के द्वारा कहा गया कि यह अतंकवाद को सहारा और बढ़ोतरी पाकिस्तान के द्वारा दिया जा रहा है। मैं भारत का प्रधानमंत्री से कहना चाहूंगा कि इस बार और जोरदार सर्जिकल स्ट्राइक करने की जरूरत है। और जितने भी श्रद्धालु की मृत्यु हुई। उनके लिए दो मिनट का मौन कर उसकी आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना किया गया। जो घायल राम भक्त माताएं बहनें स्वास्थ होने की मंगल होने की कामना की गई। मोके पर उपस्थित बजरंग दल सह संयोजक अनुभव कसकर, बजरंग दल गौ रक्षा प्रमुख चंदन गोप, पूर्व, अजय कुमार साहू, प्रकाश साहू, नीरज नायक, राम बली नायक, चंदन नायक, अजय कुमार साहा, कैलाश बंगाली, संदीप राम, प्रकाश साहू, अंश कुमार, खिलावन नायक, वीरु नायक, सूरज कुमार, रोहित कसकर प्रकाश साहू, शुभम कुमार, संभव कुमार, राम भक्त माता बहनें मौजूद थे।

## बीडीओ ने विकास योजनाओं का किया निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता

**भंडरा /लोहरदगा।** प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी ने बुधवार को मसमानो पंचायत के विभिन्न गांव में चल रहे विकास कार्य योजना संबंधी योजना का निरीक्षण करते हुए लाभुकों से मुलाकात की। मौके पर उन्होंने पंचायत अंतर्गत मसमानो गांव, बेदाल गांव, टोटो एवं बुड़का गांव का में चल रहे योजना का निरीक्षण की। इस दौरान उन्होंने मिश्रित आम बागवानी, बिरसा संवर्धन सिंचाई कूप निर्माण, बिरसा आवास योजना, 15वें वित्त आयोग से निर्मित नाली निर्माण, पीसीसी निर्माण का निरीक्षण किया। उन्होंने आम बागवानी के लाभुक से वातार्लाप की, उन्होंने बागवानी में प्रयुक्त होने वाले विधि, खाद बीज, देखभाल, घेराव, मवेसी से बचाव संबंधी अन्य गतिविधियों पर उचित दिशा निर्देश दी। उन्होंने दिशा निर्देश देते हुए कहा कि योजनाओं की संपूर्ण निगरानी आवश्यक है। योजना धरातल पर सही तरीके से उतरना चाहिए ताकि पंचायत का विकास और लोगों को रोजगार मिल सके। उन्होंने कहा कि सिंचाई कूप निर्माण में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समय पर निगरानी आवश्यक है। मजदूरों को सही समय पर भुगतान पर भी रोजगार सेवक को ध्यान देने की बात कही। मौके पर मसमानो पंचायत मुखिया ममता कुमारी, पंचायत सचिव अजय उरांव, रोजगार सेवक हेमंत कुमार गुप्ता सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

### जिप सदस्य ने क्षेत्र भ्रमण कर विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण किया

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र का भ्रमण कर जिप सदस्य ने प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत संचालित विभिन्न सरकारी विद्यालयों का किया निरीक्षण। क्षेत्र भ्रमण के दौरान जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की द्वारा प्रखंड क्षेत्र में संचालित सरकारी विद्यालयों का जर्जर भवन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत अन्तर्गत राजकीय मध्य विद्यालय साके तथा चाऊ, अरु पंचायत अन्तर्ग राजकीय मध्य विद्यालय जोगना,झलजमीरा पंचायत का मध्य विद्यालय गगेया, उगरा पंचायत स्थित मध्य विद्यालय कोराम्बे, मुर्की तोड़ार पंचायत का कन्या मध्य विद्यालय मन्हे तथा भड़गांव पंचायत अन्तर्गत मध्य विद्यालय पारही का निरीक्षण कर मरम्मती के लिये कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद को लिखित रूप से पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया है।

## शिबू साहू हत्याकांड के दो और अपराधी गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के सरेंगहातु तोड़ार गांव स्थित व्यवसायिक नरेश साहू उर्फ शिबू साहू की हत्या के मुख्य जासूसी करने वाले चान्हो थाना क्षेत्र के बलसोकरा तालाब मोहल्ला गांव निवासी अपराधी स्व। मो। सलीम अंसारी का 30 वर्षीय पूत्र अब्दुल रहीम उर्फ सदाम एवं कार चालक सलीम का पुत्र केसर अंसारी उम्र 32 वर्ष को गांव से गिरफ्तार कर बुधवार को सेन्हा थाना पुलिस द्वारा जेल भेज दिया गया।वही आठ अप्रैल को शिबू साहु सेरेंगहातु के एक सैलून में दाढ़ी बना रहा था। जिसे अपराधियों द्वारा शिबू साहु की गोली मार हत्या करने के बाद भाग गये थे। वही सेन्हा पुलिस द्वारा बताया गया की एक कसर चालक भी हत्याकांड में शामिल था। जिसे सेन्हा थाना पुलिस ने कार जब्त कर कार चालक केसर अंसारी को भी गिरफ्तार किया है। सेन्हा थाना पुलिस के प्रभारी पु अ नि प्रभारी मनोज कुमार ने कहा की सेन्हा थाना कांड संख्या 24/2024 धारा 302 आर्म्स एक्ट दिनाक 8 अप्रैल 2024 की घटना पर दो अपराधी को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया गया। इस हत्याकांड में शामिल तीन अपराधी को पूर्व में ही जेल भेजा जा चूका है। अन्य शामिल अपराधियों की खोज सेन्हा थाना पुलिस कर रही है। सभी को पुलिस जल्द गिरफ्तार कर लेगी।

## न्यूज बॉक्स

### डीडीसी ने की जिले में संचालित विभिन्न मनरेगा योजनाओं की समीक्षा, दिए निर्देश



**गुमला।** बुधवार को उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महत्तों की अध्यक्षता में विकाश भवन स्थित सभागार में मनरेगा अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की बिंदूवार समीक्षा कर अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने मनरेगा अंतर्गत सभी मुख्य योजनाओं से योग्य लाभुकों को लाभान्वित करने का निर्देश दिया। उन्होंने अब कार्यों में तेजी लाते हुए लंबित कार्यों को अविलंब पूर्ण करने का निर्देश दिया। इस दौरान मौके पर मुख्य रूप से सहायक परियोजना पदाधिकारी, सभी बीपीओ, सहायक अभियंता, कनिया अभियंता सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें।

### ओडिशा के मुख्यमंत्री और डिप्टी सीएम को भाजपा ने बधाई दी



**लोहरदगा।** भाजपा जिला लोहरदगा संगठन की ओर से उड़ीसा में भाजपा में बनी पूर्ण बहुमत की सरकार को बधाई दी गई है। मुख्यमंत्री के रूप में मोहन चरण माझी और इनके अलावा दो डिप्टी सीएम छह बार के विधायक केवी सिंह देव और प्रवती परिदा को उपमुख्यमंत्री बनाए जाने पर खुशी जाहिर किया गया। बधाई एवं शुभकामनाएं देने वालो में एसटी मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव, पूर्व सांसद सुदर्शन भगत, जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, पूर्व विधायक सधनु भगत, विधान पार्षद प्रवीण सिंह, पूर्व विधायक रमेश उरांव, बृज बिहारी प्रसाद, राजकिशोर महतो, मदन मोहन पाठक, राकेश प्रसाद ,राजमोहन राम,जनजाति मोर्चा प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर उरांव, प्रदेश मंत्री अजातशत्रु, बजरंग उरांव, नवीन कुमार टिंकू, नीरज कुमार नलिन, सामेला भगत, सूरजमोहन साहू, हर्षनाथ महतो, कृष्णा मोदी, सहित अन्य शामिल हैं।

### कांग्रेस के नवनिर्वाचित सांसद की जीत की खुशी में वनभोज कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**चैनपुर।** लोहरदगा लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत की भारी मतों से जीत की खुशी में चैनपुर कांग्रेस कमिटी के द्वारा वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की खुशियां मनाई वहीं साथ ही साथ वनभोज का भी लुफ्त उठाया मौके पर उपस्थित कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष निरंजन बाड़ा ने कहा कि इस बार लोहरदगा लोकसभा चुनाव में हमारे लोकप्रिय नेता सुखदेव भगत ने भारी मतों से विजय हुए हैं.वहीं इस चुनाव में सभी कार्यकर्ताओं ने जी तोड मेहनत की है.उसी खुशी में आज कार्यकर्ताओं के बीच वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया है मौके पर मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष विमल एक्का, आलोक लकड़ा, मोबीन खान,एमरेंसिया कुजूर, जस्टिन बाड़ा,विनय टोप्पो, सुशील तिर्की, सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बजरंग दल ने मंगल महाआरती कार्यक्रम का किया आयोजन

**लोहरदगा।** मंगल महाआरती के शुभ अवसर पर हनुमान चालीसा का पाठ कर एवं दीप सजाकर किया गया। जिसमें नगर के राम भक्त माताएं बहने सैकड़ो की संख्या में उपस्थित हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता बजरंग दल जिला संयोजक सचिन कुमार साहू के द्वारा किया गया। उन्होंने बतलाया कि प्रत्येक मंगलवार को लोहरदगा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में बजरंग दल के द्वारा मंगल महा आरती का कार्यक्रम शुभारंभ कर दिया गया है। जिसमें हजारों की संख्या में लोग उपस्थित होकर हनुमान चालीसा का पाठ कर रहे हैं। कमल केसरी ने बताया कि जगह-जगह में महा आरती का कार्यक्रम करना बजरंग दल का उद्देश्य रहा है। बजरंग दल की स्थापना 1984 ईस्वी में किया गया था और पूरे विश्व में बजरंग दल युवा इकाई के रूप में काम करती है। मंजू अग्रवाल ने कहा कि बजरंग दल की आगामी कार्यक्रम गंगा दशहरा 16 जून को शिव मंदिर बड़ा तालाब में किया जाएगा। कार्यक्रम में कमल केसरी, सचिन कुमार साहू, हसमुख रंजन, अमित अग्रवाल, निशांत साहू, आशु राजपूत,छवि सिंह, जूली अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, रीता देवी, पूनम देवी, माधुरी देवी, सरिता देवी, चमचम देवी, गुड़िया देवी, छवि सिंह, सरिता देवी, चंदू देवी, कंचन देवी, निधि कुमारी, किरण देवी, सुधा देवी, आदि राम भक्त मौजूद थे।

### शरारती तत्वों ने बजरंगबली का झंडा उखाड़कर फेका, पुलिस जांच में जुटी

**कुडू - लोहरदगा।** कुडू प्रखंड मुख्यालय के मुख्य द्वार से सटे हमनुमान मंदिर में लगे झंडे को शरारती तत्वों द्वारा उखाड़कर प्रखंड परिसर में फेंक दिया गया। घटना 9-10 जून की रात्रि की बताई जा रही है। घटना की सूचना कुडू पुलिस को मिलते ही पुलिस मामले की जांच और इस नाजेब हरकत करने वाले कि तलाश में जुट गयी है। इधर केंद्रीय महावीर मंडल अखाड़ा कुडू के अध्यक्ष लाल गुड्डू नाथ शाहदेव सहित अखाड़ा के अन्य पदधिकारियो ने अनुमंडल पदाधिकारी एवं कुडू पुलिस को लिखित आवेदन देकर इसमें शामिल तत्व को अतिशीघ्र गिरफ्तार करने और शख्त कानूनी कारवाई की मांग की है।

**प्रखंड प्रशासन व जनप्रतिनिधियों ने डायन कुप्रथा व नशापान के खिलाफ चलाया जागरूकता अभियान**

# कुप्रथा से हम खुद को दूर रखें : बीडीओ

नवीन मेल संवाददाता



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के बारडीह नवाटोली ग्राम में प्रखंड प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों ने समाज में फैली कुरितियां के खिलाफ ग्रामीणों के बीच जागरूकता अभियान चलाया इस जागरूकता कार्यक्रम में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए जिप सदस्य मेरी लकड़ा ने कहा कि अंधविश्वास समाज के लिए सबसे बड़ा कलंक है, जिसके कारण आज ग्रामीण, खास करके महिलाएं डायन आदि के नाम से बहुत ही ज्यादा शोषित होती है। हमें नहीं भूलना चाहिए कि वह महिला हमारी गांव की है, किसी की बहन है, किसी की पत्नी है, किसी की मां भी होती है। लेकिन लोग आज झूठे ओझा गुनी आदि के चक्कर में आकर या फिर जमीन जायदाद को हड़पने को लेकर में डायन बता कर हत्या किया जाता है। जिसका एकमात्र कारण है अंधविश्वास, अशिक्षा। आज जरूरत है लोगो को ऐसी कुप्रथा को जड़ से उखाड़ फेंकने का और एक समृद्ध समाज का निर्माण में अपना अपना योगदान में अपना अहम भूमिका निभाने का। मौके पर का बीडीओ यादव बैठा ने ग्रामीणों को कहा कि ऐसे कुप्रथा में शामिल होने वाले लोगों के लिए विशेष कानून बनाया गया है। इस कानून के तहत पकड़े जाने वाले लोगों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाती है, और इसमें बेल तक नहीं मिलता है। आवश्यकता है कि ऐसी कुप्रथा से हम खुद को दूर रखें, और अगर इस तरह की कोई भी घटना होती है तो आप सीधे पुलिस से संपर्क कर सूचना दे। पुलिस आपकी हर संभव मदद करेगी और आपकी सूचना देने वाले की नाम को गुप्त रखेगी। आज के इस जागरूकता कार्यक्रम में बाल विवाह के बारे में बोलते हुए बारडीह मुखिया ईश्वर खेश ने कहा कि बाल विवाह भी अपने आप में बहुत बड़ा अपराध है, क्योंकि विवाह का भी एक समय होता है, देखा जाता है कि शारीरिक विकास पूर्ण रूप से नहीं होने के बावजूद भी लोग बाल विवाह करवाते हैं, जो आगे चलकर खासकर बच्चियों को बहुत ही ज्यादा शारीरिक नुकसान होता है, इसलिए विवाह का भी एक उम्र सरकार ने तय कर रखा है। बाल मजदूरी के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा कि जिस उम्र में बच्चे को किताब लेकर स्कूल जाना चाहिए, वही बच्चे आज मजदूरी कर रहे हैं। यह भी बहुत बड़ा अपराध है। ऐसे अभिभावक जो अपने बच्चों को मजदूरी करने हेतु प्रेरित करते हैं, अगर वे पकड़े जाएंगे तो वह भी सजा के हकदार होंगे। कार्यक्रम में नशापान को लेकर उन्होंने कहा कि किसी भी परिवार या समाज को दूषित करने का सबसे बड़ा एक कारण नशा भी है, जो कभी भी समाज या परिवार को फलने फूलने नहीं देता है, और साथ ही साथ गंभीर बीमारी का भी शिकार होता है, जिससे आर्थिक और शारीरिक दोनों का ही नुकसान होता है। जमीन विवाद के बारे में उन्होंने कहा कि इस तरह की अगर घटना होती है तो आप अंचलाधिकारी और पुलिस का सहयोग लेना चाहिए, न कि आपस में लड़ाई करें। इन जैसी सारी समस्याओं का समाधान थाना स्तर से सुलझाने का प्रयास किया जायेगा, प्रत्येक बुधवार को थाना में भूमि समाधान दिवस मनाया जाता है जिसमे सिर्फ भूमि संबंधी विवाद का निवारण किया जाता है। जरूरत है कि हम जागरूक होकर ग्राम सभा आयोजित करें, सारी समस्याओं का समाधान हो सकता है। इसके लिए आवश्यक है कि हम सभी शिक्षा की ओर अग्रसर हो, अपने बच्चों को शिक्षित करें, ताकि इस तरह की कोई भी घटना हमारे क्षेत्र में हमारे समाज में ना हो। अगर इस तरह की कोई भी घटना होती है तो आप लोग सीधे पुलिस को सचना देने एवं सहयोग करे। मौके पर कातिंग मुखिया मधुरा मिंज, बीपीआरओ संदीप टेटे, जेएसएलपीएस बीपीएम बबिता कुमारी, साथ ही जेएसएलपीएस के दीदी, आंगनबाड़ी सेविका सहायिका, कुरूमगाड़ थाना के जवान मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में कृषक मित्र की मौत

**भंडरा।** भंडरा-बेड़ो मुख्य पथ भंडरा थाना क्षेत्र के नौडीहा चौक के समीप सड़क दुर्घटना में कृषक मित्र की मौत हो गई। मृतक की पहचान भंडरा थाना क्षेत्र के कुंदो गांव निवासी रामेश्वर बैठा के पुत्र बरतु बैठा (45 वर्ष) के रुप में हुई है। इस सड़क दुर्घटना में एक अन्य व्यक्ति को भी मामूली चोटें आई है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि कुंदो गांव निवासी रामेश्वर बैठा का पुत्र बरतु बैठा अपने हीरो मोटरसाइकिल संख्या जेएच 01 एके-5275 से अपनी पुत्री को कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय से घर ले जाने भंडरा आ रहा था। तभी विपरीत दिशा से नशे में धुत लोहरदगा जयनाथ पुर निवासी रोहित नायक ने अपनी स्कूटी से टक्कर मार दी। इससे घटनास्थल पर ही बरतु बैठा की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही भंडरा थाना प्रभारी अरविंद कुमार मौके पर पहुंच जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। ग्रामीणों ने बताया कि बरतु बैठा बहुत ही मिलनसार स्वभाव का व्यक्ति था। सड़क दुर्घटना से बरतु बैठा की मौत के बाद उसकी पत्नी व दो बेटी व दो बेटा का रो-रोकर बुरा हाल है।

# टास्क फोर्स ने सेक्टर 9 में गैराज से 5 बाल श्रमिकों को कराया मुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**बोकारो।** जिला टास्क फोर्स की टीम ने विश्व बाल मजदूरी निषेध दिवस पर बुधवार को श्रम विभाग के नेतृत्व में बोकारो शहर में बाल मजदूरी के खिलाफ अभियान चलाया। टीम ने सेक्टर 9 स्थित कार वाशिंग गैराज में छापेमारी कर वहां कार्यरत पांच बाल श्रमिकों को मुक्त कराया। जिला बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष शंकर रवानी ने कहा कि बाल मजदूरी कानूनन अपराध है। इस मामले में गैराज संचालक पर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। रेस्क्यू किए गए बच्चों को बाल कल्याण समिति को सुपुर्द कर दिया गया है। इनमें से 3 बच्चे 14 वर्ष से कम उम्र के हैं। इन्हें पुनर्वासित किया जायेगा, जबकि दो की उम्र 16 वर्ष है, उनकी काउंसिलिंग की जा रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जिले में किसी कीमत पर बाल मजदूरी व बाल तस्करी बर्दास्त नहीं की जाएगी। बच्चों के अधिकार के प्रति हर किसी को सजग होने की जरूरत है। उन्होंने लोगों से अपील की कि बच्चों से मजदूरी कराने या शोषण के मामलों की जानकारी होने पर उसकी सूचना तुरंत जिला टास्क फोर्स को दें। ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई की जाएगी। मौके पर सीडब्ल्यूसी सदस्य प्रीति प्रसाद, जिला बाल संरक्षण इकाई की सरिता कुमारी, चाइल्ड लाइन की अनीता कुमारी, श्रम विभाग के सुबल चंद्र गोप, नेपाल मुंडा, महेंद्र महतो, सहयोगिनी संस्था के फुलेंद्र रविदास, अनिल कुमार हेंब्रम आदि शामिल थे।

## बोकारो में अपराधियों ने ज्वेलरी दुकान पर चलाई गोली

**बोकारो।** जिले के फुसरो थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह अज्ञात अपराधियों ने ज्ञान ज्वेलर्स की दुकान पर फायरिंग की। इससे आक्रोशित दुकानदारों ने सड़क पर जाम लगा दिया। बताया जाता है कि संचालक ज्ञानेश्वर प्रसाद सोनी दुकान पर बैठे थे। इस दौरान दो बाइक सवार उनकी दुकान के पास पहुंचे और फायरिंग कर भाग खड़े हुए। गनीमत रही कि गोली दुकान के शीशे में लगी, जिससे कारण वह बाल-बाल बच गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से खोखा व गोली बरामद किया है। दिनदहाड़े हुई इस गोलीकांड के बाद व्यवसायी संघ फुसरो व राजनीतिक दलों ने अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सड़क पर जाम लगा दिया। घटना के संबंध में दुकान ज्ञानेश्वर प्रसाद सोनी ने बताया कि गोली किसने चलाई इसकी जानकारी नहीं है लेकिन एक सप्ताह पूर्व मैसेज के जरिये उन्हें रंगदारी की धमकी दी गयी थी। इसके बाद उन्होंने इसकी सूचना बेरमो पुलिस को दी।

## गिरिडीह में संदिग्ध हालत में मृत मिला आपूर्ति कार्यालय का चपरासी

**गिरिडीह।** जिला आपूर्ति कार्यालय में अस्थाई आदेशपाल 40 वर्षीय विजय कुमार का शव बुधवार को उसके कर्बला रोड स्थित आवास में संदेहास्पद स्थिति पड़ा मिला। पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। बताया गया कि विजय की पत्नी उसके अत्यधिक शराब पीने से नाराज होकर मायके चली गई थी। घर पर वह अकेले रहता था और हर रोज ड्यूटी के लिए जाता था। बुधवार को जब उसके घर का दरवाजा दोपहर तक नहीं खुला तो आसपास के लोगों को संदेह हुआ। लोगों ने इसकी जानकारी नगर थाना पुलिस को दी। पुलिस की मौजूदगी में घर के मेन गेट का ताला तोड़ा गया। पुलिस के साथ स्थानीय लोग भी भीतर गए तो देखा कि विजय का शव कमरे में जमीन पर पड़ा हुआ है। दूसरे कमरे में जमीन पर खून के धब्बे पड़े हुए थे।

---

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर

e-mail I.D. - eemidmed-cemr-jhr@nic.in, ☎06562-240100 (का0)

पत्रांकः–282 / मेदिनीनगर, दिनांक– 11 / 06 / 2024

**ई0 निविदा रद्द संबंधित सूचना**

इस कार्यालय के द्वारा आमंत्रित ई0 निविदा सूचना सं0:–WRD/MID/MEDININAGAR/$F_2$-04/2023-24 { (02) परसन नाला (बंदरचुआँ नाला) कोठिलवा छेछानी पर पक्का चेक डैम का निर्माण प्रखण्डः–चैनपुर एवं (03) परसन नाला (बंदरचुआँ नाला) अमवादह छेछानी पर पक्का चेक डैम का निर्माण प्रखण्डः–चैनपुर, जिलाः–पलामू } जिसका PR. N0:-321683 (Water Resource) (23-24):D है, उक्त ई0 निविदा में प्रथम बार में एकल निविदा प्राप्त होने के कारण निविदा को रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर

PR 326092 Minor Irrigation(24-25)#D

---

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, डालटनगंज

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि PR No.:-325465 District(24-25):D, Tender Reference No .-.-02BCD/DALTONGANJ,DIV/2024-25 DATE -07.6.2024 कार्य से संबंधित है, को क्रम0 संख्या–XIV पर अंकित कार्य को अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया जाता है।

Nodal Officer
e–Procurement Cell
Building division ,daltonganj.

PR.NO.326112 Building(24-25):D

---

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा

e-mail ID : eedwsd.lohardaga1@gmail.com

**सूचना**

इस कार्यालय का ई प्रोक्योरमेंट अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – 11 / 2023–24, प्रथम आमंत्रण जिसका PR no. 320737 (Lohardaga) 23-24 (D) है, को अपिरहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

| क्र0 | कार्य का नाम |
|---|---|
| 1 | Relocation of 125 x 115 mm dia and 60 mtrs. deep drilled Tube-Well with installation of India Mark II (IS 15500 part - 2/2004) hand pump, 32 mm dia G.I. medium class Riser Pipe by Truck Mounted D.T.H Rig machine/D.T.H. Rig Machine with 125 mm dia blue casing UPVC Pipe with drain, Platform etc. on "Turn Key Basis" in different rural habitations of Lohardaga District under D. W. & S. Division, Lohardaga for the Year 2023-24 under state plan. |

कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा

PR 326224 Lohardaga(24-25)#D

---

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय यॉँत्रिक प्रमंडल मंडल लातेहार शिविर–मेदिनीनगर।

**अतिअल्पकालीन ई.–कोटेशन आमंत्रण सूचना**

**संख्याः– 01 / 2024–25**

झारखण्ड सरकार, जल संसाधन विभाग के अन्तर्गत डैम / जलाशय / वीयर / नहर के यॉँत्रिक कार्य हेतु प्रयुक्त होने वाले यॉँत्रिक सामग्रियॉँ अनुसूचित दर 2022 में सम्मिलित नहीं होने के कारण **Non-Scheduled item** का दर(**GST** एवं **Labour Cess** छोड़कर सभी करों सहित) प्राप्त करने हेतु ई.–कोटेशन आमंत्रित किया जाता है। दर दाता झारखण्ड सरकार के वेबसाईट Http://jharkhandtenders.gov.in पर सामग्रियों की सूची **Download** कर सकते हैं एवं अपना दर **Online** दिनांक 15.06.2024 समय 10:30 बजे पूर्वाह्न से दिनांक 22..06.2024 से समय 5:00 बजे अपराह्न तक **Freeze** कर सकते हैं।

उक्त कोटेशन दिनांक 24.06.2024 को समय 3:30 बजे अपराह्न में **Online** खोला जायेगा।

नोटः–उक्त प्राप्त दरों का उपयोग विभागीय स्तर पर यॉँत्रिक कार्य हेतु प्राक्कलन तैयार करने के उपयोग मात्र में लाया जायेगा।

कार्यपालक अभियंता, यॉँत्रिक प्रमंडल मंडल लातेहार, शिविर–मेदिनीनगर।

PR 326166 District(24-25)D

---

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर।

**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना 2$^{nd}$ Call**

**e-Tender Reference No. : WRD/MID/MEDININAGAR/$F_2$-06/2024-25 Dated :- 11/06/2024**

1. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, मेदिनीनगर।
2. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का फोन नं0 और ई–मेल आईडी :– 06562-240100 eemidmed-cemr-jhr@nic.in
3. वेबसाईट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 18/06/2024 ( अपराह्न 04.00 बजे से )
4. वेबसाईट में ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 28/06/2024 ( अपराह्न 12.00 बजे तक)
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 29/06/2024 ( अपराह्न 01.00 बजे)

| क्र0 | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रुपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रुपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | कोहबरवा नाला पर चेकडैम निर्माण | मनातू | 68,33,486.51 | 1,36,700.00 | 10,000.00 | 11 माह |

(1) केवल ई–निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
(2) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा ही स्वीकार्य होगी।
(3) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जवाबदेही संबंधित निविदादाता की होगी।
(4) अग्रधन की राशि परिमाण विपत्र की राशि के अनुसार है।
(5) राज्य सरकार के द्वारा निर्गत सभी अद्यतन आदेश / परिपत्र लागु होंगे।
(6) विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मेंलॉगआन करें।

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर।

PR 326102 (District) 24-25 (D)

---

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर।

**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

**2$^{nd}$ Call**

**e-Tender Reference No. : WRD/MID/MEDININAGAR/$F_2$-05/2024-25 Dated :- 11/06/2024**

1. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, मेदिनीनगर।
2. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का फोन नं0 और ई–मेल आईडी :– 06562-240100 eemidmed-cemr-jhr@nic.in
3. वेबसाईट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 18/06/2024 ( अपराह्न 04.00 बजे से )
4. वेबसाईट में ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 28/06/2024 ( अपराह्न 12.00 बजे तक)
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 29/06/2024 ( अपराह्न 01.00 बजे)

| क्र0 | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रुपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रुपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | शिव नाला तेतरियादामर पर पक्का चेकडैम का निर्माण | चैनपुर | 49,75,581.69 | 99,600.00 | 5,000.00 | 11 माह |

(1) केवल ई–निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
(2) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा ही स्वीकार्य होगी।
(3) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जवाबदेही संबंधित निविदादाता की होगी।
(4) अग्रधन की राशि परिमाण विपत्र की राशि के अनुसार है।
(5) राज्य सरकार के द्वारा निर्गत सभी अद्यतन आदेश / परिपत्र लागु होंगे।
(6) विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **http://jharkhandtenders.gov.in** मेंलॉगआन करें।

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर।

PR 326099 Minor Irrigation(24-25)D

---

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर।

**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना 2$^{nd}$ Call**

**e-Tender Reference No. : WRD/MID/MEDININAGAR/$F_2$-04/2024-25 Dated :- 11/06/2024**

1. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, मेदिनीनगर।
2. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का फोन नं0 और ई–मेल आईडी :– 06562-240100 eemidmed-cemr-jhr@nic.in
3. वेबसाईट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 18/06/2024 ( अपराह्न 04.00 बजे से )
4. वेबसाईट में ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 28/06/2024 ( अपराह्न 12.00 बजे तक)
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 29/06/2024 ( अपराह्न 01.00 बजे)

| क्र0 | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रुपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रुपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | रामपुर में गुड़गुडवा नाला पर पक्का चेकडैम का निर्माण | चैनपुर | 62,07,718.88 | 1,24,200.00 | 10,000.00 | 11 माह |

(1) केवल ई–निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
(2) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा ही स्वीकार्य होगी।
(3) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जवाबदेही संबंधित निविदादाता की होगी।
(4) अग्रधन की राशि परिमाण विपत्र की राशि के अनुसार है।
(5) राज्य सरकार के द्वारा निर्गत सभी अद्यतन आदेश / परिपत्र लागु होंगे।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मेंलॉगआन करें।

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर।

PR 326098 (Minor Irrigation) 24-25 (D)

---

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर

**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

**2$^{nd}$ Call**

**e-Tender Reference No. : WRD/MID/MEDININAGAR/$F_2$-03/2024-25 Dated :- 11/06/2024**

1. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, मेदिनीनगर।
2. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का फोन नं0 और ई–मेल आईडीः–06562-240100 eemidmed-cemr-jhr@nic.in
3. वेबसाईट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 18/06/2024 (अपराह्न 04.00 बजे से )
4. वेबसाईट में ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 28/06/2024 (अपराह्न 12.00 बजे तक)
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 29/06/2024 (अपराह्न 01.00 बजे)

| क्र0 | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रुपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रुपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | रामगढ़ में नदीपर टोली नाला पर पक्का चेकडैम का निर्माण | रामगढ | 52,63,451.50 | 1,05,300.00 | 10,000.00 | 11 माह |

(1) केवल ई–निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
(2) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा ही स्वीकार्य होगी।
(3) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जवाबदेही संबंधित निविदादाता की होगी।
(4) अग्रधन की राशि परिमाण विपत्र की राशि के अनुसार है।
(5) राज्य सरकार के द्वारा निर्गत सभी अद्यतन आदेश / परिपत्र लागु होंगे।
(6) विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **http://jharkhandtenders.gov.in** मेंलॉगआन करें।

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर।

PR.NO.326097 Minor Irrigation(24-25):D

---

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर

**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

**2$^{nd}$ Call**

**e-Tender Reference No. : WRD/MID/MEDININAGAR/$F_2$-01/2024-25 Dated :- 11/06/2024**

1. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, मेदिनीनगर।
2. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का फोन नं0 और ई–मेल आईडीः–06562-240100 eemidmed-cemr-jhr@nic.in
3. वेबसाईट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 18/06/2024 (अपराह्न 04.00 बजे से )
4. वेबसाईट में ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 28/06/2024 (अपराह्न 12.00 बजे तक)
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 29/06/2024 (अपराह्न 01.00 बजे)

| क्र0 | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रुपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रुपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | परसन नाला (बंदरचुआँ नाला) कोठिलवा छेछानी पर पक्का चेकडैम का निर्माण | चैनपुर | 5591,962.08 | 1,11,900.00 | 10,000.00 | 11 माह |

(1) केवल ई–निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
(2) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा ही स्वीकार्य होगी।
(3) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जवाबदेही संबंधित निविदादाता की होगी।
(4) अग्रधन की राशि परिमाण विपत्र की राशि के अनुसार है।
(5) राज्य सरकार के द्वारा निर्गत सभी अद्यतन आदेश / परिपत्र लागु होंगे।
(6) विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **http://jharkhandtenders.gov.in** मेंलॉगआन करें।

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर।

PR.NO.326095 Minor Irrigation(24-25):D

---

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं०–02,गढ़वा

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सूचना संख्या –RDD/SD/GARHWA/01/2024-25

1.कार्य की विस्तृत विवरणीः

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित रा0 की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | Group No. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा जिला के मेराल प्रखण्ड में पंचायत–तिसरटेकुआ में अमरवा दामर मध्य विधालय मुख्य पथ से दतवनीया मदरसा पथ में भौराहा नदी पर पुल निर्माण। | 30845726.00 | 617000.00 | 10000.00 | 18 माह | Group -01 |
| 2 | गढ़वा जिला के रंका प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत–दुधवल में ग्राम बाराडीह और नगरी के बीच कराहिया नदी पर पुल निर्माण। | 29768807.00 | 596000.00 | 10000.00 | 18 माह | Group -02 |
| 3 | गढ़वा जिला के प्रखण्ड खरोंधी अन्तर्गत ग्राम–खरौंधी के फुलवारी टोला पथ में डोमनी नदी पर पुल निर्माण। | 29825914.00 | 597000.00 | 10000.00 | 18 माह | Group -03 |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 14.06.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय दिनांक–14.06.2024 से दिनांक–01.07.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सं0–02,गढ़वा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय–03.07.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं0–02,गढ़वा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० –8002373581 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02,गढ़वा

PR 326090 Rural Development(24-25).D

---

### कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, एन०आर०ई०पी०, लातेहार

**ई– निविदा आमंत्रण सूचना**

अति अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा संख्या :– 01/2024-25/EE/NREP/LATEHAR

दिनांक : 12.06.2024

| क्र0 | आईडेंटी फिकेशन सं0 / पैकेज सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की तिथि | टेन्डर कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | | |
| 1 | NREP/LATEHAR/1/2024-25 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखंड– लातेहार के पंचायत–परसही में उ0म0 विद्यालय से कृषि फार्म जगु भुईया के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण | 99,77,468.00 | निन्यानबे लाख सतहतर हजार चार सौ अडसठ रु0 मात्र | 06 माह | द्वितीय |
| 2 | NREP/LATEHAR/2/2024-25 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखंड– बरवाडीह के पंचायत–छेंचा में RCD पथ क्लब के पास से पठानटोला होते हुए होरी–लौंग पथ तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण | 36,70,700.00 | छत्तीस लाख सत्तर हजार सात सौ | 03 माह | द्वितीय |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 21.06.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 01.07.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 03.07.2024 अपराह्न 03:30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता, कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, लातेहार पिन – 829206।
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 – 6205174469

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता, एन0आर0ई0पी0, लातेहार

PR.NO.326083 Rural Development(24-25):D

---

### समाहरणालय, चतरा (पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)

sport.chatra@gmail.com

**आम–सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि क्षेत्रीय निदेशक, खेलो इण्डिया, भारतीय खेल प्राधिकरण, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार का पत्रांक 56/KI/SLKIC-SMALL-JHARKHAND/2020-21, दिनांक–10.03.2023 एवं कार्यकारी निदेशक, झारखण्ड खेल प्राधिकरण, झारखण्ड, राँची का पत्रांक–213, दिनांक– 28.06.2023 के आलोक में चतरा जिले में खेलो इंडिया सेंटर के तहत फुटबॉल प्रशिक्षण केन्द्र (गैर आवासीय) संचालित करने का निदेश प्राप्त है। उपरोक्त फुटबॉल प्रशिक्षण केन्द्र हेतु रिक्त खिलाड़ियों जिनकी उम्र 09 से 14 वर्ष हो, तक का चयन किया जाना है, जो चतरा जिला मुख्यालय के 05 कि0मी0 के अंदर के होंगे। चतरा जिला में फुटबॉल प्रशिक्षण केन्द्र में खिलाड़ियों के चयन हेतु प्रस्तावित स्थल एवं तिथि निम्नवत् है :–

प्रस्तावित स्थल :– जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, चतरा।
प्रस्तावित तिथि एवं समय :–15.06.2024 को सुबह 09: बजे से 04:00 बजे तक

इच्छुक खिलाड़ी उपरोक्त प्रस्तावित स्थल एवं तिथि को चयन हेतु भाग लेना सुनिश्चित करेंगे तथा अधिक जानकारी एवं आवेदन प्रपत्र हेतु **www.chatra.nic.in** अथवा जिला खेल कार्यालय, चतरा में संपर्क कर सकते है। संपर्क नं0– 6207074324, 8083771175, 9304119683

जिला क्रीड़ा पदाधिकारी, चतरा।

PR.NO.326071 Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs (24-25):D

**सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना है जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं: स्वामी विवेका नन्द**



# शेयर मार्केट में उतार चढ़ाव जीवन का अंग है

***देश*** में व्यापार जगत राजनीतिक अस्थिरता से बहुत प्रभावित होता है जिसका मानक शेयर मार्केट बनता है। बाजार एक ही दिन या छोटी अवधि में ऊपर-नीचे होता रहता है, तो इसका मतलब है कि बाजार अस्थिर है। जाहिर है, एक आम निवेशक इस अस्थिरता को चिंता का कारण मान सकता है, लेकिन यह व्यवहारिक नहीं, क्योंकि जिस तरह हमारे दिल की धड़कन ऊपर-नीचे होती रहती है, जो हमें जीवित रखती है, उसी तरह शेयर बाजार के सूचकांक शेयर बाजार को गतिमान रखने के लिए ऊपर-नीचे होते रहते हैं। शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव के कई कारक होते हैं, जिनमें स्थानीय एवं वैश्विक समाचार से लेकर राजनीतिक नतीजे, व्यापार चक्र और डर इत्यादि शामिल रहते हैं। फिर भी कुछ ऐसी घटनाएं होती हैं, जिनके कारण शेयर बाजार चरम स्थिति में पहुंच जाता है। विगत चार जून को जब लोकसभा चुनाव के परिणाम आने शुरू हुए थे, तब जिस तरह की चरम स्थितियां देखी गई थीं, वैसी घटना हाल के समय में वर्ष 2021 में कोविड लॉकडाउन की घोषणा के समय देखी गई थी। उस दिन यानी चार जून को, एस ऐंड पी बीएसई सेंसेक्स में 4,000 से अधिक अंकों और लगभग छह फीसदी की भारी गिरावट देखी गई, जो अभूतपूर्व थी। ऐसा लग रहा था, मानो घरेलू और विदेशी, दोनों निवेशक भारतीय बाजारों से बाहर निकलना चाहते थे। चुनाव परिणाम के दिन भारतीय शेयर बाजार में आई गिरावट पर बात करने के साथ हमें 19 मई की ओर लौटना चाहिए, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक टेलीविजन चैनल से बात करते हुए कहा था कि चार जून को शेयर बाजार रिकॉर्ड तोड़ देगा। ऐसा नहीं है कि सिर्फ उन्होंने ही ऐसा कहा था, बल्कि लोकसभा चुनाव के विभिन्न चरणों के दौरान उनके मंत्रिमंडल के कई प्रमुख सदस्यों ने इस तरह की टिप्पणी की थी। सत्तारूढ़ पार्टी के इस आत्मविश्वास को निवेशकों ने बाजार में निवेश करने के संकेत के रूप में समझा। नतीजतन मई के अधिकांश दिनों में, चुनावों के अंतिम चरण तक बीएसई सेंसेक्स ज्यादातर दिनों में बढ़ता ही रहा। इसे इस बात का संकेत माना गया कि बाजार सरकार की वापसी और उसकी नीतियों की निरंतरता में यकीन रखती है। बाजार के लिए जनता के मूड से संकेत लेना और भी दिलचस्प हो गया, क्योंकि एक जून को आए एग्जिट पोल में भाजपा की स्पष्ट और बड़ी जीत की भविष्यवाणी की गई थी। स्वाभाविक रूप से तीन जून को जब बाजार खुले, तो बाजार में भारी खरीदारी देखी गई। एग्जिट पोल के नतीजों के बाद सेंसेक्स में 2,600 अंकों की बढ़ोतरी देखी गई। तीन जून को विदेशी संस्थागत निवेशकों ने 6,851 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने, जिनमें बैंक, बीमा कंपनियां, म्यूचुअल फंड और अन्य भारतीय संस्थान शामिल हैं, 1,914 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। हालांकि अगले ही दिन जब मतगणना शुरू हुई, तो चीजें उम्मीद के मुताबिक नहीं हुईं, खासकर शुरूआती रुझानों में। सरकार गठन को लेकर निवेशकों की चिंता के कारण शेयर बाजार के सेंसेक्स में दिन भर उतार-चढ़ाव देखा गया और यह 4,300 अंक से अधिक की गिरावट के साथ बंद हुआ। विदेशी निवेशकों ने करीब 1.5 अरब डॉलर के भारतीय शेयर बेचे, जबकि घरेलू निवेशकों ने भी 3,300 करोड़ रुपये से अधिक की बिकवाली की। बहुत से ऐसे सट्टेबाज थे, जिन्होंने सिर्फ ट्रेंड्स और सुनी गई खबरों के आधार पर ही बाजार में अपना पैसा लगाया था। यह भी संभव है कि इनमें कुछ नए निवेशक भी हों, जो बाजार के जोखिमों को नहीं समझते हों और सिर्फ अटकलों पर ही भरोसा करते हों। उन्होंने भी पैसे गंवाए, क्योंकि उन्होंने बाजार में गिरावट शुरू होते ही डर के मारे अपने पैसे निकाल लिए। अब एक ही दिन में 30 लाख करोड़ रुपये के नुकसान का आंकड़ा बताया जा रहा है। यह जरूरी नहीं कि इनमें से सारा पैसा निवेशकों का ही हो, क्योंकि नुकसान उठाने वालों में कई व्यापारी भी थे, जो बाजार के खिलाफ दांव लगाकर पैसे बनाने के लिए जाने जाते हैं। अन्य चर्चाओं के विपरीत, शेयर बाजार हर दिन को अलग-अलग तरह से देखता है, लेकिन यह भविष्य की संभावनाओं पर भी निगाहें रखता है। इसलिए बाजार की चाल से अवगत होने के कुछ ही दिनों के भीतर सेंसेक्स न केवल चार जून की गिरावट से उबर गया है, बल्कि यह तीन जून के उच्चतम स्तर को भी पार कर गया है। असल में इसने 10 जून को एक नई ऊंचाई को छुआ और उम्मीद है कि भविष्य में यह और आगे जाएगा।

इन दिनों

# तनाव ना हो तो 150 साल तक जी सकता है इंसान



विजय केसरी



***इंसान*** के जीवन पर हुए वैज्ञानिक शोध बताते हैं कि सिर्फ लाइफ स्टाइल में सुधार कर पूरी तरह स्वस्थ रहा जा सकता है। एक इंसान लाइफ स्टाइल में सुधार कर 150 वर्षों तक जीवित रह सकता है। अब तक विश्व भर के कई विश्वविद्यालयों में मनुष्य की आयु पर कई शोध हुए हैं। सभी शोधों का एक ही निष्कर्ष है कि इंसान अपने लाइफ स्टाइल में सुधार कर लंबा जीवन जी सकता है। वैज्ञानिक शोध बताते हैं कि जिस इंसान के जीवन में जितना तनाव होता है, उसकी उम्र उतनी कम होती है। साथ ही जिस इंसान के जीवन में जितना कम तनाव होता है, उसकी उम्र इतनी लंबी होती है। इंसान अपने लाइफ स्टाइल के बल पर 150 वर्षों तक स्वस्थ रहकर अंत में आनंद के साथ मृत्यु को प्राप्त कर सकता है। अब सवाल यह उठता है कि एक इंसान का लाइफ स्टाइल कैसा होना चाहिए? इस संबंध में हमारे मनीषियों का एक बड़ा ही सुंदर कथन है,'सादा जीवन, उच्च विचार।' अब स्वयं को देखने की जरूरत है। जिस तरह हम जीवन जी रहे हैं, वह जीवन कैसा है? बदलती परिस्थितियों, भौतिकतावाद, आधुनिकता और एक दूसरे को आगे निकलने की महत्वाकांक्षा लोगों को तनाव से ग्रसित कर दिया है। जब हम पूरी तरह स्वस्थ रहते हैं, इन बातों पर विचार ही नहीं करते हैं। लेकिन जैसे-जैसे हमारा शरीर कई रोगों से ग्रसित हो जाता है, तब हम जागते हैं। तब तक काफी देर हो चुका होता है। इसलिए बाल कल से ही जागने की जरूरत है। आज संपूर्ण विश्व परिवार को इस विषय पर बहुत ही गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। आज भी भारत सहित विश्व के कई देशों में ऐसे लोग मिल जाएंगे, जिनकी उम्र डेढ़ सौ वर्षों से ज्यादा हैं यह लोग अभी भी स्वस्थ हैं। साथ ही आनंद के साथ जीवन जी रहे। तब फिर विश्व के लगभग लोगों का जीवन औसतन 70 वर्ष ही क्यों है? दुनिया भर में हर वर्ष लगभग 50 लाख से अधिक लोग असमय गंभीर बीमारियों के कारण मृत्यु को प्राप्त कर लेते हैं। जबकि लगभग बीमारियों से लड़ने की दवाएं विकसित हो चुकी है। दुनिया भर में शल्य चिकित्सा अपनी चरम सीमा पर है। जटिल से जटिल बीमारियों को शल्य चिकित्सा द्वारा ठीक किया जा रहा है। फिर भी औसतन लाइफ 70 में ही आकर रुक जाती है। इस विषय पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। अमेरिका में इंसानों के जीवन पर हुए एक वैज्ञानिक शोध ने यह स्पष्ट किया है कि इंसान 150 साल तक जिंदा रह सकता है। लेकिन आज की भाग दौड़ भरी जिंदगी, एक दूसरे से आगे निकलने की हड़बड़ी, कम समय में बहुत कुछ पा लेने की महत्वाकांक्षा, तनाव युक्त जीवन शैली ने मनुष्य के जीवन को ही बदल कर के रख दिया है। धीरे-धीरे इंसान की उम्र घटती चली जा रही है। आप जहां रहते हैं, आस-पास में ही गौर करेंगे, तो यह बात स्पष्ट हो जाएगी। हमारे समाज में जो लोग सहजता के साथ जीवन जीते हैं, संयम के साथ जीवन जीते हैं, विलासिता से दूर रहते हैं, आध्यात्मिक जीवन जीते हैं, योग - साधना से जुड़े होते हैं, वे अन्य लोगों की वनिस्पत ज्यादा स्वस्थ और दीघार्यु होते हैं। जिनका जीवन तनाव भरा होता है। बहुत भागम भाग भरी जीवन शैली होती है, बहुत आगे बढ़ने की महत्वाकांक्षा होती है, उन लोगों का जीवन बहुत ही तनावपूर्ण होता है। और वे बहुत जल्द ही रोग ग्रसित हो जाते हैं। ऐसे लोग कम उम्र में ही इस दुनिया को अलविदा कह देते। आप एक इंसान है। भगवान नहीं है। आपके लिए कुछ सीमा तय हैं। जब इंसान अपनी सीमाओं को लाघंना शुरू कर देता है, वह मृत्यु के करीब जल्दी पहुंच जाता है। इंसान थोड़ा स धन पाकर, पद पाकर, शक्ति पाकर, वैभव प्रकार अपने आप को विशिष्ट बना लेता है। यह उसकी सबसे बड़ी भूल है। इंसान अपने जन्म से पहले क्या था? यह उसे ज्ञात नहीं है। मृत्यु के बाद उसका क्या होगा? इसका भी उसे ज्ञान नहीं है। तब फिर यह पद, धन, वैभव और शक्ति किस काम की है? एक इंसान को यह जरूर जानना ना चाहिए कि उसका जन्म इस धरा पर नग्न अवस्था में हुआ था। एक दिन उसे नग्न अवस्था में इस जहां से विदा होना है। जन्म से पूर्व धन, पद, वैभव, शक्ति का कुछ अता-पता नहीं होता है। मृत्यु के बाद भी धन,पद वैभव, शक्ति का कुछ भी आता पता नहीं होगा। यही जीवन का यथार्थ है जिस इंसान ने इस यथार्थ को समझ लिया, उसका जीवन बहुत ही सहज और सरल बना जाता है। वैज्ञानिक बताते हैं कि ऐसे लोगों की आयु अन्य लोगों की तुलना में काफी अधिक होती है। कहने का मेरा तात्पर्य यह है कि वर्तमान में जीना सीखें। भूतकाल की चिंता छोड़ दे। भविष्य में क्या होगा? यह कोई नहीं जानता है। पल की खबर नहीं। फिर वर्षों की चिंता क्यों? जो भूत बीत गया, चाह कर भी उसे हम सब वर्तमान में ला नहीं सकते हैं। भूत से सबक लेकर अपना जीवन को बेहतर बनाया जा सकता है। बार-बार भूत को माथे में लाने से तनाव बढ़ेगा। मनुष्य की घटती उम्र के लिए मनुष्य ही जिम्मेदार है। और कोई दूसरा जिम्मेवार नहीं। सहज, सरल जीवन ही श्रेष्यकर है। सत्य का जीवन जिए। जितना है, उतने में संतोष के साथ जीवन जिए। आपका जीवन बहुत ही सुंदर हो जाएगा। आप दीघार्यु बनेंगे। वैज्ञानिक शोधों में यह पाया गया है कि जब कम उम्र के बीमार पड़ते हैं, तब वे कम समय में स्वस्थ हो जाते हैं। वहीं दूसरी ओर ज्यादे उम्र में जब बीमार पड़ते हैं, तब उन्हें स्वस्थ होने में अधिक समय लगता है। ऐसा इसलिए होता है कि कम उम्र में हमारे शरीर की प्रतिरोधक क्षमता अधिक होती है। ज्यादा उम्र में हमारी प्रतिरोधक क्षमता काम हो जाती है। सहज और सादा जीवन हमारी प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाती है। वैज्ञानिकों ने अपने शोधों में पाया कि इंसान के अंदर इतनी क्षमता होती है कि वह सभी बीमारियों को परास्त कर सकता है। किसकी पहली शर्त है। व्यक्ति का जीवन तनाव भरा नहीं होना चाहिए। आपकी प्रतिरोधक क्षमता अच्छी रहे, इसलिए आपका मुस्कुराना, हंसना, गुनगुनाना, आनंद के साथ जीवन जीना जरुरी है। अगर आपने कुछ खो दिया है, तो उससे घबराने की जरूरत नहीं। खोने का अर्थ होता है, फिर से मेहनत करें। खोने का दुख न करें। मनुष्य का जीवन सत्य पर आधारित होना चाहिए। सत्य पर आप रहेंगे तो आपकी प्रतिरोधक क्षमता बढ़ेगी। सत्य पर आपका विश्वास होना चाहिए। अगर आपका जीवन झूठ पर आधारित होगा तो आपकी प्रतिरोधक क्षमता कम होगी। आप कमजोर होंगे। आपकी उम्र भी उसी हिसाब से कम होती चली जाएगी। दीघार्यु जीवन जीने के लिए तनाव को गेंद की तरह बाहर फेंक दीजिए। तनाव से सदा दूर रहें। वर्तमान में रहें। सदा मुस्कुराते रहें। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## आपकी बात

### बड़े फैसलों पर आम सहमति ही 'राजधर्म'



राकेश दुबे

***देश*** में नई सरकार तैनात हो गई हैया यूँ कहे कि नई केंद्रीय सरकार का 'राजधर्म' शुरू हो गया है। वैसे यह विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की विविधता और ताकत का समारोह मनाने का क्षण है। यह चुनाव आयोग, अन्य संस्थानों, कर्मचारियों और प्रक्रिया का आभार जताने का भी पल है। देश के मतदाताओं ने जो जनादेश दिया है, यह 'गठबंधन' सरकार भी लोगों की इच्छा की प्रतीक है, क्योंकि गठबंधन में ही बहुमत और राजधर्म निहित हैं। चूंकि यह गठबंधन की सरकार है, किसी एक दल के पक्ष में बहुमत का जनादेश नहीं है, तो उसके अर्थ ये नहीं हैं कि गठबंधन की निरंतरता और स्थिरता का ही रोना रोया जाए अथवा बहानों के लिए गठबंधन की आड़ में छिपा लिया जाए। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में ही यह एनडीए-3 सरकार है और 2014 की निरंतरता में ही है। फर्क सिर्फ इतना है कि भाजपा को बहुमत नहीं मिला है और सरकार की स्थिरता गठबंधन के घटक दलों के सहारे ही है। बिल्कुल ऐसा भी नहीं है, क्योंकि जब 1991 में नरसिम्हा राव सरकार बनी थी, तब कांग्रेस के 232 सांसद ही थे। सरकार पूरे पांच साल चली, यह दीगर है कि कुछ कलंक और दाग लग गए थे, जो लोकतंत्र को बदनाम करते हैं। सदन में बहुमत साबित करने के लिए सांसदों को खरीदा गया था, कुछ को मंत्री पद का लालच दिया गया था। कमोबेश अब भाजपा के पास 240 सांसद हैं और कुछ निश्चित समर्थक भी हैं। बहुमत के लिए खरीद-फरोख्त की नौबत, शायद, न आए। बहरहाल मौजूदा संदर्भ में तेलुगूदेशम पार्टी (टीडीपी) और जद-यू की ही चिंता नहीं करनी चाहिए। उन्हें भी समविचारक भारत सरकार की जरूरत है, जो उनकी बुनियादी जरूरतों की पूर्ति कर सके। दोनों ही दलों के राज्य गरीब और विपन्न हैं। दोनों ही राज्य कर्जदार हैं। अन्य सरकार उनकी जरूरतों को संबोधित नहीं कर सकती। प्रधानमंत्री मोदी की सरकार का राजधर्म यह है कि जब भी कोई बड़ा और गंभीर फैसला लेना हो, तो विमर्श की मेज पर सभी सहयोगी दलों के नेता मौजूद हों और फैसला सर्वसम्मति से किया जाना चाहिए। वैसे खुद प्रधानमंत्री ऐसी भावना व्यक्त कर चुके हैं। गठबंधन सरकारों के प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और डॉ. मनमोहन सिंह भी थे, जिन्होंने अपने कार्यकाल बखूबी निभाए। डॉ. मनमोहन सिंह तो 10 साल तक गठबंधन सरकार के प्रधानमंत्री रहे। दूरसंचार, पेंशन, सरकारी घाटे पर लगाम कसने की व्यवस्था, बिजली और बीमा क्षेत्र के कई बड़े सुधारवादी फैसले वाजपेयी सरकार के दौरान लिए गए। मनमोहन सरकार के दौरान अमरीका के साथ असैन्य परमाणु करार जैसे संवेदनशील फैसले के अलावा मनरेगा, खाद्य सुरक्षा, अनिवार्य-मुफ्त प्राथमिक शिक्षा, सूचना के अधिकार, भूमि अधिग्रहण कानून आदि पारित कराये गये। इनके अलावा पेट्रोलियम उत्पादों को बाजार के हवाले करने सरीखे बड़े फैसले भी लिए गए। चूंकि अब भाजपा अल्पमत में है, लिहाजा एनडीए की गठबंधन सरकार, गठबंधन धर्म और मोदी सरकार के राजधर्म की अग्निपरीक्षा का यह दौर है। हालांकि कोई बड़ा संकट या राजनीतिक दरारों के हालात नहीं लगते, क्योंकि आर्थिक विकास और आर्थिक सुधारों के पक्षधर चंद्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार भी हैं। फिर भी असली चुनौती तब सामने आएगी, जब प्रधानमंत्री टीडीपी और जद-यू दोनों को ही निर्णय की मेज पर बुलाएंगे और सर्वमत नहीं बन पाएगा। बहरहाल प्रधानमंत्री मोदी ने एनडीए को 'ऑर्गेनिक' और 'सफलतम' गठबंधन करार दिया है। वह जनादेश के मर्म को जानते हैं और अलग-अलग राज्य और दल की भिन्नता महसूस करते हैं, लिहाजा कुछ समझौतापरस्त होना भी अपेक्षित है। **(भोपाल)**

देश-विदेश

# रियासी के इस्लामी आतंकवादी हमले पर क्यों है चुप्पी ?



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

***इस्लामिक*** आतंकवाद का अकसर यह कहकर बचाव करते देखा जाता है कि आतंक का कोई मत, पंथ, रिलीजन, मजहब और धर्म नहीं होता। आतंक तो आतंक होता है, किंतु वास्तव में भारत एवं दुनिया के संदर्भ में जिस तरह की लगातार आतंकी घटनाएं एक खास वर्ग विशेष इस्लाम को मानने वाले मुसलमानों द्वारा घटित की जा रही हैं, वह बार-बार यही इंगित करती है कि आतंक का न सिर्फ विशेष मजहब होता है, बल्कि आतंकवाद एक विशेष उद्देश्य से और पूरी दुनिया को सिर्फ एक ही रास्ते पर चलाने की मंशा से जारी है। निश्चित ही इससे जुड़ी भविष्य की कल्पना बहुत डरावनी है। पहले इस्लाम के नाम पर भारत का विभाजन किया गया, अपनी जनसंख्या की तुलना में शेष भारत से अधिकांश भूमि एवं अन्य व्यवस्थाएं जुटाई गईं, फिर चुन-चुन कर नए इस्लामिक गणराज्य में गैर मुसलमानों को निशाना बनाया गया जो अब भी (पाकिस्तान-बांग्लादेश में) जारी है। वस्तुतः यह प्रश्न आज सभी के सोचने के लिए हैं, कि आखिर सभी को मुसलमान बना देने या बात नहीं मानने वालों को मौत के घाट उतार देने की जिद क्यों इन आतंकियों और इस तरह की जिहादी मानसिकता रखनेवाले मुसलमानों ने पाल रखी है? यह इस्लाम लोगों को डराकर उनकी जान लेकर किस मानवता का भला कर रहा है? जम्मू-कश्मीर में हिंदू श्रद्धालुओं पर इस्लामी आतंकियों ने जो हमला किया और उसके लिए जिस दिन का चुनाव किया, हम सभी जानते हैं कि वह नरेन्द्र मोदी द्वारा तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ग्रहण करनेवाला था। आखिर; यह क्या संकेत करता है? यह हमला किसको डराने के लिए है और किसको मैसेज देने के लिए हुआ? देखा जाए तो इन तमाम प्रश्नों का जो एक उत्तर है वह है, आतंकवादी मुसलमान भारत सरकार एवं यहां रह रहे बहुसंख्यक हिन्दू समाज के लिए खुला संदेश दे रहे हैं, हम जो चाहें, जहां चाहें, जैसा चाहें वैसा, इस भारत में कहीं भी 'कांड' कर सकते हैं। आप अपनी सशक्त सत्ता का कितना भी दम भरें, इससे (आतंकवादियों को) कोई फर्क नहीं पड़ता, हम अपने मंसूबों को जब चाहे तब कामयाब कर सकते हैं। इस हमले में आप देखिए, कैसे नन्हे गोद लिए बच्चों तक को नहीं बख्शा गया और उन पर भी चारों ओर से गोली बरसाई गईं।
**(ये लेखक के निजी विचार है।)**

> **कश्मीर में हिंदू श्रद्धालुओं पर इस्लामी आतंकियों ने जो हमला किया और उसके लिए जिस दिन का चुनाव किया, हम सभी जानते हैं कि वह मोदी द्वारा तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ग्रहण करनेवाला था।**

बोधि वृक्ष

## अद्भुत है पटना का महावीर मंदिर




**1956** में बोर्ड और ट्रस्ट के बीच इस बात पर समझौता हुआ कि यदि ट्रस्ट मदिर के हित में कोई कार्य करेगा तो बोर्ड उसमें दखल नहीं देगा। हालांकि मदिर में मठाधीसी और भ्रष्टाचार जारी रहा। आचार्य कुणाल बताते हैं, मदिर से जो कमाई हो रही थी, उसे बहुत कम बताया जा रहा था। मैंने फैसला कर लिया था कि यदि न्याय नहीं मिला तो आइपीएस की नौकरी से इस्तीफा दे दूंगा। बाद में सुप्रीम कोर्ट से हमारी जीत हुई।

**तब एसएसपी को मिली मदिर निर्माण की जिम्मेदारी**

आचार्य किशोर कुणाल बताते हैं, साल 1983-84 के दौरान जब मैं पटना का एसएसपी था तो स्थानीय लोगों ने मदिर निर्माण करने के लिए मुझसे सपर्क किया। पहले तो मैंने मना किया लेकिन बाद में मंदिर के निर्माण के लिए शहर के प्रतिष्ठित लोगों की समिति बनाई। एमके सिन्हा अध्यक्ष बनाए गए। स्वतत्रता सेनानी देवेंद्र प्रसाद सिह सचिव बने। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश नद लाल उटवालिया को भी समिति में शामिल किया। सब जगह विज्ञापन लगवाया गया कि यदि इस मदिर के निर्माण के लिए कोई चदा माग रहा हो तो उसे पुलिस को सौंपें। आचार्य किशोर कुणाल बताते हैं, हमलोगों ने आम लोगों से अपील की कि अगर वे चाहते हैं कि मदिर बने तो वे एसबीआइ के फला खाता नबर में रुपये जमा करें। (क्रमशः)

## फेसबुक वॉल से




## X - से




अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# लगेगी आग तो आयेंगे घर कई जद में ...



निर्मल रानी

***विगत 6*** जून को चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर फिल्म अभिनेत्री व हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से नवनिर्वाचित सांसद कंगना रानौत के गाल पर वहां सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात सीआई एस एफ की महिला सिपाही कुलविंदर कौर ने थप्पड़ जड़ दिया। किसी भी सुरक्षा कर्मी द्वारा अति सुरक्षित स्थान पर ऐसा अभद्र व्यवहार किया जाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण व निंदनीय है। इस शर्मनाक घटना के बाद आरोपी महिला सिपाही कुलविंदर कौर को सीआईएसएफ ने तत्काल गिरफ़्तार कर उसे निलंबित भी कर दिया। इस घटना की पृष्ठभूमि यह है कि किसान आंदोलन के दौरान कंगना रानौत ने पंजाब के आंदोलनकारी किसानों को आतंकवादी तथा खालिस्तानी कहा था और यह भी कहा था कि किसान आंदोलन में शामिल प्रदर्शनकारी महिलाओं को सौ-सौ रुपये दे कर प्रदर्शन के लिये लाया गया था। खबरों के अनुसार किसानों के साथ शामिल महिला प्रदर्शनकारियों में महिला सिपाही कुलविंदर कौर की मां भी शामिल थी जो कंगना रानौत की 'महिलाओं को सौ-सौ रुपये लेकर प्रदर्शन करने' वाले बयान से बेहद आहत हुई थी। परिणाम स्वरूप उसी अपमानजनक बयान के बदले के रूप में यह अप्रत्याशित घटना सामने आई। किसान आंदोलन के दौरान ही कंगना ने ट्वीटर पर यह विवादित टिप्पणी भी की थी कि- 'कोई भी इसके बारे में बात नहीं कर रहा है क्योंकि वे किसान नहीं हैं, वे आतंकवादी हैं जो भारत को विभाजित करने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि चीन हमारे कमजोर टूटे हुए राष्ट्र पर कब्जा कर सके और इसे यूएसए की तरह एक चीनी उपनिवेश बना सके... बैठ जाओ मूर्ख, हम अपने देश को तुम बेवकूफों की तरह नहीं बेच रहे हैं।' हालांकि इस पोस्ट पर हुई आलोचना के बाद कंगना ने इस पोस्ट को भी हटा लिया था। निश्चित रूप से यदि सिपाही कुलविंदर कौर का कृत्य गलत है तो कंगना रानौत के ऐसे बयानों को भी सही नहीं ठहराया जा सकता। इस घटना के बाद कंगना रानौत द्वारा दिये गये एक और विवादित बयान ने इस मुद्दे पर चर्चा को और अधिक तूल दे दिया है जिसमे उन्होंने चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर अपने साथ हुई घटना का विवरण देने के अंत में कहा कि हमें इस बात की चिंता है कि पंजाब में जो आतंकवाद व उग्रवाद बढ़ रहा है हम उससे कैसे निपटते हैं।' उनके इस बयान के बाद किसान और भी कड़ी आपत्ति जता रहे हैं और कुलविंदर के समर्थन में एकजुट हो गए हैं। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान व शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी सहित अनेक नेताओं ने कहा है कि इस घटना को पंजाब में आतंकवाद व उग्रवाद फैलने से जोड़ना बिल्कुल गलत है और एक सांसद के नाते तो कंगना को ऐसी बात हरगिज नहीं करनी चाहिये। परन्तु कंगना के इस 'आतंकवाद' वाले बयान ने देश में पिछले कुछ दिनों के भीतर हुई ऐसी घटनाओं की याद दिलाते हुये 'आतंकवाद' व उग्रवाद पर एक बहस जरूर छेड़ दी है। याद कीजिये अभी गत 18 मई को जब उत्तर-पूर्वी दिल्ली से लोकसभा के लिए कांग्रेस के उम्मीदवार कन्हैया कुमार अपने निर्वाचन क्षेत्र के उस्मानपुर इलाके में चुनाव प्रचार कर रहे थे उस समय उन पर पहले कुछ लोगों ने स्याही फेंकी और फिर उनके गाल पर थप्पड़ जड़ दिया।
**(ये लेखक के निजी विचार है।)**

## टेक वर्ल्ड

### क्या आप जानते हैं रात को सोते समय एसी का तापमान कितना होना चाहिए ?



***अगर*** आप भी रात को एसी रुम में सोते हैं, तो जान लें कितना तापमान एसी का होना चाहिए। बुजुर्गों के लिए एसी कितना तापमान सही होता है। इसके साथ ही जानें एसी के फायदे और नुकसान। देश भर में भीषण गर्मी का कहर जारी है। आग उगलने वाली गर्मी से बचने के लिए लोग अलग-अलग तरह से उपाय आजमा रहे हैं। गर्मी के प्रकोप से बचने के लिए लोग नया एसी खरीद रहे हैं। इस भीषण गर्मी में पंखा और कूलर तो काम ही नहीं कर रहे। जिस वजह से लोग एसी खरीद रहे लेकिन आपको पता होना चाहिए कि आपके रुम का तापमान आपकी नींद को सीधे तौर पर प्रभावित करता है। अगर आपके आस-पास काफी गर्मी है ऐसी स्थिति में नींद को सीधे तौर पर प्रभावित करता है। इस लेख में हम आपको बताएंगे कि रात के सोते समय एसी का तापमान कितना होना चाहिए।

**एक्सपर्ट ने बताया कितना हो एसी का तापमान**

एक्सपर्ट के अनुसार, रात को सोते समय एसी का आइडियल तापमान 20 सेल्सियस है। इस तापमाम पर नींद अच्छी आती है। वहीं अगर आप तापमान 20 डिग्री से कम करते हैं, तो ज्यादा ठंड की वजह से आपकी सेहत खराब हो सकती है।

(क्रमशः)

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार से पूछा

# क्या आपने टैंकर माफिया के खिलाफ कार्रवाई की

एजेंसी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने टैंकर माफिया के खिलाफ कार्रवाई न करने के लिए बुधवार को दिल्ली सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में जल संकट कम करने के लिए वह दिल्ली पुलिस को कार्रवाई का निर्देश दे सकता है। न्यायमूर्ति पी.के. मिश्रा की अध्यक्षता वाली अवकाश पीठ ने दिल्ली सरकार से पूछा, ₹यदि हिमाचल प्रदेश से पानी आ रहा है तो वह दिल्ली में कहां जा रहा है? क्या आपने इन टैंकर माफिया के खिलाफ कोई कार्रवाई की है। खबरें आ रही हैं कि दिल्ली में टैंकर माफिया सक्रिय हैं और पानी पर उनका कब्जा है, और आप उन पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहे। यदि आप कोई कार्रवाई नहीं करते हैं तो हम टैंकर माफिया पर कार्रवाई करने की जिम्मेदारी दिल्ली पुलिस को सौंप देंगे।₹ इस पीठ में न्यायमूर्ति पी.बी. वराले भी शामिल थे। शीर्ष अदालत ने इस बात पर आश्चर्य व्यक्त किया कि जब जलापूर्ति की पाइप लाइनें सूखी हैं तो टैंकरों से पानी की आपूर्ति कैसे की जा रही है। पीठ ने कहा, यदि हर साल गर्मियों में पानी का संकट रहता है तो आपने यमुना से आने वाले पानी की बबार्दी रोकने के लिए क्या किया है?



### आम आदमी पार्टी बताए, टैंकर माफिया से उसका क्या रिश्ता है : शहजाद



राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पानी की किल्लत को लेकर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट से दिल्ली सरकार को फटकार मिलने के बाद भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने राज्य में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) पर हमला बोलते हुए कहा कि उसे बताना चाहिए कि उसका वाटर टैंकर माफिया से क्या लेना-देना है। उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली सरकार से पूछा कि टैंकर माफिया की वजह से दिल्लीवासियों को हर साल पानी के संकट का सामना करना पड़ता है। ऐसे में उसने टैंकर माफिया पर लगाम कसने के लिए क्या कदम उठाए हैं?

### पानी की लीकेज 12 घंटे के अंदर होगी ठीक : आतिशी



भीषण गर्मी के चलते दिल्ली में जल संकट बरकरार है और दिल्ली की जनता अब त्राहिमाम कर रही है। दिल्ली के एलजी वी.के. सक्सेना ने दिल्ली के जल मंत्री आतिशी और मंत्री सौरभ भारद्वाज से मुलाकात के बाद एक पत्र जारी किया था, जिसमें बताया गया था कि दिल्ली में पानी तो भेजा जा रहा है लेकिन इसकी बबार्दी लीकेज और चोरी के चलते हो रही है। जिसकी वजह से दिल्ली वालों को जल संकट का सामना करना पड़ रहा है। दिल्ली के जल मंत्री आतिशी ने एक लेटर को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर यह बताया कि एलजी की इस कंप्लेंट से पहले ही

### सपा मुखिया अखिलेश ने विस की सदस्यता से इस्तीफा दिया



**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और उनकी पार्टी के अयोध्या की मिल्कीपुर सीट से विधायक अवधेश प्रसाद ने सांसद बनने के बाद बुधवार को विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने करहल सीट से विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दिया। अखिलेश यादव ने कन्नौज सीट से लोकसभा चुनाव जीता है। अब, अखिलेश यादव केंद्र की राजनीति में नजर आएंगे। इसी के साथ संसद में पति-पत्नी यानी अखिलेश-डिंपल की जोड़ी नजर आएगी। डिंपल यादव मैनपुरी से चुनाव जीती हैं। लोकसभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन से उत्साहित अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी का अगला लक्ष्य 2027 में उत्तर प्रदेश में सरकार बनाने का है। पार्टी अभी से ही इसकी तैयारी शुरू कर रही है। फैजाबाद की मिल्कीपुर विधानसभा सीट से सपा के दिग्गज विधायक अवधेश प्रसाद ने भी सांसद चुने जाने के बाद अपना इस्तीफा दे दिया है।

## मुख्यमंत्री नीतीश ने 29 मंत्रियों को सौंपा जिलों का प्रभार

एजेंसी

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने मंत्रियों को विभिन्न जिलों की जिम्मेदारी दी है। इस संबंध में नीतीश की पार्टी जदयू ने बुधवार को इसकी सूची जारी की है। कुल 29 मंत्रियों को अलग-अलग जिलों का प्रभार दिया गया है। सूची के अनुसार उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को पटना और उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा को मुजफ्फरपुर और भोजपुर जिले का प्रभारी मंत्री बनाया गया है। जदयू के वरिष्ठ मंत्री विजय कुमार चौधरी को पूर्णिया और नालंदा जिलक का प्रभारी मंत्री बनाया गया है। जिलों के प्रभारी मंत्रियों में बिजेन्द्र प्रसाद यादव वैशाली, डॉ. प्रेम कुमार नवादा, श्रवण कुमार समस्तीपुर और मधेपुरा, संतोष कुमार सुमन औरंगाबाद, सुमित कुमार सिंह सारण, रेणु देवी सिवान, मंगल पाण्डे दरभंगा एवं बेगुसराय के नाम शामिल हैं।

इनके अलावा नीरज कुमार सिंह कटिहार, अशोक चौधरी सीतामढ़ी एवं जहानाबाद, लेशी सिंह



मधुबनी, मदन सहनी सुपौल, नीतीश मिश्रा अररिया एवं गया, नीतीन नवीन बक्सर एवं कैमुर, डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल सहरसा, महेश्वर हजारी खगड़िया, शीला कुमारी शेखपुरा एवं लखीसराय, सुनील कुमार पूर्वी चंपारण, जनक राम पश्चिमी चंपारण, हरी सहनी अरवल, कृष्णनंदन पासवान गोपालगंज, जयन्त राज रोहतास, मो. जमा खान किशनगंज एवं शिवहर, रत्नेश सादा जमुई, केदार प्रसाद गुप्ता मुंगेर, सुरेन्द्र मेहता बांका और संतोष कुमार सिंह भागलपुर के प्रभारी मंत्री बनाये गये हैं।

### विपक्ष का काम सवाल उठाना एनडीए सरकार आपसी सौहार्द पर बनी : जमा खान

बिहार सरकार के मंत्री जमा खान ने केंद्र सरकार के गठन पर विपक्ष की ओर से उठाए जा रहे सवालों पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि विपक्ष का काम है सवाल उठाना, उसकी आलोचना मैं नहीं करूंगा। केंद्र में एनडीए की सरकार बनी है और हमारे नेता जो भी निर्णय लेते हैं, उस पर हम लोग चलते हैं और चलते रहेंगे। 'बैसाखी के सहारे सरकार चलेगी', विपक्ष के इस बयान पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि आपसी सौहार्द पर यह सरकार बनी है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस सरकार में शामिल हैं। इस सरकार को हम लोग पांच साल चलाएंगे। नीतीश कुमार ने सरकार को जो समर्थन दिया है, वह आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि बिहार के विकास के लिए विशेष पैकेज को लेकर पहले भी लगे हुए थे और सीएम नीतीश कुमार आज भी लगे हुए हैं।

### नीट काउंसलिंग पर दिल्ली हाईकोर्ट ने नहीं लगाई रोक

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने नीट की काउंसलिंग पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। हाईकोर्ट ने पेपर लीक और प्रश्न पत्र में गड़बड़ियों की जांच की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) को नोटिस जारी किया है। मामले की अगली सुनवाई 5 जुलाई को होगी। सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि नीट का मामला सुप्रीम कोर्ट के साथ कई हाई कोर्ट में भी लंबित हैं। हम सुप्रीम कोर्ट में सभी मामलों को एक साथ सुनवाई के लिए ट्रांसफर याचिका दाखिल करेंगे। इस मामले में तीन मुख्य मुद्दे हैं। पहला ग्रेस मार्क, दूसरा एक सवाल का गलत होना और तीसरा पेपर लीक का। तब याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि कोर्ट को काउंसलिंग पर रोक लगाना चाहिए। याचिकाकर्ता ने कहा कि इस मुद्दे को कल सुप्रीम कोर्ट में उठाया जा चुका है। सुनवाई के दौरान मेहता ने ऐसा कोई आश्वासन देने से इनकार किया कि इस समय काउंसलिंग शुरू नहीं होगी। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने भी मामले पर इस तरह का आदेश देने से मना कर दिया था।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने लाल किला हमले के दोषी मो. आरिफ की दया याचिका खारिज की



एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 22 दिसंबर 2000 को लाल किला हमला मामले में दोषी ठहराए गए पाकिस्तानी आतंकवादी मोहम्मद आरिफ उर्फ अशफाक की दया याचिका खारिज कर दी है। इस हमले में राजपूताना राइफल्स के तीन जवान बलिदान हो गए थे। आरिफ एक पाकिस्तानी नागरिक है और प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) का सदस्य है। अधिकारियों ने राष्ट्रपति सचिवालय के 29 मई के आदेश का हवाला देते हुए बताया कि 15 मई को आरिफ की दया याचिका प्राप्त हुई थी, जिसे 27 मई को खारिज कर दिया गया। राष्ट्रपति के 25 जुलाई 2022 को कार्यभार संभालने के बाद यह दूसरी दया याचिका है, जिसे राष्ट्रपति ने खारिज किया है। सुप्रीम कोर्ट ने 3 नवंबर, 2022 को आरिफ की समीक्षा याचिका खारिज कर दी थी और मामले में उसे दी गई मौत की सजा को बरकरार रखा था। उल्लेखनीय है कि 22 दिसंबर, 2000 को हुए हमले में कुछ घुसपैठियों ने लाल किला परिसर में तैनात 7 राजपूताना राइफल्स यूनिट पर गोलीबारी की, जिसके परिणामस्वरूप तीन सैन्यकर्मी बलिदान हो गए। हमले के चार दिन बाद दिल्ली पुलिस ने आरिफ को गिरफ्तार किया था। मोहम्मद आरिफ उर्फ अशफाक एक पाकिस्तानी नागरिक है, जो अवैध रूप से भारतीय क्षेत्र में घुसा था। आरिफ को हमले को अंजाम देने के लिए अन्य आतंकवादियों के साथ साजिश रचने का दोषी पाया गया था और ट्रायल कोर्ट ने अक्टूबर 2005 में उसे मौत की सजा सुनाई थी। दिल्ली उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय ने बाद की अपीलों में इस फैसले को बरकरार रखा।

### हनुमान चालीसा का पाठ करने के मामले में फिर टली सुनवाई

**नई दिल्ली।** भाजपा नेता नवनीत राणा बुधवार को अपनी खराब तबियत के चलते कोर्ट में पेश नहीं हो पाए। नवनीत राणा के वर्ष 2022 में महाराष्ट्र के तत्कालीन सीएम उद्धव ठाकरे के आवास के बाहर हनुमान चालीसा का पाठ करने पर विवाद हुआ था। वर्ष 2022 में नवनीत राणा ने पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे के आवास के बाहर हनुमान चालीसा का पाठ करने की घोषणा की थी। इस घोषणा के बाद शिवसेना (यूबीटी) के कार्यकर्ता नाराज हो गए थे। इसके साथ ही इलाके में तनाव की स्थिति पैदा हो गई थी। हालांकि बाद में पीएम मोदी के मुंबई दौरे के कारण इसे रद्द कर दिया था। लेकिन पुलिस ने उनको अप्रैल में गिरफ्तार कर लिया था। फिलहाल वे जमानत पर बाहर हैं। बता दें कि नवनीत राणा ने अमरावती सीट से लोकसभा चुनाव लड़ा था, लेकिन वे यहां से चुनाव हार गए थे। वहीं बुधवार को बॉम्बे हाईकोर्ट में इस मामले की पेशी थी। लेकिन भाजपा नेता नवनीत राणा बुधवार को खराब स्वास्थ्य का हवाला देते हुए यहां की एक अदालत में पेश नहीं हुए।

## आज का राशिफल

**मेष** — कामकाज की व्यस्तता से सुख-चैन प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी। आनन्ददायक वातावरण बनेगा।

**वृषभ** — आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है।

**मिथुन** — व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें, शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। नौकरी में अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा।

**कर्क** — कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**सिंह** — यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें।

**कन्या** — आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें।

**तुला** — लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा। बचते-बचते कलह विवाद का डर बना रहेगा।

**धनु** — यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा।

**मकर** — मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।

**कुम्भ** — आलसी न बनें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा।

**मीन** — परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

### बांग्लादेशी सांसद के शव के टुकड़ों को अब भी ढूंढ रही सीआईडी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में मौत के घाट उतारे गए बांग्लादेशी सांसद अनवारुल अजीम अनार के शव के टुकड़ों को सीआईडी अभी भी ढूंढ रही है। पश्चिम बंगाल सीआईडी के अधिकारी इस मामले में गिरफ्तार दो आरोपितों से लगातार पूछताछ कर रहे हैं। एक सूत्र ने बताया कि रविवार को बागजोला नहर के किनारे से बरामद की गई हड्डियों को फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि कुछ और सबूत भी बरामद किए जाएंगे। इसमें समय लग रहा है क्योंकि अपराध लगभग एक महीने पहले हुआ था। हमने कुछ निश्चित स्थानों की पहचान की है, जहां हम शव के अंगों की तलाश कर रहे हैं। राज्य सीआईडी ने रविवार को नेपाल पुलिस द्वारा भारत को प्रत्यर्पित किए गए सियाम से पूछताछ के बाद दक्षिण 24 परगना जिले में एक नहर के पास से मानव की कुछ हड्डियां बरामद की गई थीं। इसके अलावा सीआईडी अधिकारी जांच के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपितों- मोहम्मद सियाम हुसैन और कसाई से लगातार पूछताछ कर रहे हैं।

### रेणुका स्वामी मर्डर केस

## कर्नाटक के गृह मंत्री ने कहा कानून सबके लिए एक समान

एजेंसी

**बेंगलुरु।** कन्नड़ एक्टर दर्शन, उनकी करीबी दोस्त पवित्रा गौड़ा और 11 अन्य आरोपियों को रेणुकास्वामी मर्डर केस के सिलसिले में मंगलवार को गिरफ्तार किया गया और उन्हें छह दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने बुधवार को कहा कि दर्शन और बाकी सभी के लिए कानून एक समान है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जब पत्रकारों ने सवाल किया कि क्या दर्शन अपने पैसे और बाहुबल के चलते कार्रवाई से बच सकते हैं, तो इस पर डॉ. परमेश्वर ने कहा, उन्हें (दर्शन और उनके साथियों को) एक हत्या के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है। अधिकारी जांच कर रहे हैं। कानून सबके लिए बराबर है। दर्शन और परमेश्वर के लिए भी यही है। इसलिए किसी को भी कानून नहीं तोड़ना चाहिए।" डॉ. परमेश्वर ने बताया कि पुलिस दर्शन के आदतन अपराधी होने के पहलू



की भी जांच करेगी। क्या दर्शन को पुलिस विभाग द्वारा हिस्ट्रीशीटर घोषित किया जाएगा? इस पर परमेश्वर ने कहा कि पुलिस की रिपोर्ट और सिफारिशें उपलब्ध होने के बाद ही इस पर फैसला लिया जाएगा। पुलिस कानून की किसी भी धारा को लागू करने के लिए स्वतंत्र है। परमेश्वर ने कहा, ₹करीबी दोस्त को अश्लील मैसेज भेजने पर एक्टर दर्शन रेणुकास्वामी के खिलाफ शिकायत दर्ज करा सकते थे। अगर शिकायत दर्ज कराई गई होती तो पुलिस तत्काल कार्रवाई करती। हत्या टल सकती थी और एक जान बच सकती थी।" परमेश्वर ने कहा, कानूनी कार्रवाई शुरू की जाएगी। पुलिस को पूरी छूट है और वे जांच को आगे बढ़ाएंगे।

### फारुक अब्दुल्ला ने पाक के साथ फिर से बातचीत शुरू करने की वकालत की

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने पाकिस्तान के साथ फिर से बातचीत शुरू करने की वकालत करते हुए कहा कि पाकिस्तान की नई सरकार हमारे साथ शांतिपूर्ण माहौल बनाने के लिए तैयार है और भारत को उनके लिए वार्ता के दरवाजे खोलने चाहिए। उन्होंने दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन को 'पुनर्जीवित' करने की भी वकालत की। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने एक साक्षात्कार में कहा कि हमें अभी भी अपने पड़ोसी के साथ समस्या है, जो सैन्य कार्रवाई से हल नहीं होगी। जब तक हम अपने पड़ोसियों से बात नहीं करेंगे, तब तक हम इसे हल नहीं कर सकते। आतंकवादी सीमाओं के रास्ते आ रहे हैं और वे आते रहेंगे। उन्होंने कहा कि हमें इन हालातों से बाहर निकलने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में अमरनाथ यात्रा होने वाली है। उसमें कोई भी छोटी घटना होने पर देश के बाकी हिस्सों में इसका बखान किया जाएगा।

## मरीज को कंधे पर लादकर अस्पताल ले जाते हैं लोग

*मूलभूत सुविधाओं से वंचित हिमाचल के उद्योग मंत्री का गांव*

एजेंसी

**शिमला।** सुदूरवर्ती क्षेत्रों को सड़क से जोड़ने का दावा करने वाली सरकार की हकीकत से रूबरू होना हो तो हिमाचल प्रदेश के टीकर गांव चले आइए। यह गांव आजादी के 75 साल बाद भी सड़क से वंचित है। देश अब 4जी से 5जी की ओर बढ़ चुका है, लेकिन ग्रामीण इलाकों के काम अभी भी कछुए की गति से चल रहे हैं। हमारे देश में अभी भी कई ऐसे गांव हैं जहां सड़क नहीं होने की वजह से बीमार लोगों को कंधे पर उठाकर पैदल ही अस्पताल पहुंचाना पड़ता है। ऐसी ही एक तस्वीर हिमाचल प्रदेश के उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान के विधानसभा क्षेत्र के टीकर गांव से सामने आई है। यहां शोभाराम नामक 65 वर्षीय एक बुजुर्ग को इलाज के लिए लोग कंधे पर उठाकर ले जाते हुए नजर आए। सड़क के अलावा भी इस गांव में



कई मूलभूत सुविधाओं की कमी है जिसके चलते ग्रामीणों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। मूलभूत सुविधाओं के लिए यहां के ग्रामीणों ने कई बार मांग भी उठाई है। लेकिन, किसी सरकार ने इसकी मांगें पूरी नहीं की। चुनाव के वक्त इन ग्रामीणों को तमाम राजनीतिक दलों से सिर्फ और सिर्फ आश्वासन मिलता है। टीकर गांव के रहने वाले नाथू राम बताते हैं कि प्रसव के दौरान यहां की महिलाओं को उठाकर लाना पड़ता है। इस दौरान कई महिलाओं ने रास्ते में ही बच्चों को जन्म दिया है। इलाज के लिए अस्पताल ले जाने के क्रम में कई लोग दम तोड़ चुके है।

**पहल** — लोकसभा चुनाव के दौरान वायु सेना के हवाई बेड़े ने निभाई अहम भूमिका

## चुनावी मशीनरी को दूरस्थ स्थानों तक पहुंचाया

*सेना और बीएसएफ के हेलीकॉप्टरों को भी उड़ानों में शामिल किया गया*

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनावों के दौरान भारतीय वायु सेना की भी अहम भूमिका रही है। युद्ध और शांति काल में विभिन्न कार्य करने वाले वायु सेना के परिवहन और हेलीकॉप्टर बेड़े को चुनावों के बीच प्रशासनिक मशीनरी को एयरलिफ्ट करने के लिए तैनात किया गया था। वायु सेना के मीडियम लिफ्ट हेलीकॉप्टरों (एमआई-17 वेरिएंट), लाइट



यूटिलिटी हेलीकॉप्टरों (चेतक) और स्वदेशी रूप से निर्मित एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच) ध्रुव ने इस दौरान पर्याप्त उड़ान भरकर पोलिंग पार्टी को दूरस्थ स्थानों तक पहुंचाने और वापस लाने का कार्य किया है।

वायु सेना का हवाई बेड़ा घरेलू और अंतरराष्ट्रीय अभ्यासों के दौरान लड़ाकू सैनिकों को हवाई मार्ग से ले जाने और शांतिकालीन भूमिका के अलावा राष्ट्र निर्माण की दिशा में कई कार्य करता है। नागरिक शक्ति की सहायता में भारतीय वायुसेना विशेष रूप से सबसे आगे रही है। हाल ही में हुए लोकसभा आम चुनाव के दौरान मीडियम लिफ्ट हेलीकॉप्टरों (एमआई-17 वेरिएंट), लाइट यूटिलिटी हेलीकॉप्टरों (चेतक) और स्वदेशी रूप से निर्मित एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच) ध्रुव ने पर्याप्त उड़ान भरी हैं।


वायु सेना इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) को पोलिंग पार्टी के साथ एयरलिफ्ट करने और चुनाव ड्यूटी पर भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) के कर्मियों को तैनात करने के कार्य में सक्रिय रूप से शामिल रही है। आम चुनावों के दौरान भारतीय वायु सेना ने देश के दूरदराज के इलाकों तक चुनाव कर्मियों की पहुंच बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जहां सड़क मार्ग से आवाजाही एक सुरक्षा चिंता का विषय थी। यह कार्य समयबद्ध था, क्योंकि मतदान अधिकारियों को चुनाव तिथि से दो दिन पहले प्रत्येक दूरस्थ मतदान केंद्र तक पहुंचाने के साथ ही मतदान के बाद वापस लाना था। भारतीय वायु सेना ने आम चुनाव के सात चरणों में से पांच में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसमें 1750 से अधिक उड़ानों में 1000 घंटे से अधिक की उड़ान भरी। सुरक्षा, मौसम, सड़क संपर्क आदि को ध्यान में रखते हुए परिसंपत्तियों के उपयोग को अनुकूलित करने के लिए नोडल अधिकारियों के माध्यम से ईसीआई और विभिन्न राज्यों के मुख्य चुनाव आयुक्तों (सीईसी) के साथ घनिष्ठ समन्वय के माध्यम से यह कठिन कार्य पूरा किया गया।

### ब्रिटेन का वीजा दिलाने के नाम पर बड़ौदा के दंपति से 15 लाख की ठगी

**बड़ौदा।** ब्रिटेन का वीजा दिलाने के नाम पर बड़ौदा के एक दंपति को पिता-पुत्री को जोड़ी ने 15 लाख रुपये का चूना लगा दिया। आरोपियों की पहचान योगेश जोशी और उनकी बेटी श्रेयांशी जोशी के रूप में हुई है। शिकायतकर्ता रितेशा ने बताया कि वह 2022 से पढ़ाई के लिए लंदन में रह रही अपने ससुराल पक्ष की एक रिश्तेदार के जरिये श्रेयांशी के संपर्क में आई थी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया, श्रेयांशी ने रितेशा और उसके पति को लंदन के लिए वर्क परमिट वीजा दिलाने की पेशकश की। उसने बताया कि इसमें 18 लाख रुपये का खर्च आएगा। रितेशा इस पर राजी हो गई। उसने श्रेयांशी के पिता को छह लाख रुपये का भुगतान किया। अधिकारी ने बताया कि एक महीने बाद श्रेयांशी लंदन से लौटी।



## आज के मैच



समय : 06:00 शाम
ब्रायन लारा स्टेडियम
तरौबा, ट्रिनीडाड

रात : 08:00
अर्नोस वाले ग्राउंड,
किंग्सटाउन, सेंट विंसेंट

# टूटा भारत का सपना, 2026 फीफा विश्व कप में नहीं बना पाया जगह

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कतर के खिलाफ भारत की विवादास्पद हार के बाद, अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने एक बयान जारी कर पुष्टि की है कि वे मैच के दौरान हुई गंभीर पर्यवेक्षण त्रुटि के खिलाफ अपील करेंगे, जिसके कारण भारत को फीफा विश्व कप क्वालीफायर राउंड 3 में जगह बनाने से हाथ धोना पड़ा। 2026 फीफा विश्व कप में जगह बनाने का भारत का सपना मंगलवार रात दोहा में कतर से 1-2 से हार के साथ टूट गया। एआईएफएफ के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने एक आधिकारिक बयान में कहा, मंगलवार रात फीफा 2026 और एएफसी एशियाई कप 2027 के प्रारंभिक संयुक्त योग्यता राउंड 2 के समापन मैच में कतर के खिलाफ हार पूरे भारतीय फुटबॉल जगत के लिए एक बड़ी निराशा थी। हालांकि जीत और हार खेल का एक अभिन्न अंग हैं, और हमने इसे विनम्रता से स्वीकार करना सीख लिया है, लेकिन कल रात भारत के खिलाफ किए गए दो गोलों में से एक ने कुछ सवालों को अनुत्तरित छोड़ दिया।

मैच के 37वें मिनट में लालियांजुआला छांगटे ने गोल कर भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी। पहले हॉफ की समाप्ति

### कतर के खिलाफ विवादास्पद हार के खिलाफ अपील करेगा एआईएफएफ



पर भारत 1-0 से आगे रहा।

दूसरे हाफ में मैच के 75वें मिनट में कतर के लिए यूसुफ अयमन ने नेट के पीछे से गोल मारा। गुरप्रीत द्वारा अयमन के हेडर को बचाए जाने के बाद भारतीय खिलाड़ियों को लगा कि गेंद खेल से बाहर चली गई है। रेफरी की सीटी नहीं बजी और भारतीय खिलाड़ियों ने विरोध करना शुरू कर दिया। वीडियो असिस्टेंट रेफरी की अनुपस्थिति में रेफरी ने असिस्टेंट रेफरी से सलाह ली।

गोल तो दे दिया गया लेकिन रीप्ले में साफ दिख रहा था कि गेंद खेल से बाहर चली गई थी। चौबे ने कहा, हम, अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ में, हमेशा मानते थे कि खेल की भावना को बनाए रखा जाना चाहिए और नियमों का पालन बिना किसी संदेह के किया जाना चाहिए। इसी रुख को बनाए रखते हुए, हमने कतर के खिलाफ खेल के बाद, अपने मुख्य रेफरी अधिकारी के परामर्श से, फीफा क्वालीफायर के प्रमुख, एएफसी रेफरी के प्रमुख, एएफसी प्रतियोगिताओं के प्रमुख और खेल के लिए मैच कमिश्नर को लिखने का फैसला किया, जिसमें उनसे खेल के दौरान हुई गंभीर पर्यवेक्षण त्रुटि पर गौर करने का अनुरोध किया गया, जिसके कारण हमें फीफा विश्व कप क्वालीफायर राउंड 3 में जगह गंवानी पड़ी।

कतर ने मैच जीत लिया और भारत को फीफा विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में पहली बार जाने से रोक दिया। इस हार का मतलब यह भी है कि भारत को एएफसी एशियाई कप 2027 के लिए स्वतः योग्यता नहीं मिलेगी।

## एक नजर

### पूर्व भारतीय डिफेंडर और मशहूर कोच टीके चथुन्नी का निधन

**कोच्चि।** केरल के पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी और कोच टी के चथुन्नी का निधन हो गया। बुधवार सुबह करीब 7:30 बजे एनार्कुलम के एक निजी अस्पताल में उनका निधन हो गया। वह 75 वर्ष के थे। चथुन्नी के परिवार में उनकी पत्नी और दो बेटियाँ हैं। उनका कैंसर का इलाज चल रहा था। 1960 और 1970 के दशक के जाने-माने डिफेंडर, चथुन्नी 1973 में कुआलालंपुर में आयोजित मर्डेका टूर्नामेंट में भारतीय टीम के सदस्य थे। उन्होंने राष्ट्रीय टीम के लिए छह मैच खेले। घरेलू फुटबॉल में, उन्होंने ईएमई सेंटर, सिकंदराबाद, वास्को क्लब, गोवा और ऑर्के मिल्स, मुंबई के लिए खेला। संतोष ट्रॉफी के लिए राष्ट्रीय फुटबॉल चैम्पियनशिप में, उन्होंने सर्विसेज के लिए खेला।

### बारिश की भेंट चढ़ा नेपाल और श्रीलंका का मैच

**लॉडरहिल।** नेपाल और श्रीलंका के बीच टी20 विश्व कप ग्रुप डी का मैच फ्लोरिडा में खराब मौसम के कारण रद्द कर दिया गया। बारिश की वजह से मैच का टॉस भी नहीं हो सका। इसके बाद दोनों टीमों को 1-1 अंक मिला। अंक मिलने से दोनों ही टीमों का विश्व कप 2024 में खाता खुल गया है लेकिन श्रीलंका को इससे बड़ा झटका लगा है, क्योंकि इस मुकाबले को जीतकर 2 अंक हासिल करना उसके लिए बेहद जरूरी था। मैच के रद्द होने के कारण ग्रुप-डी के समीकरण में भी सस्पेंस बढ़ गया है। इस ग्रुप में उसके अलावा दक्षिण अफ्रीका, बांग्लादेश, नीदरलैंड और नेपाल की टीम शामिल है।

# उम्मीदें जीवंत रखने के लिए एक दूसरे का सामना करेंगे बांग्लादेश और नीदरलैंड



**एजेंसी। किंग्सटाउन**

बांग्लादेश और न्यूजीलैंड टी20 विश्व कप के सुपर आठ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को पंख लगाने के लिए गुरुवार को यहां एक दूसरे का सामना करेंगे। दक्षिण अफ्रीका ग्रुप डी से शीर्ष पर रहकर पहले ही अगले दौर में जगह बना चुका है। बांग्लादेश इस ग्रुप में अभी दूसरे स्थान पर है। उसके और नीदरलैंड के समान दो दो अंक हैं।

बांग्लादेश की टीम हालांकि बेहतर नेट रन रेट के आधार पर दूसरे स्थान पर है। नेपाल और श्रीलंका के एक-एक अंक हैं लेकिन उनके पास भी ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहकर सुपर 8 में जगह बनाने का मौका है। बांग्लादेश ने अपने पहले मैच में श्रीलंका को दो विकेट से हराया था लेकिन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उसके बल्लेबाज अपेक्षाकृत छोटा लक्ष्य हासिल करने में नाकाम रहे थे और उसे चार रन से हार का सामना करना पड़ा था। नीदरलैंड की टीम भी पिछले मैच में दक्षिण अफ्रीका से हार गई थी और वह भी वापसी करने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगी।

**टीम इस प्रकार हैं**

बांग्लादेश : नजमुल हुसैन शंटो (कप्तान), तस्कीन अहमद, लिटन दास, सौम्या सरकार, तनजीद हसन तमीम, शाकिब अल हसन, तौहीद हृदोय, महमूद उल्लाह रियाद, जैकर अली अनिक, तनवीर इस्लाम, शाक महेदी हसन, रिशाद हुसैन, मुस्तफिजुर रहमान, शोरीफुल इस्लाम और तनजीम हसन साकिब।

नीदरलैंड : स्कॉट एडवर्ड्स (कप्तान), आर्यन दत्त, बास डी लीडे, काइल क्लेन, लोगन वैन बीक, मैक्स ओ'डॉड, माइकल लेविट, पॉल वैन मीकेरेन, रयान क्लेन, साकिब जुल्फिकार, सिब्रांड एंजेलब्रेच, तेजा निदामनुरु, टिम प्रिंगल, विक्रम सिंह, विव किंगमा और वेस्ले बैरेसी।

### दुनिया में रोनाल्डो जितना खतरनाक कोई खिलाड़ी नहीं : सुनील छेत्री



**नई दिल्ली।** यूरो कप 2024 नजदीक है और पिछले दो दशकों की तरह इस बार भी सबकी नजरें क्रिस्टियानो रोनाल्डो पर होंगी, जो पुर्तगाल के सबसे महान खिलाड़ी हैं। 39 वर्षीय खिलाड़ी ने नवंबर 2023 के बाद से कोई अंतरराष्ट्रीय गोल नहीं किया है। इतना ही नहीं उन्हें युवा स्ट्राइकर गोंकालो रामोस ने कई बार टीम में रिप्लेस भी किया। टूर्नामेंट से पहले, भारत के सर्वकालिक शीर्ष स्कोरर और भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान सुनील छेत्री ने आईएएनएस के साथ एक खास बातचीत में टीम में रोनाल्डो की भूमिका और महत्व के बारे में बात की। छेत्री ने आईएएनएस से कहा,मुझे उम्मीद है कि रोनाल्डो अधिक से अधिक मैच खेलेंगे। मैं उन्हें खेलते हुए देखना पसंद करूंगा। हो सकता है कि वह उतनी तेजी से टर्नअराउंड न कर पाएं और डिफेंसिव न खेल पाएं, लेकिन एक बार लय में आने के बाद उनके जैसा खतरनाक खिलाड़ी कोई नहीं है। पुर्तगाल की टीम सितारों से सजी है। वे गेंद को अपने पास रखने में बहुत अच्छे हैं, अधिकतर वे विरोधी टीम पर हावी रहते हैं।

# योगासन खेल से योग एथलीटों व कोच का भविष्य होगा उज्ज्वल : डॉ जयदीप आर्य



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राष्ट्रीय खेल संस्थान पटियाला में योगासन भारत द्वारा द्वितीय राष्ट्रीय कोच प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ है। जिसका शुभारंभ एनएस एनआईएस निर्देशक डॉ कल्पना शर्मा एवं योगासन भारत के महासचिव डॉ जयदीप आर्य द्वारा दीप प्रचलन कर किया गया। जिसमें भारत के सभी राज्यों के योग में प्राप्त विशेष अनुभव 150 से भी अधिक कोचो को शामिल किया गया है, योगाचार्य महेश पाल ने जानकारी देते हुए बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 16 जून 2024 तक चलेगा जिसमें योगासन खेल की बारीकियां के बारे में बॉडी मूवमेंट के बारे में एवं योग के अनुसार आहार शैली कैसी होना चाहिए और बॉडी को किस तरह फ्लैक्सिबल बनाते हुए विभिन्न प्रकार के एडवांस आसनों को सीखते हुए नेशनल और इंटरनेशनल व खेलो इंडिया में योग के खिलाड़ी किस तरह अच्छा परफॉर्मेंस कर सकते हैं। इस विषय से संबंधित विस्तार पूर्वक विशेष ट्रेनिंग दी जाएगी, योगासन भारत, भारत सरकार के युवा मामले एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय खेल महासंघ है। जो ग्राम स्तर से तहसील स्तर जिला स्तर स्टेट और नेशनल स्तर तक के बच्चों को योग के क्षेत्र में उनकी प्रतिभाओं को पहचान कर उनको आगे बढ़ता है और खेलो इंडिया नेशनल गेम्स एशियाई योगासन वर्ल्ड योगासन प्रतियोगिताओं में बच्चों को आगे बढ़ाने का कार्य करता है।

यह महासंघ योगासन खेल से संबंधित लगभग 12 प्रकार योगासन खेल प्रतियोगिताएं आयोजित करवाता है योगासन भारत के महासचिव डॉ जयदीप आर्य ने अपने उद्बोधन में कहा की इस कोचेस ट्रेनिंग प्रोग्राम में जो कोच ट्रेनिंग ले रहे हैं। राष्ट्रीय स्तर की उन कोचेस को विदेश में भी योगासन खेल के माध्यम से ट्रेनिंग और कोचिंग के लिए उन्हें आगे बढ़ाया जाएगा। जिससे कोचेस का भी भविष्य योगासन खेल महासंघ द्वारा उज्जवल हो सके।

# टी-20 विश्व कप : श्रीलंका-नेपाल मैच बारिश के कारण रद्द, दक्षिण अफ्रीका सुपर 8 में

फ्लोरिडा, 12 जून (हि.स.)। बुधवार को फ्लोरिडा के सेंट्रल ब्रोवार्ड रीजनल पार्क स्टेडियम टर्फ ग्राउंड में श्रीलंका और नेपाल के बीच टी 20 विश्व कप 2024 मैच में बारिश के कारण बिना टॉस के रद्द कर दिया गया। दोनों टीमों को इस मैच से एक-एक अंक मिला। इसी के साथ दक्षिण अफ्रीका सुपर 8 चरण के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली टीम बन गई है।

श्रीलंका के सुपर 8 की संभावनाओं को लगा झटका इस बारिश से श्रीलंका को सबसे ज्यादा नुकसान होगा क्योंकि उनके सुपर आठ क्वालीफिकेशन की संभावनाएँ खतरे में हैं। श्रीलंका अपने पहले दो मैच हारने और इस मैच के रद्द होने के बाद ग्रुप डी अंक तालिका में सबसे नीचे है, जबकि नेपाल केवल एक मैच हारने के कारण चौथे स्थान पर है।

श्रीलंका को अब नीदरलैंड के खिलाफ अपना अंतिम मैच जीतना होगा। लेकिन, उनकी किस्मत उनके हाथ में नहीं है क्योंकि अब बांग्लादेश को नेपाल और नीदरलैंड दोनों से हारना होगा। जब नेपाल के लिए क्वालीफिकेशन परिदृश्य की बात आती है, तो उन्हें दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश दोनों को हराना होगा और उम्मीद करनी होगी कि नीदरलैंड अपने अगले दो मैच हार जाए।

# इंडियन ग्रांड प्रिक्स -3 एथलेटिक्स में झारखंड की संघमित्रा ने 3000 मीटर में जीता रजत पदक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारतीय एथलेटिक्स संघ, नई दिल्ली एवं कर्नाटक एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वाधान में 12 जून को कर्नाटक के बंगलोर शहर के कांतिर्वा आउट डोर एथलेटिक्स स्टेडियम में आयोजित इंडियन ग्रांड प्रिक्स -3 में झारखंड की संघमित्रा महथा ने 3000 मीटर में 9:55.60 से. का समय लेते हुए रजत पदक जीता वहीं इस स्पर्धा का स्वर्ण मध्यप्रेदश की आकांक्षा



एवम कांस्य पदक महाराष्ट्र की प्राची देवकर ने जीता । इस उपलब्धि पर भारतीय एथलेटिक्स संघ के कोषाध्यक्ष डॉ मधुकांत पाठक,झारखंड एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष सी.डी.सिंह सचिव एस.के. पांडेय, आलोक मिश्रा,आशीष झा,सुखैर भगत, फादर रामू,राकेश सिंह,बरूण कुमार,किरण रानी साहू, संजय त्रिपाठी,रविंद्र मुर्मू,बंधन टोप्पो, प्रभाकर वर्मा,कोच कोच बिनोद सिंह, योगेश यादव,आशू भटिया, अरविंद कुमार,प्रभात रंजन तिवारी, ,सिकंदर महतो, सरोज कुमार,अजीत साहू,अजय नायक, रनवीर सिंह, मुकुल टोप्पो,शशांक भूषण सिंह समेत संघ के पदाधिकारियों ने संघमित्रा महथा को बधाई दी ।

### रिजवान के नाम जुड़ा शर्मनाक रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान ने टी20 विश्व कप के ग्रप ए मैच में कनाडा के खिलाफ 7 विकेट से जीत दर्ज की। इस जीत में मोहम्मद रिजवान ने इस दौरान अर्धशतक लगाकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। हालांकि इस दौरान उनके नाम एक शर्मनाक रिकॉर्ड भी दर्ज हो गया है। रिजवान टी20 विश्व कप में सबसे धीमा अर्धशतक लगाने वाले प्लेयर बन गए हैं। रिजवान ने कनाडा के खिलाफ 53 गेंदों पर 2 चौकों और एक छक्के की मदद से 53 रन बनाए और अर्धशतक के लिए 52 गेंदें ली। यह टी20 विश्व का सबसे धीमा अर्धशतक है। इससे पहले टी20 विश्व कप में सबसे धीमे अर्धशतक का रिकॉर्ड डेविड मिलर के नाम था जिन्होंने नीदरलैंड के खिलाफ 50 गेंदों में फिफ्टी बनाई थी। बड़ी बात यह है कि मिलर ने भी न्यूयॉर्क में ही सबसे धीमा अर्धशतक लगाया था।



## व्यापार/लाइफ व साइंस



# सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना रहेगा भारत : वर्ल्ड बैंक

**एजेंसी। नई दिल्ली**

वर्ल्ड बैंक की ओर से कहा गया है कि भारत अगले तीन साल में 6.7 प्रतिशत की विकास दर से आगे बढ़ेगा। मजबूत घरेलू मांग, निवेश में उछाल और सर्विसेज सेक्टर में अच्छी गतिविधि के चलते भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना रहेगा। 'ग्लोबल इकोनोमिक प्रोस्पेक्ट्स' रिपोर्ट में वर्ल्ड बैंक ने वित्त वर्ष 2025 में भारत के लिए अपने विकास पूवार्नुमान को 6.6 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। इसने कहा कि भारत दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ने वाला देश बना रहेगा, हालांकि इसके विस्तार की गति थोड़ी धीमी हो सकती है। वर्ल्ड बैंक ने कहा, वित्त वर्ष 2023-24 में अच्छी विकास दर के बाद, वित्त वर्ष 2024-25 से अगले तीन वित्तीय वर्षों के लिए औसतन 6.7 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है। वित्त वर्ष 2026 और वित्त वर्ष 2027 के लिए वर्ल्ड




बैंक ने भारत की अर्थव्यवस्था के क्रमशः 6.7 प्रतिशत और 6.8 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान लगाया है। वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट में कहा गया है, कृषि उत्पादन में सुधार और मुद्रास्फीति में गिरावट से निजी खपत वृद्धि को लाभ मिल सकता है। चालू व्यय को कम करने के सरकार के लक्ष्य के अनुरूप सरकारी खपत में थोड़ी धीमी हो सकती है। इससे पहले अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने 2024-25 के लिए भारत के विकास पूवार्नुमान को 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया था। आरबीआई ने पिछले हफ्ते चालू वित्त वर्ष के लिए भारत के जीडीपी विकास पूवार्नुमान को 7 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत कर दिया। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि 2024-25 की पहली तिमाही में जीडीपी वृद्धि 7.3 प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 7.2 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 7.3 प्रतिशत और अंतिम तिमाही में 7.2 प्रतिशत रहने की संभावना है। भारतीय अर्थव्यवस्था ने जनवरी-मार्च तिमाही में 7.8 प्रतिशत की मजबूत जीडीपी वृद्धि दर्ज की है, जबकि पूरे साल 2023-24 के लिए विकास दर 8.2 प्रतिशत है। यह वित्त वर्ष 2022-23 में 7 प्रतिशत थी।

### ऑल टाइम हाई लगाने के बाद 23,400 के नीचे निफ्टी बंद

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार के लिए बुधवार का कारोबारी सत्र उतार-चढ़ाव भरा रहा। बाजार के करीब सभी सूचकांक लाल निशान में बंद हुए हैं। निफ्टी 58 अंक या 0.25 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,322 अंक पर बंद हुआ है। कारोबारी सत्र के दौरान नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के मुख्य बेंचमार्क ने 23,441 का नया ऑल टाइम हाई बनाया, जो कि पहले 23,411 था। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का बेंचमार्क सेंसेक्स 149 अंक या 0.20 प्रतिशत बढ़कर 76,606 अंक पर बंद हुआ। छोटे और मझोले शेयरों में जबरदस्त खरीदारी देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 559 अंक या 1.02 प्रतिशत बढ़कर 54,226 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 216 अंक या 1.23 प्रतिशत बढ़कर 17,788 पर बंद हुआ। सेक्टर के हिसाब से देखें तो पीएसयू बैंक, मेटल, मीडिया, एनर्जी, इन्फ्रा, हेल्थकेयर और पीएसई बढ़कर बंद हुए हैं।

# भारतीय वायुसेना में संगीतकार के पदों पर शुरू हुए आवेदन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय वायु सेना ने 01/2025 सेवन योजना के तहत अग्निवीरवायु (संगीतकार) के पदों पर भर्ती निकाली है। इन पदों के लिए अविवाहित भारतीय पुरुष और महिला उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के इच्छुक उम्मीदवार 05 जून (रात 11 बजे) तक अग्निवीरवायु की ऑफिशियल वेबसाइट पर अपने फॉर्म जमा कर सकते हैं। 03 से 12 जुलाई तक 3 एएससी सी/ओ एएफ स्टेशन कानपुर और 7 एएससी, नंबर 1 कब्बन रोड, बेंगलुरु में भर्ती परीक्षा आयोजित करवाई जाएगी।

इस भर्ती परीक्षा के तहत आवेदक को अंग्रेजी लिखित परीक्षा, शारीरिक फिटनेस परीक्षण क और क्क संगीत वाद्ययंत्र बजाने में दक्षता परीक्षण, अनुकूलन क्षमता



परीक्षण-II और चिकित्सा नियुक्तियों में पास होना होगा। वहीं आप अधिक जानकारी के लिए ऑफिशियल वेबसाइट पर भी विजिट कर सकते हैं।

**क्वालिफिकेशन और आयु**

आवेदन के इच्छुक उम्मीदवार सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त स्कूल से मैट्रिकुलेशन या कक्षा 10 या इसके समकक्ष कक्षा पास होने चाहिए। वहीं 02 जनवरी 2004 और 2 जुलाई 2007 (दोनों दिन सम्मिलित) के बीच जन्मे उम्मीदवार इस भर्ती के लिए आवेदन कर सकते हैं।

**योग्यता**

आवेदन करने वाले उम्मीदवार को पिच, टेम्पो और एक पूरा गाना गाने में सटीकता के साथ संगीत में दक्षता हो। वह प्रारंभिक धुन और किसी भी नोटेशन पर प्रदर्शित कर सकें। जैसे- टैबलेचर/टॉनिक सोल्फा/स्टाफ नोटेशन/ हिंदुस्तानी/कर्नाटक आदि।

### महंगा हुआ सोना

**नई दिल्ली।** घरेलू सराफा बाजार में आज सोना एक बार फिर महंगा हो गया है। हालांकि आज चांदी के भाव में गिरावट दर्ज की गई है। आज देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 72,500 रुपये से लेकर 71,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 66,460 रुपये से लेकर 65,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोना के विपरीत चांदी के भाव में आज कमजोरी आई है। आज की गिरावट के कारण दिल्ली सराफा बाजार में चांदी 90,400 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 72,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 66,010 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 71,850 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 65,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# सरकार का इंफ्रास्ट्रक्चर और मैन्युफैक्चरिंग पर जारी रहेगा जोर : विकास खेमानी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

गठबंधन सरकार बनने से हमारी निवेश रणनीति बदलने वाली नहीं है। हमारा मानना कि आने वाले समय में बड़े सुधार देखने को मिलेंगे और सरकार का इन्फ्रास्ट्रक्चर और मैन्युफैक्चरिंग पर जोर जारी रहेगा। ये कहना है कि कार्नेलियन एसेट मैनेजमेंट के संस्थापक विकास खेमानी का।

एक मीडिया रिपोर्ट में खेमानी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि उन्हें अगले पांच वर्ष में क्या करना है। नई कैबिनेट में भी कोई बड़ा



फेरबदल नहीं किया गया है, जो कि दिखाता है कि सरकार की नीतियां निरंतरता जारी रहेगी। बाजार के लिए ये एक काफी सकारात्मक संदेश है। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि सरकार का इन्फ्रास्ट्रक्चर और मैन्युफैक्चरिंग पर जोर जारी रहेगा। प्रधानमंत्री मोदी भी कई बार आत्मनिर्भर बनने की बात कह चुके हैं। मुझे लगता है कि अहम सेक्टर जैसे पावर और इन्फ्रास्ट्रक्चर में जो सुधार चल रहे हैं, वे जारी रहेंगे। मेरा फोकस पावर पर ज्यादा होगा, क्योंकि भारत में अगले कुछ वर्षों में बिजली की अधिक जरूरत होगी। इसके अलावा मेरा फोकस इन्फ्रास्ट्रक्चर में पोर्ट और लॉजिस्टिक्स पर होगा, क्योंकि भारत को तेजी से आगे बढ़ने के लिए सरकार यहां काफी कुछ कर रही है।

उन्होंने आगे बताया कि सरकार द्वारा किए गए सुधारों के कारण सरकारी कंपनियों के शेयरों में तेजी बनी हुई है।

बता दें, मोदी सरकार की ओर से पिछले कुछ वर्षों में काफी सुधार किए गए हैं। इसका असर पीएसयू शेयरों पर दिखा है। बीते एक वर्ष में एचएएल ने 164 प्रतिशत, बीएचईएल ने 242 प्रतिशत, बीईएल ने 143 प्रतिशत और एसबीआई ने 45 प्रतिशत का रिटर्न दिया है।

# इंटरनेट सेवा स्टारलिंक अब 100 देशों में : एलन मस्क

**हमारी कनेक्टिविटी में क्रांतिकारी बदलाव लाएगा और विशेष रूप से हमारे युवाओं के लिए नए रास्ते खोलेगा**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने बुधवार को कहा कि सैटेलाइट इंटरनेट सेवा स्टारलिंक अब 100 देशों में मौजूद है।

मस्क ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, स्टारलिंक अब 100 देशों में उपलब्ध है।"अफ्रीका का सिएरा लियोन इस सूची में शामिल होने



वाला 100वां देश बन गया है। यह स्टारलिंक से जुड़ने वाला 10वां अफ्रीकी देश है। स्टारलिंक ने एक्स पर शेयर किया, यह दुनिया भर में 100वां बाजार है जहां स्टारलिंक का हाई-स्पीड लो-लेटेंसी इंटरनेट उपलब्ध है।" सिएरा लियोन के राष्ट्रीय संचार प्राधिकरण ने 2023 में शुरू होने वाले लगभग एक वर्ष के तकनीकी मूल्यांकन के बाद स्टारलिंक के लाइसेंस को मंजूरी दे दी। चीफ मिनिस्टर डेविड मोइनिना सेंगेह ने कथित तौर पर इसे यूनिवर्सल कनेक्टिविटी और शैक्षिक परिवर्तन के सरकार के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। पिछले सप्ताह कंपनी को श्रीलंका से उपग्रह सेवा शुरू करने की मंजूरी दे दी गई थी। राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने कहा कि यह शुरूआत हमारी कनेक्टिविटी में क्रांतिकारी बदलाव लाएगा और विशेष रूप से हमारे युवाओं के लिए नए रास्ते खोलेगा। मई में मस्क ने इंडोनेशिया और फिजी में स्टारलिंक लॉन्च किया था। मस्क के अनुसार, स्टारलिंक के साथ हाई-स्पीड इंटरनेट सेवा का ऑर्डर देने के लिए किसी लॉन्ग टर्म कॉन्ट्रैक्ट की आवश्यकता नहीं है। मस्क ने कहा, "इससे 2 मिनट में ऑनलाइन ऑर्डर करना आसान है। इससे पहले टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क कहा था कि उनका अपना 'एक्स फोन' भी एक संभावित साझेदार के रूप में सैमसंग के साथ आने की संभावना है। उन्होंने कहा था कि इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है। उन्होंने आईफोन और अन्य एप्पल डिवाइस में चैटजीपीटी के इंटीग्रेशन की भी आलोचना की थी। एक एक्स यूजर ने दावा किया था, "एक्स सैमसंग के साथ साझेदारी करके एक एक्स फोन बनाएगा।

## आंध्र प्रदेश और ओडिशा की डबल इंजन सरकार राज्य एवं देश हित में करेगी कार्य : बाबूलाल



**रांची।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने आंध्र प्रदेश में चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व में तथा उड़ीसा में मोहन चरण मांझी के नेतृत्व में बनी राज्य सरकार के शपथ ग्रहण पर हर्ष व्यक्त करते हुए दोनों प्रदेश के मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री सहित प्रदेश की जनता को बधाई एवम शुभकामनाएं दी है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि एनडीए पूरे देश में और मजबूत हो रहा है। जनता नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के स्वप्न को साकार होते देखना चाहती है।भारत के विकास में प्रदेशों का विकास समाहित है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार आंध्र प्रदेश और उड़ीसा की जनता के हित में कार्य करते हुए विकसित भारत बनाने में अपना बहुमूल्य योगदान देगी। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने बधाई एवम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उड़ीसा और आंध्र प्रदेश में एन डी ए सरकार नया सवेरा लेकर आएगी। जिसमें ,समृद्धि और विकास के साथ खुशहाली होगी।

## झारखंड हाई कोर्ट के नए भवन के एक वर्ष पूरे होने पर कार्यक्रम का आयोजन




**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के नए भवन में बुधवार को कामकाज शुरू हुए एक वर्ष पूरा हो गया। कामकाज शुरू होने के पहले वर्षगांठ पर हाई कोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन ने कार्यक्रम आयोजित किए, जिसमें हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस समेत अन्य जस्टिस और बार एसोसिएशन के सदस्य शामिल हुए। पिछले वर्ष 24 मई को नए भवन का उद्घाटन हुआ था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और झारखंड हाई कोर्ट के तत्कालीन चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की मौजूदगी में हाई कोर्ट के नए भवन का उद्घाटन किया था। इसके बाद हाई कोर्ट का नया भवन राज्य को समर्पित कर दिया गया था। इसके बाद गर्मी छुटियां खत्म होने पर 12 जून को न्यायिक कार्य शुरू हुए थे।

## पृष्ठ एक का शेष

**अबुआ आवास, म्यूटेशन और...**

निर्देश दिया। जो अबुआ आवास स्वीकृत हो चुके हैं, वहां इस योजना के तहत शौचालय निर्माण की प्रक्रिया जल्द शुरू हो। राज्य के जिन गांवों को ओडीएफ प्लस घोषित किया गया है, उन गांवों को और बेहतर तथा अन्य सुविधाएं देने की पहल करें। सीएम ने कहा कि राज्य के सभी पंचायत में 10 ड्रील नलकूपों का लक्ष्य निर्धारित है । लेकिन, वर्तमान समय में जल का स्तर काफी नीचे चला गया है । ऐसे में नलकूप लगाने के लिए ड्रीलिंग का काम तब तक किया जाए, जब तक जल स्तर नहीं मिल जाए, इसका ध्यान जरूर रखें, वरना चापाकल लगाने की योजना बेकार हो जाएगी। सभी आंगनबाड़ी केंद्र जो अब तक नल जल से आच्छादित नहीं हैं।

**कुवैत के अपार्टमेंट में लगी...**

भारतीय वहां काम करते हैं।

**इमारत के मालिक को गिरफ्तार करने के आदेश :** कुवैत के आंतरिक मामलों के मंत्री शेख फहद अल-यूसुफ अल-सबा ने पुलिस को मंगफ स्थित इमारत के मालिक को गिरफ्तार करने का आदेश दिया। उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा है कि इस हादसे के जिम्मेदार कंपनी और बिल्डिंग के मालिक हैं। उन्होंने कुवैत प्रशासन और नगर पालिका को इस मामले में सख्त से सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

**कठुआ में मुठभेड़, दूसरा...**

बाद शुरू हुई गोलीबारी में आतंकवादी को मार गिराया गया। सुरक्षाकर्मी धीरे-धीरे घेरा और छोटा करते गए। खुद को घिरता हुए देख आतंकी ने सुबह दस बजे के करीब फिर गोलीबारी की। इसके जवाब में मुठभेड़ शुरू हुई। इस मुठभेड़ में दो आतंकी मारे गए हैं।

**मारे गए आतंकी से भारी मात्रा में हथियार और एक लाख की नकदी बरामद :** सुरक्षा बलों ने चल रही मुठभेड़ स्थल के आसपास हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है। अधिकारी के अनुसार, बरामद हथियारों और गोला-बारूद में 30 राउंड वाली तीन मैगजीन, 24 राउंड वाली एक अन्य मैगजीन, अलग-अलग पॉलीथीन में 75 राउंड, तीन ग्रेनेड, एक लाख रुपये की करेंसी (500 रुपये के 200 नोट), खाने-पीने का सामान (पाकिस्तान में बनी चॉकलेट, सूखे चने और बासी रोटियां), पाकिस्तान में बनी दवाइयां और इंजेक्शन (दर्द निवारक), एक सिरिंज, ए4 बैटरी के 2 पैक और टेप में लिपटा एक हैंडसेट जिसमें एंटीना और हैंडसेट से लटके दो तार शामिल हैं। मंगलवार रात कठुआ की तहसील हीरानगर की गांव सोहले सैडा में आतंकियों ने एक घर में दबिश दी। आतंकियों की फायरिंग में एक व्यक्ति घायल हो गया। उधर, लोगों ने सुरक्षा बलों को सूचना दी। आतंकियों की पुलिस से हुई मुठभेड़ में एक पाकिस्तानी आतंकी मार गिराया गया।

**सीआरपीएफ जवान हुआ बलिदान :** अन्य आतंकियों की तलाश में ऑपरेशन शुरू हुआ। मौके पर पुलिस, सेना, एसओजी, सीआरपीएफ की टीमें पहुंच गई। इलाके की घेराबंदी कर ली गई। अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। अलसुबह करीब तीन बजे यहां आतंकियों के साथ मुठभेड़ में एक सीआरपीएफ का जवान घायल हो गया, जिसे तुरंत इलाज के लिए हीरानगर उपजिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन जवान कबीर दास को बचाया नहीं जा सका। कबीर दास मधयप्रदेश के छिंदवाड़ा के रहने वाले थे। वह 2011 में वे सेना में भर्ती हुए थे।


### परमाणु ऊर्जा केन्द्रीय विद्यालय– जादुगोड़ा

पोस्ट : जादुगोड़ा माईन्स, जिला– पूर्वी सिंहभूम, झारखण्ड–832 102

ATOMIC ENERGY CENTRAL SCHOOL- JADUGUDA

(Under AEES, an Autonomous body, Dept. of Atomic Energy, Govt. of India)

Po: Jaduguda Mines, Dist.: East Singhbhum, Jharkhand. Pin.- 832102

( Affiliated to CBSE Delhi, Affiliation No. 3480002 , School No. - 66237 )

Phone - 0657-2953561 e-mail: aecsjad1@yahoo.com

NO: AECS/J/B-20/2024 May 27, 2024

#### शिक्षकों की आवश्यकता

नीचे उल्लेखित पदों के लिए पूर्णतः संविदा के आधार पर शिक्षकों की आवश्यकता है

जादूगोड़ा, नरवापहाड़ और तुरामडीह में परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम)।

शैक्षणिक वर्ष 2024-2025 के लिए सीबीएसई से संबद्ध स्कूल)।

टीजीटी - सामाजिक विज्ञान, हिंदी/संस्कृत, विशेष शिक्षक, कंप्यूटर विज्ञान, कला और पीईटी

(पुरुष महिला)

पीआरटी - (अंग्रेजी, गणित और विज्ञान)

तैयारी शिक्षक

उम्मीदवार हमारे द्वारा उल्लिखित तिथि और समय पर लिखित परीक्षा के लिए उपस्थित हो सकते हैं आवश्यक दस्तावेज और एक तस्वीर के साथ विज्ञापन। सभी पात्र लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले उम्मीदवारों को उसके बाद कौशल परीक्षा देनी होगी।

अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट पर जाएं www.uraniumcorp.in

(एन.के.ब्लाहटिया)
समन्वयक प्राचार्य
एईसीएस, जादूगोड़ा केंद्र

CBC 48134/12/0002/2425


### कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

Tel :- 06562-231148 Email :- municipalcouncil.medininagar@gmail.com

ज्ञापांक.................. दिनांक..........................

#### –: आम सूचना :–

आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत बिना अनुमति के बोरिंग करना या कराना झारखण्ड नगर पालिका अधिनियम 2011 के उपधारा–209(1) के तहत गैर कानूनी एवं दण्डनीय है। कोई नागरिक अपने आवासीय क्षेत्र/परिसर मे बोरिंग कराना चाहते हैं तो बोरिंग कराने के पूर्व नगर निगम से मो0–3000/– (तीन हजार) का चालान लेने के पश्चात ही बोरिंग कराना सुनिश्चित करेंगे। यदि कोई नागरिक बिना निगम से अनुमति के बोरिंग कराते हुए पकड़े जाते हैं तो उन पर मो0 3,000/–(तीन हजार) रू0 शुल्क एवं 3,000/–रूपये जुर्माना राशि के साथ कुल–6000/–रूपये का चालान कार्यालय में जमा करना होगा। साथ ही सभी बोरवेल एजेंसी को भी सूचना दी जाती है नगर निगम क्षेत्र में बोरिंग करने के पूर्व मेदिनीनगर नगर निगम से प्रति वाहन का रजिस्ट्रेशन कराना सुनिश्चित करेंगे।

सभी बोरवेल एजेंसी को सूचित किया जाता है कि वे आम नागरिको द्वारा किये जाने वाले बोरवेल की अनुमति नगर निगम से प्राप्त करने के उपरांत ही बोरवेल करेंगे अन्यथा पकड़े जाने की स्थिति में न्युनतम 40,000/–(चालिस हजार) रू0 जुर्माना राशि के साथ–साथ रजिस्ट्रेशन निरस्त करते हुए दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी।

ह0/–
नगर आयुक्त–सह–प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 326163 District(24-25)#D

### कार्यालय – जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा।

भारत का सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा
विशेष लोक अदालत 2024
का आयोजन
(दिनांक – 29.07.2024–03.08.2024)

भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 29 जुलाई से 03 अगस्त, 2024 तक विशेष लोक अदालत सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें आपसी सहमति तथा समझौते के आधार पर मामलों का निपटारा किया जाएगा। सभी संबंधित पक्षकारों, अधिवक्ताओं तथा सरकारी–गैरसरकारी प्रतिष्ठानों से अनुरोध है कि इस सुनहरे अवसर का लाभ उठावें। विशेष लोक अदालत में सशरीर अथवा आभासी (Virtual) रूप से शामिल होकर समझौते की प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।

लोक अदालत के फायदे

- त्वरित समझौता और विवादों का निपटारा
- अंतिम और निष्पादन योग्य पुरस्कार
- विवादों का लागत प्रभावी समाधान
- कोर्ट फी की संपूर्ण वापसी

आप अपने निकटतम राज्य/जिला/तालुका कानूनी सेवा प्राधिकरण से भी सम्पर्क कर सकते हैं।

जानकारी वेबसाइट https://ww.sci.gov.in/ पर उपलब्ध है।

सम्पर्क हेतु विवरण
जिला विधिक सेवा प्राधिकार
न्याय सदन, व्यवहार न्यायालय, गढ़वा।
दूरभाष : 9955684686

सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, राँची।

PR 326143 Law(24-25)D

### झारखण्ड सरकार
### पेयजल एवं स्वच्छता विभाग
### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा

#### अतिअल्पकालिन ई–प्रोक्योरमेन्ट सूचना (1st Call)

निविदा सूचना संख्या– DWSD/UWSS/O&M/CH/04/2024-25 दिनांक – 12.06.2024

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| A | Name of Work :- Outsourcing for O&M of Chatra Urban Water Supply Scheme including Cost of Labour Operation, Maintenance of Civil Work, Maintenance of Pipe Line, Maintenance of Mechanical and Electrical Components & Supply of required chemical Period July-2024 to December-20224 Under D.W.&S. Division, Chatra on "TurnKey Basis" for the Year 2024 -25 | | | | |
| | ग्रुप संख्या | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
| 1 | UWSS/O&M/CH/01 | 14.90500 | 0.30000 | 2,500/- | 180 Days |
| B | वेबसाईट पर निविदा प्रकाषन की तिथि | 15.06.2024 समय 02:00 बजे अपराहन तक | | | |
| C | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय | 21.06.2024 समय 05:00 बजे अपराहन तक | | | |
| D | सरकार के सचिव, सूचना प्रौघोगिकी एवं ई0–गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक–120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राषि Online जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 21.06.2024 समय 05:00 बजे अपराहन तक | | | |
| E | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय | 22.06.2024 समय 05:00 बजे अपराहन तक | | | |
| F | तकनीकी बिड खोलने का स्थान | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा। | | | |
| G | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम | ई0 अजय कुमार सिंह कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा। | | | |
| H | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन संख्या | 9431325479, 9931972161 एवं 06541–253273 | | | |
| I | ई–प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्प लाईन नं0 | 0651–2480345 | | | |

नोट – केवल ई निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
अधिक जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

(ई0 अजय कुमार सिंह)
कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा

PR 326124 Drinking Water and Sanitation(24-25)#D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर

#### अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना
#### 2nd Call

**e-Tender Reference No. : WRD/MID/MEDININAGAR/$F_2$-07/2024-25 Dated :- 11/06/2024**

1. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, मेदिनीनगर।
2. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का फोन नं0 और ई–मेल आईडी :– 06562-240100, eemidmed-cemr-jhr@nic.in
3. वेबसाईट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 18/06/2024 ( अपराह्न 04.00 बजे से )
4. वेबसाईट में ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 28/06/2024 ( अपराह्न 12.00 बजे तक)
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 29/06/2024 ( अपराह्न 01.00 बजे)

| क्र0 | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रुपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रुपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | दलदलिया नाला पर चेकडैम निर्माण | मनातू | 51,57,764.42 | 1,03,200.00 | 10,000.00 | 11 माह |

(1) केवल ई–निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
(2) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा ही स्वीकार्य होगी।
(3) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जवाबदेही संबंधित निविदादाता की होगी।
(4) अग्रधन की राशि परिमाण विपत्र की राशि के अनुसार है।
(5) राज्य सरकार के द्वारा निर्गत सभी अद्यतन आदेश/परिपत्र लागु होंगे।
(6) विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **http://jharkhandtenders.gov.in** मेंलॉगआन करें।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर

PR 326103 Minor Irrigation(24-25).D

### पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू।

#### (सर्वसाधारण के लिए सूचना)

हरिहरगंज थाना कांड सं0–06/2020 के प्रा0 अभियुक्त पंकज प्रसुन, पे0 स्व0 लखन प्रसाद, सा0 कमड़े थाना आसाराम गली थाना रातु जिला रॉंची के संबंध में सूचना/जानकारी प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में सूचित करें अथवा निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी छत्तरपुरः– 9431706241
थाना प्रभारी, हरिहरगंजः– 9431706260

पुलिस अधीक्षक,
पलामू।

PR 326156 (Police) 24-25 (D)

### कार्यालय जिला समादेष्टा, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, गढ़वा।

(Email-distcommgarhwa@gmail.com)

#### आवश्यक सूचना

विज्ञापन सं0–01/2023 के अंतर्गत झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, गढ़वा में गृह रक्षकों का नव –नामांकन किया जा रहा है। पूर्व में प्रकाशित औपबंधिक परिणाम के विरूद्ध प्राप्त आपतियों का निराकरण के पश्चात् रिक्तियों के विरूद्ध निम्न सफल अभ्यर्थियों का परिणाम प्रकाशित किया जाता है:–

1. रॉल नं0–GARH/10541 करिश्मा कुमारी राधेश्याम
2. रॉल नं0–URNT/10068 जुही कुमारी,
3. रॉल नं0–URNT/10211 पुजा कुमारी,
4. रॉल नं0–URNT/10219 अरूणी कुमारी

पूर्व में प्रकाशित सफल अभ्यर्थियों तथा उपर्युक्त सफल अभ्यर्थियों का मेडिकल जॉच तथा Document Verification (दस्तावेज सत्यापन) निम्नलिखित तिथियों को किया जायेगा।

| क0सं0 | शहरी/प्रखण्ड का नाम | दस्तावेज सत्यापन की तिथि, समय व स्थान | मेडिकल जॉच की तिथि, समय व स्थान |
|---|---|---|---|
| 1. | रमना, सगमा, मंझिऑव, कांडी, बरडीहा, रंका | दिनांक–14.06.2024, समय–08:30–13:00 बजे तक, पुलिस केन्द्र, गढ़वा। | दिनांक–14.06.2024, समय–11:00–17:00बजे तक, सदर अस्पताल, गढ़वा, |
| 2. | गढ़वा, वंशीधर नगर, विशुनपुरा, मेराल, धुरकी, भवनाथपुर, ,खरौंधी, रमकण्डा, डण्डा | दिनांक–15.06.2024, समय–08:30–13:00 बजे तक, पुलिस केन्द्र, गढ़वा। | दिनांक–15.06.2024, समय–11:00–17:00बजे तक, सदर अस्पताल, गढ़वा, |
| 3. | भण्डरिया, चिनियां, बड़गड़, केतार, डंडई तथा शहरी | दिनांक–18.06.2024, समय–08:30–13:00 बजे तक, पुलिस केन्द्र, गढ़वा। | दिनांक–18.06.2024, समय–11:00–17:00बजे तक, सदर अस्पताल, गढ़वा, |

नोटः–

1. औपबंधिक रूप से चयनित सभी अभ्यर्थी उपरोक्त निर्धारित तिथि को अपने प्रवेश–पत्र के साथ पुलिस केन्द्र, गढ़वा में समय 10:00 बजे पूर्वाह्न में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।
2. ऑन–लाईन आवेदन किये जाने के समय अभ्यर्थी द्वारा अपलोड किये गये सभी प्रमाण पत्र की मूल प्रति एवं स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति लाना अनिवार्य है।
3. रंगीन पासपोर्ट साईज 04 (चार) फोटो (नाम सहित) एवं एक फाईल जिस पर अभ्यर्थी का नाम, क्रमांक,प्रखण्ड का नाम लिखा हुआ लाना अनिवार्य है।
4. निर्धारित तिथि को अनुपस्थित रहने पर आपकी उम्मीदवारी रद्द किये जाने पर गृह रक्षक नवनामांकन समिति द्वारा निर्णय लिया जा सकता है।

ह0/–
पुलिस अधीक्षक–सह–सदस्य,
गृह रक्षक नवनामांकन समिति गढ़वा।

PR 326154 Home(24-25)D

### कार्यालय, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, पलामू
(कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य विकास प्रभाग),
झारखण्ड, सरकार

#### पलामू जिला में दुधारू पशु शिविर का आयोजन
#### गव्य विकास निदेशालय, झारखण्ड, राँची द्वारा सूचीबद्ध दुधारू पशु विक्रेताओं/पशुपालकों के लिए आम सूचना

पलामू जिला अन्तर्गत मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के चयनित लाभुकों के लिए 90%, 75% एवं 50% अनुदान पर दो गाय/पाँच गाय एवं दस दुधारू गाय की योजनान्तर्गत उन्नत नस्ल/शंकर नस्ल का दुधारू गाय/भैंस का क्रय हेतु पूर्व से जिला स्तरीय दुधारू पशु शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

सभी सूचीबद्ध दुधारू गाय/भैंस के इच्छुक विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि पूर्व से जिला पशुपालन कार्यालय परिसर, रेड़मा, मेदिनीनगर में दुधारू पशु शिविर चल रही है एवं नए सूचीबद्ध आपूर्तिकर्त्ता जिला गव्य विकास पदाधिकारी, पलामू से समन्वय स्थापित कर दिनांक– 15.06.2024 तक अधिक से अधिक संख्या में शंकर नस्ल के दुधारू गाय/भैंस के साथ दुधारू पशु शिविर में भाग लें।

लाभुकों के द्वारा दुधारू गाय पसंद करने के उपरांत कम से कम तीन लगातार पाली में अपने सामने दुहाई कर सुनिश्चित हो लेंगे कि गाय प्रतिदिन कम से कम औसतन 12–15 लीटर दूध दे रही है। गाय का कीमत का निर्धारण लाभुक एवं दुधारू गाय विक्रेता के आपसी सहमति से होगा। दुधारू गाय का संगरोध पूर्ण होने उपरान्त ही क्रय–विक्रय का कार्य किया जायेगा।

सभी सूचीबद्ध दुधारू पशु विक्रेताओं से आग्रह है कि सरकार के द्वारा निर्धारित प्रक्रियाओं एवं शर्तों का अनुपालन करते हुए मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत प्रथम/द्वितीय ब्यांत की उन्नत देशी नस्ल यथा साहीवाल, रेड सिंधी, थारपारकर, गीर, एवं संकर नस्ल की दुधारू गायों अथवा उन्नत नस्ल की भैंसों यथा मुर्रा, सुरती, जाफराबादी, मेहसाना आदि को जिला पशुपालन कार्यालय परिसर, रेड़मा, मेदिनीनगर पूर्व से आयोजित दुधारू पशु विक्रय शिविर में आपूर्ति करना सुनिश्चित करेंगे। बिजली एवं पानी की सुविधा जिला पशुपालन कार्यालय परिसर, रेड़मा, मेदिनीनगर द्वारा प्रदान की जाएगी तथा पशु का चारा–दाना एवं उनके रख–रखाव का साधन दुधारू पशु आपूर्तिकर्त्ता के द्वारा स्वयं मेला परिसर में किया जाएगा।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी
पलामू।

PR 326184 Palamu(24-25)D

### GOVERNMENT OF JHARKHAND
### URBAN DEVELOPMENT OF DEPARTMENT
### NAGAR PA NCHAYAT, CHHATTARPUR

#### VERY SHORT TERM TENDER NOTICE NO.- NPC-02/2024-25

| SL. | WARD NO. | REFERENCE NO. SCHEME NAME | ESTIMATE COST | EARNEST MONEY (2% OF ESTIMATE COST) | TENDER FEE | COMPLETION OF WORK |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 15वें वित्त आयोग | | | | | | |
| 1 | 08 | Cosnstruction of PCC Road from H/o Nasrullah Anasari to H/o Shamshad Miyan in ward No. 08 | 913800.00 | 18,276.00 | 5,000.00 | 30 Days |
| 2 | 14 | Construction of PCC Road from H/o Munna Chandrawanshi to H/o Ajay Bhuiyan in ward NO. 14 under nagar paychayat, chhattarpur | 794000.00 | 15,880.00 | 5,000.00 | 30 Days |
| 3 | 10 | Construction of PCC Road from H/o Nagendra Uraon to H/o Samshan ghat in ward No. 10 | 531000.00 | 10,620.00 | 5,000.00 | 30 Days |
| 4 | 10 | Construction of PCC from Saraidih main Road to H/o Sideshwar singh in ward NO. 10 | 670100.00 | 13,402.00 | 5,000.00 | 30 Days |
| शहरी परिवहन मद | | | | | | |
| 5 | 07 | Construction of PCC Road from NH-98 to office of the Nagar Panchayat, chhattarpur in ward No. 07 | 982800.00 | 19656.00 | 5,000.00 | 30 Days |

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विभाग का नामः– | नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड, रॉंची। |
| 1 | विज्ञापनदाता का नामः– | कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, छतरपुर। |
| 4 | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं स्थानः– | प्रकाशन की तिथि से दिनांक-24.06.2024 तक 4:00 अपराह्न तक। स्थान– कार्यालय नगर पंचायत, छतरपुर। |
| 5 | निविदा प्राप्ति की तिथि, समय एवं स्थानः– | दिनांक–25.06.2024, समय– 2:00 बजे अपराह्न तक, स्थान– कार्यालय नगर पंचायत, छतरपुर। |
| 6 | निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थानः– | दिनांक–25.06.2024, समय– 2:30 बजे अपराह्न तक, स्थान– कार्यालय नगर पंचायत, छतरपुर। |
| 7 | हेल्प लाईन नं0– | 7779992012 |

नियम एवं शर्तः–

1. नगर विकास एंव आवास विभाग के अधीनस्त समुचित श्रेणी या एक श्रेणी उपर निबंधित संवेदको से निविदा आमंत्रित की जाती है।
2. निविदा की शर्ते एवं अन्य जानकारीयॉं http://jharkhandtenders.gov.in पर एवं नगर पंचायत कार्यालय, छतरपुर के सूचना पट्ट पर कार्य दिवस में 11:00 बजे पूर्वाहन से 04:30 अपराहन तक देखा जा सकता है।
3. जिन किन्ही भी संवेदक (प्रोपराईटशीप अथवा पार्टनरशीप) फर्म पर का कार्य लम्बित होगा (यानि समयावधि के अन्तगर्त पूर्ण नहीं हुआ है) उन्हें कार्य आवंटन में प्राथमिकता नहीं दी जायेगी।
4. जिन संवेदकों को कार्यालय द्वारा नियमानुसार कार्य आवंटित होने के पश्चात संवेदकों के द्वारा एकरारनामा नहीं किया जाता है तो ऐसी परिस्थिति में उनके द्वारा समर्पित की गई अग्रधन की राशि जब्त कर ली जायेगी।
5. जिन किन्ही भी संवेदको का कार्य लम्बित होगा (यानि समयावधि के अन्तगर्त पूर्ण नहीं हुआ है) उन संवेदको को कार्य आवंटन में प्राथमिकता देने के लिए कार्यालय बाध्य नहीं हो सकती है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, छतरपुर।

PR 326175 (District) 24-25 (D)

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi

Contact No. : 9199533383, 7903835453

Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm

Sunday : 9 am to 2 pm

E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


# कभी सरपंच थे माझी, आज बने ओडिशा के प्रधान

एजेंसी

**भुवनेश्वर।** मोहन चरण माझी ने अपना सियासी सफर सरपंच से शुरू किया था और अंततः ओडिशा के प्रधान (मुख्यमंत्री) बन गए। माझी के नाम का एलान 11 जून को हुई विधायक दल की बैठक में किया गया था। भाजपा ने वरिष्ठ पार्टी नेता राजनाथ सिंह और भूपेंद्र यादव को ओडिशा में विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया था। सीएम चुने जाने के बाद माझी ने कहा कि वह मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद भगवान जगन्नाथ के दर्शन के लिए पुरी जाएंगे।

**भाजपा ने जताया पूरा भरोसा** : चार बार एक ही विधानसभा क्षेत्र से जीत हासिल करने वाले माझी पर इस बार भारतीय जनता पार्टी ने भरोसा जताया और उन्हें ओडिशा का 15वां मुख्यमंत्री नियुक्त किया है। आपको बता दें कि इस बार ओडिशा विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने राज्य में बीजू जनता दल के विजयरथ को रोका और बड़ी जीत दर्ज की। 147 में से 78 सीटों पर जीत हासिल कर भारतीय जनता पार्टी ओडिशा में सबसे बड़ा दल बनकर उभरी। पार्टी ने मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किए बिना पीएम मोदी के नेतृत्व में चुनाव लड़ा था। उधर, बीजू जनता दल को 51 सीटों पर जीत हासिल हुई।

**विधानसभा चुनाव में क्योंझर सीट से जीते** : आदिवासी नेता मोहन माझी ने विधानसभा चुनाव में क्योंझर सीट से जीत हासिल की है। इस चुनाव में उन्होंने बीजू जनता दल की मीना माझी को 11,577 मतों से शिकस्त दी। 52 वर्षीय भाजपा नेता की विधानसभा चुनाव में यह चौथी जीत है। वह पहली बार 2000 में क्योंझर (एसटी) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा के विधायक चुने गए थे। इसके बाद 2004, 2019 और अब 2024 में भी क्योंझर सीट से जीते हैं। माझी ओडिशा विधानसभा में भाजपा के मुख्य सचेतक भी रह चुके हैं।

## ऐसा रहा है सियासी सफर

मोहन चरण माझी का जन्म 1972 में ओडिशा में हुआ था। उनके पिता का नाम गुनाराम माझी है। उनकी शादी डॉ. प्रियंका मरांडी से हुई है और उनके दो बेटे हैं। मोहन चरण माझी ने अपना सियासी करियर एक सरपंच के रूप में शुरू किया था। उन्होंने यह जिम्मेदारी 1997 से 2000 के बीच संभाली। 1997 में उन्हें भाजपा ओडिशा आदिवासी मोर्चा के सचिव की जिम्मेदारी मिली। इसके अलावा मोहन स्थानीय स्तर पर युबज्योति क्लब, रायकला के अध्यक्ष, बाबा धबलेश्वर महादेव मंदिर समिति, रायकला के सदस्य और भाजपा ओडिशा एसटी मोर्चा के महासचिव जैसे पदों पर भी रहे।





1.प्रधानमंत्री मोदी से मिलते ओडिशा के नए सीएम मोहन चरण माझी और 2.राज्यपाल रघुवर दास।

### घोटाला उजागर करने के लिए विस अध्यक्ष पर माझी ने फेंक दी थी दाल

2023 में माझी तब सुर्खियों में आए थे जब उन्होंने 700 करोड़ रुपये के मिड डे मील घोटाले को उजागर करने के लिए अनूठे तरीके से विधानसभा में विरोध किया था। माझी ने तब एक कटोरी बिना पकी दाल स्पीकर की तरफ उछाल दी थी।

### क्योंझर में राइजिंग स्टार क्लब फुटबॉल खिलाड़ी रहे हैं मोहन चरण माझी

हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनाव में मोहन ने अपनी संपत्ति 1.97 करोड़ रुपये घोषित की थी। वह खुद को पेशे से किसान और समाजसेवक बताते हैं। शैक्षिक योग्यता की बात करें तो माझी स्नातक पेशेवर हैं। 1993 में सीएस कॉलेज चंपुआ से बीए किया है। इसके बाद मोहन ने 2011 में ढेंकनाल लॉ कॉलेज से एल.एल.बी. किया है। यात्रा और खेल का शौक रखने वाले मोहन रायकला, क्योंझर में राइजिंग स्टार क्लब के फुटबॉल खिलाड़ी रहे हैं।

# चंद्रबाबू ने भावुक होकर पीएम मोदी को गले लगाया

**विजयवाड़ा।** तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के अध्यक्ष नारा चंद्रबाबू नायडू बुधवार को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद भावुक हो गए। लाखों लोगों और मशहूर हस्तियों की मौजूदगी में राज्यपाल एस अब्दुल नजीर ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके बाद नायडू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गले लगा लिया। दर्शकों की जोरदार जय-जयकार के बीच 74 वर्षीय नायडू ने तेलुगु में पद और गोपनीयता की शपथ ली। प्रधानमंत्री ने उन्हें बधाई देने के लिए गुलदस्ता भेंट किया। नायडू इस दौरान काफी भावुक दिखाई दिए, जब उन्होंने पीएम मोदी को गले लगाया। फिर वो अपनी पत्नी भुवनेश्वरी के बगल में अपनी कुर्सी पर वापस आकर बैठ गए।

2021 में नायडू ने अपनी पत्नी का वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के कुछ विधायकों द्वारा कथित रूप से अपमान किए जाने के बाद विधानसभा से वॉकआउट किया था और तभी उन्होंने कसम खाई थी कि वो एक दिन फिर से मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे।मंत्री पद की शपथ लेने के बाद जन सेना नेता पवन कल्याण अपने बड़े भाई मेगास्टार चिरंजीवी के पास गए और उनके पैर छुए। चंद्रबाबू नायडू के बेटे नारा लोकेश ने मंत्री पद की शपथ ली। टीडीपी महासचिव लोकेश ने अपने पिता, प्रधानमंत्री मोदी और राज्यपाल का आशीर्वाद लिया। विजयवाड़ा के गन्नावरम हवाई अड्डे के पास केसरपल्ली आईटी पार्क में आयोजित समारोह में एनडीए के कुल 24 मंत्रियों ने शपथ ली। मंत्रियों में जन सेना के तीन और भाजपा का एक मंत्री है। इस अवसर पर पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू, भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश एन.वी. रमन्ना, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, जे.पी. नड्डा, नितिन गडकरी, राम मोहन नायडू, पेम्मासनी चंद्रशेखर, चिराग पासवान, किशन रेड्डी, रामदास आठवले, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डी. पुरंदेश्वरी मौजूद थे।

## नायडू ने की भाजपा की तारीफ

तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के प्रमुख चंद्रबाबू नायडू ने बुधवार को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। उन्हें राज्यपाल एस. अब्दुल नजीर ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके अलावा दक्षिण के सुपर स्टार और जनसेना पार्टी के संस्थापक पवन कल्याण ने डिप्टी सीएम पद की शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, नितिन गडकरी, राम मोहन नायडू समेत कई मंत्री शामिल हुए। इसी बीच चंद्रबाबू नायडू का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में वह अपने सहयोगी दल भारतीय जनता पार्टी की तारीफ करते दिखे।





### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीएम चंद्रबाबू नायडू को दी बधाई

नई दिल्ली, 12 जून (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को एन. चंद्रबाबू नायडू को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर बधाई दी है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर समारोह की तस्वीरें साझा करते हुए पोस्ट किया, आंध्र प्रदेश की नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुआ।

### 'मेगास्टार ब्रदर्स' का हाथ थामकर प्रधानमंत्री मोदी ने किया जनता का अभिवादन

**विजयवाड़ा।** तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के अध्यक्ष चंद्रबाबू नायडू ने बुधवार को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। उन्हें राज्यपाल एस. अब्दुल नजीर ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। वहीं, दक्षिण के सुपरस्टार और जनसेना पार्टी के संस्थापक पवन कल्याण ने डिप्टी सीएम पद की शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह का एक वीडियो सामने आया है। इसमें पीएम मोदी मंच से चिरंजीवी और पवन कल्याण का हाथ पकड़कर लोगों का अभिवादन करते हैं। मोदी दोनों भाईयों का गले भी लगाते हैं।

# संविधान संशोधन, 400 पार के नारे के दावे से हुआ नुकसान : एकनाथ शिंदे

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव खत्म होने के बाद एनडीए में अब आगामी विधानसभा चुनावों में में नफा - नुकसान के मद्देनजर किचाइन शुरू हो गया है। लोकसभा चुनाव के परिणाम आने , लोक सभा सीटों में कमी आने के बाद महाराष्ट्र के सत्ताधारी गठबंधन में उथल-पुथल है। एक तरह अजित पवार वाली एनसीपी में नोक झोंक की खबरें हैं, तो दूसरी तरफ शिवसेना (शिंदे) गुट में चिंता है। इस दौरान मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बयान दिया है कि बीजेपी और उनके गठबंधन को विपक्ष के संविधान से जुड़े दावे ( भाजपा के कई सांसदों द्वारा बयान देना कि इस लोकसभा चुनाव भाजपा जब दो तिहाई से ज्यादा सीटें जीतेगी तभी कई नियम बदलने के लिए संविधान बदल सकेगी , इसलिए 400 सीटें जीतनी जरूरी है। जिस पर कांग्रेस ने कहा कि भाजपा 400 पार सीटें जीती तो संविधान बदल देगी, आरक्षण खत्म कर देगी।) और 400 पार के नारे के रहते हार का सामना करना पड़ा है। शिंदे ने मुंबई में एक बैठक में कहा कि चुनावों के दौरान हमें कुछ जगहों पर हार का सामना करना पड़ा, इसकी वजह गलत बयानबाजी किया जाना था। सीएम शिंदे ने कहा, ह्वविपक्ष ने गलत बयानबाजी की कि संविधान में बदलाव किया जाएगा और आरक्षण खत्म किया जाएगा ।लेकिन वास्तव में ऐसा कुछ नहीं होने वाला था। हमारे 400 पार नारे ने गलत धारणाएं पैदा की और लोगों के मन में आशंकाएं पैदा कीं कि भविष्य में यह मुद्दा बनेगा।ह्वमालूम हो कि शिंदे की शिवसेना ने 15 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ा और उनमें से 7 पर जीत हासिल की, जबकि भाजपा ने राज्य में 28 सीटों पर चुनाव लड़कर 9 सीटें जीतीं। इस बारे में शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) नेता संजय राउत ने कहा कि महाराष्ट्र में भाजपा को जो नुकसान हुआ है, वह अजित पवार और एकनाथ शिंदे की वजह से हुआ है। राउत ने आगे कहा, एकनाथ शिंदे ने पैसे और पुलिस की ताकत से 7 सीटें जीती हैं। 400 पार का नारा नरेंद्र मोदी ने दिया था। क्या उनमें इतनी हिम्मत है कि वे जाकर उनसे कहें कि यह नारा गलत था ?ह्वराउत ने महाराष्ट्र से जुड़ी बड़ी खबरों में यह भी है कि शरद पवार की एनसीपी में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। एक बैठक के दौरान पार्टी के नेता रोहित पवार और प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल के बीच नोक-झोंक की बात भी सामने आई है।

# जी7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने इटली जाएंगे पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** लगातार तीसरी बार पदभार ग्रहण करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को इटली की यात्रा पर जाएंगे। यहां वो 13-15 जून तक पुगलिया में आयोजित होने वाले जी7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। प्रधानमंत्री मोदी इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के न्योते पर शुक्रवार को जी7 शिखर सम्मेलन के आउटरीच सत्र में हिस्सा लेंगे। विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने कहा, ₹यह यात्रा प्रधानमंत्री मोदी को जी7 शिखर सम्मेलन में मौजूद दूसरे विश्व नेताओं के साथ भारत और ग्लोबल साउथ के लिए कई अहम मुद्दों पर बातचीत करने का अवसर प्रदान करेगी। यह 11वीं बार होगा जब भारत जी7 शिखर सम्मेलन में भाग लेगा और इसमें प्रधानमंत्री मोदी की लगातार पांचवीं भागीदारी होगी।

# देश के नागरिकों के लिए जीवनयापन आसान बनाएगी सरकार : सीतारमण

- *प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को पूरा करने के लिए तदनुसार नीति निर्माण की अपील की*

एजेंसी

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि सरकार अपने नागरिकों के लिए जीवनयापन आसान बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा वह इस दिशा में और कदम उठाएगी। मोदी सरकार 3.0 में एक बार फिर वित्त मंत्रालय का कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने यह बात कही। सुबह नॉर्थ ब्लॉक पहुंचने पर वित्त सचिव टी.वी. सोमनाथन और वित्त एवं कंपनी मामलों के मंत्रालयों के अन्य सचिवों ने उनका स्वागत किया तथा मौजूदा नीतिगत मामलों की जानकारी दी।



## नितिन गडकरी ने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय का कार्यभार संभाला

**नई दिल्ली।** नितिन गडकरी ने बुधवार को सड़क परिवहन एवं



राजमार्ग मंत्रालय के मंत्री का कार्यभार संभाल लिया। उनके साथ राज्यमंत्री अजय टम्टा और हर्ष मल्होत्रा भी मौजूद रहे। लगातार तीसरी बार नितिन गडकरी को सड़क परिवहन मंत्रालय की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इससे पहले उन्होंने वर्ष 2014 और 2019 में भी इस मंत्रालय का कार्यभार संभाला था। गडकरी ने मंत्रालय का कार्यभार संभालने के बाद 'एक्स' पोस्ट पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का धन्यवाद किया।

# विदेश राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन सिंह कुवैत जाएंगे

**नई दिल्ली।** कुवैत में आग की घटना में कई भारतीय कामगारों की मौत और घायल होने के बाद आवश्यक समन्वय के लिए विदेश राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन सिंह इस मध्य एशियाई देश की यात्रा करेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री के निर्देश के अनुसार विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह आग त्रासदी में घायल हुए लोगों की सहायता की निगरानी करने और मारे गए लोगों के अवशेषों को शीघ्र स्वदेश वापस लाने के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय करने के लिए कुवैत की यात्रा करेंगे। उल्लेखनीय है कि दक्षिणी कुवैत के मंगफ शहर में बुधवार तड़के एक कंपनी के श्रमिक शिविर में भीषण आग लगने से 45 प्रवासी श्रमिकों की मौत हो गई और कम से कम 50 लोग झुलस गए।

दौरा

## प्रधानमंत्री मोदी की तरह मैं भगवान द्वारा निर्देशित नहीं हूं, मैं एक साधारण इंसान हूं

# राहुल ने कहा- दुविधा में हूं किसे चुनूं, वायनाड या रायबरेली

- *राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश के रायबरेली और केरल के वायनाड दोनों जगह से जीत हासिल की है*

एजेंसी

**कोझिकोड।** जनता का आभार जताने केरल के वायनाड पहुंचे कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि वह दुविधा में हैं कि उन्हें कौन सी सीट छोड़नी चाहिए और कौन सी रखनी चाहिए। वायनाड या रायबरेली। इससे पहले राहुल गांधी सुबह कोझिकोड हवाई अड्डे पर पहुंचे और मलप्पुरम जिले के एडवाना के लिए रवाना हुए, जो उनके निर्वाचन क्षेत्र का हिस्सा है। यहां उनका जोरदार स्वागत किया गया। जीत के बाद अपनी पहली सार्वजनिक सभा में उन्होंने कहा कि वह वायनाड और रायबरेली को लेकर दुविधा में हैं। गांधी ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी की तरह मैं भगवान द्वारा निर्देशित नहीं हूं... मैं एक साधारण इंसान हूं। भगवान ही सब निर्णय लेते हैं। मेरे भगवान भारत के गरीब लोग हैं। मेरे भगवान वायनाड के लोग हैं। मैं आपसे बात करूंगा। मैं वायनाड और रायबरेली की जनता से जो वादा करूंगा... मैं जो भी फैसला लूंगा... आप सभी खुश होंगे। गांधी ने लगातार दूसरी बार वायनाड सीट आसानी से जीत ली, लेकिन कम अंतर से। 2019 में वो 4.37 लाख से जीते थे लेकिन इस बार वो 3.64 लाख वोट से जीते हैं। वह अपनी दूसरी सभा को भी करेंगे और बाद में दिल्ली लौट आएंगे।



राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश के रायबरेली और केरल के वायनाड दोनों जगह से जीत हासिल की है। उन्हें दो में से एक सीट खाली करना होगा।

इससे पहले राहुल गांधी मंगलवार को रायबरेली गए थे। इस दौरान उन्होंने जनता का आभार जताते हुए केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला था। उनके साथ प्रियंका गांधी भी थीं।

राहुल गांधी ने कहा था कि अगर उनकी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा वाराणसी लोकसभा सीट से चुनाव लड़तीं तो वह प्रधानमंत्री मोदी को दो से तीन लाख वोटों से हरा देती। राहुल गांधी रायबरेली लोकसभा सीट से बड़े अंतर से चुनाव जीतने में सफल रहे हैं। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह को करारी शिकस्त देकर अपने पारिवारिक गढ़ को बरकरार रखा है।

# गाजा में युद्ध विराम समझौता लागू होने की ब्लिंकन को उम्मीद

एजेंसी

**यरूशलेम।** अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा है कि गाजा संघर्ष में युद्ध विराम के प्रस्ताव का हमास द्वारा स्वागत करना एक अच्छा संकेत है। इजरायल के कान टीवी न्यूज की एक रिपोर्ट के अनुसार, ब्लिंकन ने यह टिप्पणी हमास के वरिष्ठ प्रवक्ता सामी अबू जुहरी द्वारा मंगलवार को यह कहे जाने के बाद की कि उसने युद्ध विराम प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। ब्लिंकन फिलफाल युद्ध विराम समझौते को लेकर मिडिल ईस्ट की यात्रा पर हैं। इससे पहले सोमवार को, हमास ने टेलीग्राम पर एक बयान में कहा कि वह गाजा में युद्ध विराम, इजरायली बलों की पूर्ण वापसी और बंधकों के बदले फिलिस्तीनी कैदियों की अदला-बदली का समर्थन करने वाले संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव का स्वागत करता है।

सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने बताया, ब्लिंकन ने हालांकि गाजा में हमास नेताओं से प्रस्ताव पर साफ तौर पर पुष्टि करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, ₹यही चीज मायने रखती है, जिसकी हमें अभी भी कमी है।

उन्होंने सोमवार रात को इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात की और कहा कि नेतन्याहू ने युद्धविराम प्रस्ताव पर अपनी प्रतिबद्धता की फिर से पुष्टि की है।